ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 13 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-298 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



सनी देओल की 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर ... पेज 10 पर




NEWS इन ब्रीफ

### पति का अपहरण कर हत्या की कोशिश में शामिल पत्नी गई जेल

**मेदिनीनगर।** पति के अपहरण के बाद उसकी हत्या की कोशिश करने वाली आरोपित पत्नी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के विशुनपुरा के रहने वाले उमेश पासवान ने पत्नी सुनीता देवी, पुत्र विकास कुमार, गुड्डू पासवान उर्फ नीतीश पासवान एवं प्रमोद पासवान पर तरहसी थाना में अपहरण के बाद हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। शनिवार को मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। महिला को गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन तेज है। बताया जाता है कि गत नो अगस्त को बेदानी खुर्द गांव में एक मुर्गा फार्म से उमेश पासवान (35) का अपहरण कर उसकी हत्या करने की कोशिश की गई थी। हालांकि पुलिस की तत्परता से उसकी जान बची गयी थी। शुक्रवार शाम इस संबंध में मामला दर्ज कराने के लिए युवक ने थाना में आवेदन दिया है। अपहरण और हत्या का आरोप युवक ने अपनी पत्नी, बेटे और दो अन्य लोगों पर लगाया है। युवक ने यह भी कहा कि उसकी पत्नी का अवैध संबंध गुड्डू पासवान उर्फ नीतीश पासवान के साथ है और अक्सर इसी कारण से उसके साथ मारपीट होती है।

### मेडिकल उपकरण खरीद घोटाला मामले में भानु प्रताप की याचिका खारिज

**रांची।** हाई कोर्ट में अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरण खरीद मामले में आरोपित पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने शनिवार को सभी पक्षों को सुनने के बाद भानु प्रताप शाही की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि क्रिमिनल रिवीजन के लिए याचिका में स्पष्ट ग्राउंड नहीं है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को छूट दी कि वह ट्रायल के दौरान अपनी बातों को अदालत में रख सकता है। भानु प्रताप शाही ने निचली अदालत द्वारा इस मामले में डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। वर्ष 2017 में निचली अदालत ने उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। मामले को लेकर सीबीआई ने कांड संख्या संख्या आरसी 11/ 2009 दर्ज किया था। केंद्र सरकार की स्कीम मेडिकल हेल्थ मिशन के तहत वर्ष 2008-2009 में अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरण की खरीद हुई थी। इस मामले में षड्यंत्र के तहत पैसे लेने का आरोप भानु प्रताप शाही पर लगा है। उस समय भानु प्रताप शाही झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री थे।

## शराब पीने के दौरान आपस में भिड़े थे जेजेएमपी के नक्सली

### पप्पू लोहरा के साथ विवाद हुआ था, इलाके में दहशत का माहौल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर/सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड क्षेत्र के होटाई गांव स्थित करमावाटांड़ टोला के बरगद पेड़ के पास चबूतरा के समीप आपसी वर्चस्व में प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के दो नक्सली मारे जाने की घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग कुछ बोलने से कतरा रहे हैं। जिस स्थल पर घटना को अंजाम दिया गया है, वहां खून के छिटे पड़े हुए हैं। घर की दीवार में भी गोली लगी है। देखने से प्रतीत होता है कि बरगद के चबूतरा के पास जेजेएमपी नक्सली आपस में जमकर गोलीबारी की है। पुलिस ने भी एक दर्जन से अधिक एके 47 का खोखा बरामद किया है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन जनमुक्ति परिषद की आपसी लड़ाई में जोनल कमांडर गणेश लोहरा उर्फ विकास जी और कुख्यात नक्सली संतोष यादव गुरुवार की रात मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार गढ़वा - पलामू की सीमावर्ती इलाके में छोटेलाल एक नया संगठन खड़ा करना चाहता है। छोटेलाल यादव गढ़वा जिले के रामकंडा थाना क्षेत्र के डोल का रहने वाला है। करीब 3 वर्ष पहले नक्सली संगठन जेजेएमपी के नक्सलियों के बीच विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद छोटेलाल को संगठन से बाहर निकाल दिया गया था। इसके बाद छोटे लाल यादव को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार का जेल भेज दिया था। जेल से निकलने के बाद छोटेलाल यादव नक्सली संगठन जेजेएमपी में फिर से शामिल हो गया था। छोटेलाल यादव को संगठन से निकालने जाने के मामले में सुप्रीमो पप्पू लोहरा के साथ विवाद हुआ था। नक्सली संगठन से निकालने का बदला लेने के लिए छोटेलाल और टूनेश मिलकर पलामू और गढ़वा में नया नक्सली संगठन बनाना चाहते हैं। दोनों के पास तीन एके 47 और कई आधुनिक हथियार हैं। मृत नक्सली गणेश लोहरा उर्फ विकास जी पांच लाख का इनामी नक्सली था। गणेश लोहरा ताल पंचायत के मुखिया अनीता लोहरा के पति थे। वे आत्मसमर्पण करने वाले थे।



### दो नामजद नक्सली समेत कई अज्ञात के खिलाफ एफआईआर

**मेदिनीनगर।** जेजेएमपी की आपसी भिड़त मामले में पुलिस ने दो नामजद नक्सली सहित कई अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। नक्सलियों के इस आपसी लड़ाई में दो नक्सली मारे गए थे। दोनों नक्सलियों की पहचान जेजेएमपी के जोनल कमांडर गणेश लोहरा उर्फ विकास जी और हार्डकोर सदस्य संतोष यादव के रूप में की गई। घटना बीते दिन पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के होटाई में हुई थी। पूरे मामले में मृतक नक्सली गणेश लोहरा उर्फ विकास जी के पिता नारायण लोहरा के फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में जेजेएमपी के सब जोनल ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड के 44 पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री पदक से करेंगे सम्मानित

**रांची।** झारखंड पुलिस के 44 पदाधिकारी और कर्मियों को 15 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पदक देकर सम्मानित करेंगे। इनमें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक और वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक शामिल हैं। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से पारसनाथ ओझा को सम्मानित किया जायेगा। सराहनीय सेवा के लिए आईपीएस साकेत कुमार सिंह सहित 35 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। इनमें हवलदार कैलाश प्रसाद, हवलदार सत्येंद्र नाथ, हवलदार राम जन्म प्रसाद, हवलदार तिल प्रसाद जैसी, एएसआई मनोज कुमार दास,



एएसआई सुनील कुमार राय, हवलदार नंदजी यादव, संचमान तमांग, इंस्पेक्टर इम्तियाज अहसन, सूबेदार मेजर देव कुमार राय, एसआई देवनंदन प्रसाद, एसआई रवि रंजन कुमार, एएसआई लालजी तिवारी, मनोज कुमार,रामबली प्रसाद, रंजन कुमार पाठक, भगवान प्रधान, हवलदार गोपाल राम, ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# भाजपा नेता सह व्यवसाई राजेंद्र साहू को मारी गोली

नवीन मेल संवाददाता


**बालूमाथ।** अज्ञात अपराधियों ने पूर्व जिला पार्षद उपाध्यक्ष सह कोयला व्यवसाई राजेंद्र प्रसाद साहू को गोली मार दी। घटना शनिवार लगभग साम 6:00 बजे थाना क्षेत्र के झरिया टोला के पास की है जहां बाइक से आए अपराधियों ने राजेंद्र साव को गोली मार कर फरार हो गए। लोगों ने साहू को आनन फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने साहू को दो गोली मारी है, जो पेट व जांघ में लगी है। अपराधियों को पकड़ने के लिए छापामारी की जा रही है। बता दें कि जब अपराधी राजेंद्र साहू को गोली मारी तो ग्रामीणों को देखते हुए अपराधी बाइक छोड़कर जंगल की ओर भाग गए। उधर पुलिस झरीवा टोला के आसपास जंगली क्षेत्र में छापामारी की जा रही है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। ग्रामीण व राजेंद्र साहू के प्रशंसक अस्पताल से सड़क तक हजारों की संख्या में पहुंचे और अपराधियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। बता दें राजेंद्र साव भाजपा नेता के साथ-साथ कोयला व्यवसाई लंबे समय से रहे हैं। इस दौरान राजेंद्र साहू से अपराधी गिरोह रंगदारी के लिए निरंतर दबाव बना रहे थे। इसको लेकर मगध कोलवरी क्षेत्र के पास बीते वर्ष अमन साहू गिरोह के लोगों ने गोलीबारी भी की थी। जिस घटना में बाल-बाल राजेंद्र साहू बचे थे उससे पूर्व भी नक्सली घटना बालूमाथ उनके स्थित आवास पर घट चुकी है।



## झारखंडः गुरुओं का बड़ा फर्जीवाड़ा, सरकार के ऑनलाइन अटेंडेंस ऐप में लगा दी सेंध

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों के शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस बनाने के सिस्टम में सेंध लगा रहे हैं। ऐसे करीब 1,000 शिक्षक हैं, जो बगैर स्कूल गए अटेंडेंस बना रहे हैं। इसके लिए वे कभी फर्जी जीपीएस लोकेशन क्रिएट कर लेते हैं तो कभी डेट और टाइम की सेटिंग चेंज कर बैक डेट की हाजिरी भी बना लेते हैं। सरकार को महीनों बाद गुरुओं के इस फजीर्वाड़े का पता चला है। उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है। विभाग की जांच में ऐसे 992 शिक्षक चिन्हित किए गए हैं, जो फर्जी लोकेशन से हाजिरी बनाकर ऑनलाइन अटेंडेंस ऐप की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। शिक्षा विभाग को इनकी गतिविधियों पर शक हुआ है, इसके बाद अब मामले की जांच के निर्देश दिये गये हैं। दरअसल, ये शिक्षक लगभग दो महीने से अपने लोकेशन से इधर-उधर हुए बिना अपनी हाजिरी बना रहे हैं। ऐसे शिक्षकों को विभाग ने चिन्हित कर लिया है। शिक्षा सचिव ने इसे लेकर विभिन्न जिलों को निर्देश दिया है। जिलों को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी और राज्य स्तर पर की गयी समीक्षा में पाया गया है कि जीपीएस और समय तथा तिथि में बदलाव कर उपस्थिति दर्ज करायी जा रही है। यह दंडनीय अपराध है। सभी जिलों को ऐसे शिक्षकों की सूची दी गयी है। इनकी जांच करने का भी निर्देश दिया गया है। डीइओ और डीएसई को स्वयं या अपने अधीनस्थ पदाधिकारी से मामले की जांच कराने को कहा गया है। शिक्षक के दोषी पाये जाने पर कार्रवाई कर जानकारी देने का भी निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को ई-विद्यावाहिनी ऐप के जरिये ऑनलाइन उपस्थिति बनाना अनिवार्य है। इसके लिए एक जीपीएस सिस्टम लगा है, जिसके तहत स्कूल के 100 मीटर के दायरे में रहकर हाजिरी बनानी है। लेकिन, शिक्षक दूसरी जगहों से भी उपस्थिति बना रहे हैं। गलत ढंग से उपस्थिति बनाने वाले सबसे अधिक 214 शिक्षक पलामू जिले के हैं। शिक्षा विभाग के विश्लेषण में इसका खुलासा हुआ है कि शिक्षक लोकेशन चेंजर ऐप के सहयोग से लोकेशन बदलकर हाजिरी बना रहे हैं। इससे स्कूल से 100 मीटर से अधिक दूरी होने पर भी शिक्षकों की हाजिरी बन जा रही है।




### हाई कोर्ट ने दिव्यांगों के लिए आरक्षित सीटों पर सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शनिवार को सातवीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा में दिव्यांगों के लिए आरक्षित सात सीटों में से चार सीटों को दूसरे कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरने के खिलाफ दाखिल सदानंद कुमार एवं अन्य की याचिका की सुनवाई हुई। जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार एवं जेपीएससी से पूछा कि दिव्यांगों के लिए आरक्षित सात सीटों में से शेष बची चार सीटों का क्या हुआ? कोर्ट ने इस बिंदु पर जेपीएससी और राज्य सरकार को स्पेसिफिक जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सातवीं से दसवीं जेपीएससी परीक्षा में जो मेरिट लिस्ट आया उसमें से दिव्यांगों के लिए आरक्षित सात सीटों में से तीन सीटों को ही भरा गया। बाकी चार सीटों को जनरल कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरा गया, जो राज्य सरकार के नियमावली के विरुद्ध है। नियमावली के अनुसार यह सभी सात सीटें दिव्यांगों अभ्यर्थियों से भरी जानी चाहिए थी। यदि एलिजिबल अभ्यर्थी नहीं मिलते तो दिव्यांगों की आरक्षित बची सीट को अगले साल के लिए कैरी फॉरवर्ड किया जाना चाहिए था लेकिन जेपीएससी ने ऐसा नहीं किया।

## पेट्रोल पंप लूटकांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार



**चतरा।** चतरा जिले की हंटरगंज थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप लूट कांड का खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें अनुज कुमार यादव, छोटू कुमार, पंकज कुमार पासवान, सूरज पासवान और सतीश कुमार शामिल हैं। इनके पास से पेट्रोल पंप कर्मी से लूटा गया एक मोबाइल, कांड में प्रयुक्त दो देशी कट्टा, दो गोली, विभिन्न कंपनियों का पांच मोबाइल फोन, टीवीएस अपाचे और होंडा शाइन बाइक बरामद किया गया है। चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार ने शनिवार को बताया कि गत तीन अगस्त को हंटरगंज थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप में अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान कर्मियों से मारपीट कर नकदी और मोबाइल की लूट हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए छापेमारी दल का गठन किया गया था। दल ने कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपितों ने घटना में संलिप्तता स्वीकार की है।

## सिटी एसपी शुभांशु जैन सहित दो अधिकारी केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित

**रांची।** रांची के सिटी एसपी शुभांशु जैन और इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह को बेहतर अनुसंधान के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक (मेडल फॉर एक्सीलेंस इन इन्वेस्टिगेशन-2023) से सम्मानित किए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित फ्लैट से 21 जुलाई, 2022 की रात नौ बजे पुलिस को सविता रानी हेम्ब्रम (36), उसकी मां लखीया मुर्मू (60) और सविता की बेटी गीता हेम्ब्रम (13) का शव मिला था। तीनों की धारदार हथियार से हत्या की गयी थी। जमशेदपुर के तत्कालीन एएसपी शुभांशु जैन के नेतृत्व में एसआईटी ने इस तिहरे हत्याकांड का खुलासा किया था। इनके अलावा इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह को नैना हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पदक से सम्मानित किया गया है। जमशेदपुर जिले के बमामाईंस के तत्कालीन थानेदार इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा ने वर्ष 2018 में नैना हत्याकांड का खुलासा किया था। चार वर्षीय नैना की हत्या उसके फुफेरे भाई विक्रम दास ने की थी। उल्लेखनीय है कि देश के 140 पुलिसकर्मियों को वर्ष 2023 में ह्यजांच में बेहतर अनुसंधान के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें 22 महिला पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। सम्मान पाने वाले में सीबीआई के 15, एनआईए के 12, उत्तर प्रदेश के 10, केरल और राजस्थान के नौ-नौ, तमिलनाडु के आठ, मध्य प्रदेश के सात, गुजरात के छह , झारखंड ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

राजनीति

### झारखंड : 'इंडिया' की छतरी के नीचे आसान नहीं 'हम साथ-साथ हैं' का सुर साध पाना

# सीट बंटवारे को लेकर फंसेगा पेंच

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** इंडिया में शामिल पार्टियां हम साथ-साथ हैं का राग अलाप रही हैं। लेकिन, झारखंड जैसे राज्य में भी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान इस एकजुटता पर अडिग रह पाना कतई आसान नहीं होगा। झारखंड में इंडिया के दो सबसे महत्वपूर्ण घटक दल झामुमो और कांग्रेस हैं। राज्य की मौजूदा सरकार की अगुवाई झामुमो कर रहा है, जबकि कांग्रेस दूसरी सबसे बड़ी साझीदार है। ऊपर से दोनों दलों के रिश्ते कमोबेश सामान्य दिखते हैं, लेकिन अंदरूनी तौर पर खींचतान कई मौकों पर साफ दिख जाती है। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर झारखंड सरकार की ओर से रांची के बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में दो दिवसीय भव्य और विशाल आयोजन हुआ।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस आयोजन के केंद्र में रहे, जबकि सरकार में शामिल कांग्रेस के तमाम मंत्रियों की इस कार्यक्रम से दूरी रही। दरअसल, 9 अगस्त को कांग्रेस ने सरकार के आयोजन से इतर रांची में बनहौरा नामक जगह पर आदिवासी समागम कार्यक्रम किया। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सरकार में शामिल कांग्रेस के मंत्री बन्ना गुप्ता, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित कई नेता शामिल रहे। सरकार से अलग कांग्रेस के इस आयोजन को दोनों दलों के बीच किसी मतभेद का नतीजा भले न माना जाए, लेकिन इसके सियासी मायने-मतलब तो हैं ही। इसके पहले भी सरकार के कई फैसलों को लेकर झामुमो और कांग्रेस के बीच असहमति के हालात पैदा होते रहे हैं। राज्य में इंडिया के सामने बड़ी चुनौती लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर पेश आने वाली है। राज्य के मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन में तीन पार्टियां झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में इन तीनों ही पार्टियों ने आपस में सीटों का बंटवारा किया था। अब नवगठित इंडिया अगर झारखंड में एक साथ चुनावी मैदान में जाने का संकल्प लेता है तो गठबंधन की छतरी के नीचे आने वाली पार्टियों की संख्या तीन से बढ़कर पांच से छह हो जाएगी और तब सीटों की हिस्सेदारी-दावेदारी का सवाल बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। राज्य के मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू और वाम पार्टियों की कोई हिस्सेदारी नहीं है। राज्य में फिलहाल जदयू का कोई विधायक नहीं है, जबकि वामपंथी दलों में से सीपीआई-एमएल का मात्र एक विधायक है। नए गठबंधन इंडिया के भीतर जदयू और वाम पार्टियां भी लोकसभा और विधानसभा सीटों पर दावेदारी पेश करेंगी। राज्य में लोकसभा की 14 सीटें हैं, जिनके बंटवारे के लिए इंडिया के घटक दलों के बीच सर्वसम्मत फामूर्ला बना पाना बेहद टेढ़ी खीर होगा। 2019 के चुनाव में यहां चार दलों कांग्रेस, जेएमएम, जेवीएम और राजद का गठबंधन बना तो था, लेकिन सीटों के बंटवारे पर भारी जिच हुई थी। गठबंधन के भीतर कांग्रेस को सात, झामुमो को चार, बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा को दो और राष्ट्रीय जनता दल को एक सीट मिली थी। 13 सीटों पर एकजुटता कायम रही, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल मात्र एक सीट मिलने से संतुष्ट नहीं था। उसने दो सीटों पलामू और चतरा में अपने उम्मीदवार उतार दिए थे। इस बार इंडिया गठबंधन में झामुमो, कांग्रेस और राजद के अलावा जदयू और वाम पार्टियां भी लोकसभा सीटों पर दावेदारी करेंगी। इन पार्टियों की अपनी-अपनी बैठकों में सीटों की दावेदारी-हिस्सेदारी को लेकर चर्चा भी शुरू हो गई है।

कांग्रेस इस बार नौ लोकसभा सीटों पर दावेदारी कर रही है, जबकि पिछली बार वह सात सीटों पर चुनाव लड़ी थी। पार्टी का कहना है कि 2019 में उसने अंदरूनी समझौते के तहत दो सीटें उस वक्त बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा (लोकतांत्रिक) के लिए छोड़ी थी। अब झारखंड विकास मोर्चा विघटित हो चुका है और बाबूलाल मरांडी भाजपा में हैं। उधर झारखंड मुक्ति मोर्चा पांच से छह सीटों पर दावेदारी करने की तैयारी में है, जबकि पिछली बार उसने चार सीटों पर चुनाव लड़ा था। राजद भी कम से कम दो सीटों पर फिर से दावा करने के मूड में है, जबकि गठबंधन में पिछली बार उसे सिर्फ एक सीट देने पर सहमति बनी थी। वामपंथी पार्टियां अपने लिए कम से कम एक सीट चाहती हैं। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## आतंकी हमले में गिरिडीह के जवान अजय कुमार राय शहीद



**गिरिडीह।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपुरा में शनिवार तड़के आतंकियों के साथ हुए मुठभेड़ में गिरिडीह के जवान अजय कुमार राय (28) शहीद हो गए। घटना की जानकारी के बाद गांव में मातम छा गया। उनके पिता राजूराय और माता स्वाती देवी की आंखों के आंसू थम नहीं रहे हैं। शहीद जवान जिले देवरी थाना इलाके के ढेंगाडीह के रहने वाले थे। वे फिलहाल गिरिडीह के सिरसिया के पटेल नगर में परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहे थे। शहीद जवान के घर लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई । बताया गया कि शनिवार सुबह पुलवामा के अवंतीपुरा में आतंकियों ने गोलीबारी कर दी, जिसमें जवान अजय कुमार राय गोली लगने से शहीद हो गये। अजय की 2017 में सीआरपीएफ में पोस्टिंग हुई थी और हाल ही में उनकी ड्यूटी अमरनाथ में लगाई गई थी।

**जवान की शहादत पर मुख्यमंत्री ने जताया दुख :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में झारखंड की माटी के लाल, गिरिडीह के ढेंगाडीह गांव से सीआरपीएफ जवान अजय कुमार राय के शहीद होने की खबर से मन अत्यंत दुःखी है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को ट्वीट कर परमात्मा से दिवंगत अमर वीर शहीद अजय की आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

### शहीद जवान को आज दी जाएगी अंतिम विदाई

बताया गया कि शहीद जवान का पार्थिव शरीर आने के पश्चात रविवार को उनका अंतिम संस्कार ढेंगाडीह (देवरी) में राजकीय सम्मान के साथ होगा। स्थानीय प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है।

NEWS इन ब्रीफ

## राष्ट्रपति से मिले विधायक चंद्रवंशी



**विश्रामपुर।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू से मुलाकात की। महामहिम से विधायक की मुलाकात नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में हुयी। उन्होंने महामहिम को आरसीयू विश्वविद्यालय के शैक्षिण गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही विश्विद्यालय के छात्र-छात्राओ का मनोबल बढ़ाने हेतु विश्रामपुर विश्वविद्यालय में आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने ने राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू को शॉल भेंट किया। विधायक चंद्रवंशी ने कहा कि महामहिम जब झारखंड की राज्यपाल थी,तब से ही उनके साथ स्नेहभरा संबंध था। महामहिम ने विश्रामपुर आरसीयू विश्वविद्यालय आने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

# उपायुक्त से मिला पूर्व सैनिकों का प्रतिनिधिमंडल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को पलामू के नव पदस्थापित उपायुक्त से मिला और उन्हें बुके देकर स्वागत करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में पलामू प्रमंडल में बने एक मात्र कारगिल शहीद स्मारक की मरम्मती, रंग रोगन तथा लाइट की समुचित व्यवस्था करने की मांग की गई है। बताया गया कि उपायुक्त ने वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे ₹मेरा देश मेरी मिट्टी₹ योजना के तहत कारगिल स्मारक का रंग रोगन तथा मरम्मती कराने का भरोसा दिया। उन्होंने पूर्व सैनिकों द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यो की सराहना की। । प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला, पूर्व सैनिक रंजीत सिंह (मुखिया नोडिया पंचायत), पूर्व सैनिक भास्कर दुबे, रंजन रजक दीपक सिंहव अमरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# तेंदुइ में दो गुट आपस में भिड़े दो दर्जन से अधिक घायल

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड अंतर्गत तेंनूडीह गांव में सड़क विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुयी। जिसमें आधे दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जबकि एक की स्थिति नाजुक बनी हुयी है। जिसका इलाज रांची रिम्स में चल रहा है। बताते चले की कुछ दिन पहले सड़क विवाद को लेकर ग्रामीण अंचल कार्यालय पहुंचे थे। जिसके बाद अंचलाधिकारी, राजस्व कर्मचारी तथा अमीन ने स्थल का निरीक्षण कर सर्वे में दिए गए सड़क की नापी की थी। गांव का एक पक्ष उस सड़क का निर्माण चाहता है, तो दूसरे पक्ष ने शर्त रखी है कि गांव में ही एक अन्य सड़क और भी है। जिस पर अवैध तरीके से मकान का निर्माण कराया गया है। उस अवैध कब्जे को भी हटाकर दोनों सड़कों का निर्माण एक साथ कराया जाए। सड़क निर्माण के पक्ष में रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों के लिए यह सड़क अति आवश्यक है। उसी समय हम लोगों पर हमला कर दिया गया। जिसमें हम सभी को काफी गंभीर चोटें आई हैं। इस मामले पर अंचलाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अवैध कब्जे को हटाने के लिए जल्द ही नोटिस निकाला जाएगा। अगर अवैध कब्जा नहीं छोड़ा जाता है तो प्रशासन कार्रवाई करेगी। साथ ही मुखिया पति अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### पीएम आवास योजना में घपला

# पुराने मकान को दिखाकर पूरी राशि निकाल ली गई

## जांच में सामने आया मामला

**पंचायत मुखिया ने उप विकास आयुक्त को लिखित आवेदन देकर स्थल जांच करते हुए दोषी पर कार्रवाई की मांग की थी**

**उप विकास आयुक्त के द्वारा एक टीम गठित कर सभी आवास जांच के क्रम में ग्रामीण एवं मुखिया की शिकायत सत्य पायी गयी**



नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के पंचायत नामूदाग के ग्रामीणों ने मुखिया को लिखित आवेदन देकर पीएम आवास मे पुराने आवास को दिखाकर आठ लाभुकों के पैसा निकासी का मामला प्रकाश में लाया। मुखिया जितेंद्र पासवान ने पलामू उप विकास आयुक्त रवि आनंद कुमार को लिखित आवेदन देकर नामूदाग पंचायत में स्वयंसेवक मुकुंद मुरारी शर्मा के द्वारा डरा धमकाकर पांच हजार से बीस हजार तक राशि आवास लाभुकों से लेकर ये काम किया गया है। **ये मामले हैं :** रूबी देवी पिता सुरेश चौधरी आईडी जेएच 139364277 रूबी देवी पति सहायक शिक्षक हैं उनका लगभग 10 वर्ष पुराना मकान है उनका आवास नहीं बना उसके बावजूद भी पैसा निकासी किया गया। मालती देवी पिता लक्ष्मण राम पीएम ऐवाई आईडी जेएच 2889668 लगभग 15 वर्ष पुराना मकान बना हुआ है नया आवास नहीं बना उसके बावजूद भी आवास के नाम पर पैसा निकासी किया गया। युगल किशोर मिस्त्री पिता महावीर मिस्त्री पीएम ऐवाई आईडी जेएच 139464579। सरस्वती देवी पति संजय चौधरी पीएम ऐवाई आईडी जेएच 139594836, शीला देवी पति अशोक कुमार पीएम ऐवाई आईडी जेएच 143102606, उर्मिला देवी पति रामचंद्र प्रसाद पीएम ऐवाई आईडी जेएच 149744515, संजय बैठा पिता मथुरा बैठा पीएम ऐवाई आईडी जेएच 142875708, सरस्वती देवी पति महेश प्रसाद पीएम ऐवाई आईडी जेएच 145384196। ग्राम नामूदाग सभी लाभुकों ने 6 वर्ष पुर्व कोई 15 वर्ष पूर्व पुराने मकान को दिखाकर स्वयंसेवक के द्वारा सभी लाभकों का पूरा राशि निकाल दी गई। इन सभी आवास को पंचायत मुखिया ने उप विकास आयुक्त को लिखित आवेदन देकर स्थल जांच करते हुए दोषी स्वयसेवक पर कार्रवाई की मांग की थी। उप विकास आयुक्त के द्वारा एक टीम गठित सभी आवास जांच के क्रम में ग्रामीण एवं मुखिया का शिकायत सत्य पाया गया कि ग्राम पंचायत नामूदाग में जिला पीएम आवास कोऑर्डिनेटर मुक्ति अनवर, और अभय कुमार ने स्वय सेवक के द्वारा आवास को गलत तरीके से पुराने आवास को दिखाकर राशि निकाल ली ।इस विषय में जब जिला कोऑर्डिनेटर मुक्ति अनवर से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि जो भी शिकायत है जांच के क्रम में बिल्कुल सत्य पाया गया और फर्स्ट और सेकंड जिओ ट्रैकिंग स्वयंसेवक के द्वारा लाभुकों को मिलीभगत कर पुराने आवास को दिखाकर पूरी राशि निकाली गई है कागजी प्रक्रिया कर विभागीय करवाई की जाएगी।

## बदहाली | लावारिस हालत में पड़ा हुआ है

# लाखों की लागत से बने खेल स्टेडियम का हाल बेहाल



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** चर्चित आदर्श पंचायत राजकीय कृत हीरानंद लक्ष्मी उच्च विद्यालय किशुनपुर के नाम निर्गत जमीन पर लाखो की लागत से बना प्रखंड स्तरीय खेल स्टेडियम लावारिस हालत में पड़ा हुआ है। जब किशुनपुर को आदर्श पंचायत घोषित किया गया था। तब खेलकूद के लिए इस स्टेडियम का शिलान्यास पलामू सांसद बीडी राम के द्वारा कर स्टेडियम का निर्माण कराया गया था। जो अब खंडहर में तब्दील हो गया है। स्टेडियम क ा चेंजिंग रूम खुला अवस्था में पड़ा हुआ है ना उसमें दरवाजा है ना ही कोई खेल सामग्री और अन्य सामान भी नहीं है। चेंजिंग रूम में चारों तरफ गंदगी पसरी हुई है। असामाजिक तथ्यों का अड्डा बना हुआ रहता है। सांसद आदर्श ग्राम बनने पर सांसद बीडी राम के द्वारा पंचायत में युवाओं,बच्चों के खेलकूद के लिए यह ग्राउंड बनवाया गया था। ग्राउंड में बोरिंग करा कर खिलाड़ियों के लिए पानी की भी व्यवस्था की गई थी। वह भी खराब पड़ा हुआ है।

**इस पर क्या कहती है स्कूल के प्राचार्य अनिता कुमारी :** इस संबंध में हाई स्कूल के शिक्षिका अनिता कुमारी का कहना है कि स्कूल के जमीन पर बना है खेल स्टेडियम। स्टेडियम के चेंजिंग रूम कई सामान गायब मिले, कुछ सामानों को प्रशासन की उपस्थिति में जप्त किया गया तथा चेंजिंग रूम से कई सामान गुम हो गए। स्टेडियम की देखरेख करने वाला भी कोई व्यक्ति डिपुट नहीं किया गया था।

## प्रभारी को दी गई विदाई

**पाटन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित आजाद के स्थानांतरण के बाद स्वास्थ्य केंद्र मे साल, अंग वस्त्र अटैची देकर भाव भीन विदाई दी गई। इनका स्थानांतरण गारु मे किया गया।चिकित्सा पदाधिकारी के 2 सालों का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा। विदाई समारोह के उपरांत चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि अपने कार्य निडरता पूर्वक करें। कार्य करने से पीछे नहीं हटे। सही समय का उपयोग करें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, बीपीएम शशिकांत कुमार, डॉ उमेश कुमार सिंह, सरवन कुमार मेहता आनंद महतो जितेंद्र कुमार मेहता कृष्ण कुमार दास,रामाश्रय यादव, चंदन कुमार,उदय चौधरी, जितेंद्र कुमार, समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी एएनएम उपस्थित थे।

## सीएम पशुधन विकास योजना अंतर्गत लाभुकों में बतख चूजों का वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत पाटन वेटनरी अस्पताल में 161 ग्रामीण लाभुकों में 15-15 बत्तख चूजा का वितरण किया गया। प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ मनोज तिवारी, वेटनरी डॉ कुमारी माधुरी, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह ने ये वितरण किया । वितरण समारोह में बीडीओ ने कहा की मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत 90 एवं 75 प्रतिशत अनुदान पर अनुसूचित जाति एवं जनजातियों को बतख चूजा दिया जा रहा है। बतख चूजा पालको को आर्थिक स्थिति में सुधार करने एवं ग्रामीणों स्तर पर इन जातियों को स्व नियोजित कर आत्म निर्भर बनाने में पशु धन योजना काफी महत्वपूर्ण योजना है। प्रमुख शोभा देवी ने कहा की बतख पालको की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता के पशुपालन प्रभाग द्वारा बतख वितरण किया गया।

## तीर्थ यात्रियों की बस को झंडी दिखाकर एनसीपी नेता ने किया रवाना

**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे स्टेशन के समीप स्थित आशुतोष धाम मंदिर प्रांगण से सुल्तानगंज के लिए तीर्थ यात्रियों की बस को झंडी दिखाकर एनसीपी नेता सूर्या सिंह ने रवाना किया। यह बस वासुकीनाथ, तिरकुट पहाड़, राजगीर, देवघर, नवलखा मंदिर, राजगीर, नालंदा, तपवन, बोध गय व तुतला भवानी का भ्रमण कर जपला वापस लौट जायेगी। एनसीपी नेता सूर्या सिंह ने कहा कि बस के मध्यम से तीर्थ यात्रियों को अधिक से अधिक धार्मिक स्थलों पर पहुंचने व दर्शन का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में विभिन्न समुदायों के धर्म स्थलों का दर्शन आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कराने की योजना पार्टी बना रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर जाने से व्यक्ति को शांति मिलती है। यही वजह है कि लोग वर्ष में एक बार ही सही, महत्वपूर्ण धाम की यात्रा जरूर करते हैं। उन्होंने तीर्थ यात्रियों की सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस मौके पर मोनू कुमार, गोपाल प्रसाद, विमलेश सिंह, विनय पासवान, रबिन्द्र कश्यकार उर्फ टंकी , मोनू , हंसराज सिंह, राजकुमार ठाकुर, रमेश प्रजापति, रतन लाल, बलराम मेहता, विमलेश सिंह बीस सूत्री अध्यक्ष हैदरनगर, अजय सिंह, रजनीश सिंह, प्रिंस शर्मा, गिरी राजवंशी, बबन सिंह समेत कई तीर्थ यात्री व नागरिक मौजूद थे।

## विद्यालय में झंडा जागरूकता रैली का आयोजन

**हुसैनाबाद।** माँ शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित शहर के गांधी चौक स्थित श्री माँ बाल विकास विद्यालय व ऊपरी कला होलया रोड स्थित शाखा में घर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर जागरूकता रैली सह झंडा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर से की गयी। इसकी शुरूआत निदेशक जितेंद्र प्रसाद ने भारत माता की जयकारों से की। इसके बाद रैली में शामिल बच्चे भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि जयकारों के साथ लम्बगली, रविदास नगर, मोकरबा रोड, मेन बाजार, मधुशाला रोड, पटेल चौक, गांधी चौक वही ब्रांच के बच्चे जपला छतरपुर मुख्य पथ, ऊपरी कला, गम्हरिया आदि जगहों का भ्रमण करते हुये विद्यालय पहुँचे।


**GARHWA NAGAR PARISHAD, (Govt. of Jharkhand Undertaking)**
Regd. Office: - Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana, Road, Jharkhand

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE FOR DETERMINATION OF RATE**

NIQ. No: GNP-01/2023-24 Date. 11.08.2023

Online Quotations are invited for the work Construction of Proposed Additional Furnishing Works at Multipurpose Cultural Complex For Garhwa Nagar Parishad (Jharkhand) for non-schedule Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, retailers, Distributors, Timber Merchants and others for items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deal all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deal with. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty and carriage. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Term and Condition
1. The quotationer shall furnish PAN, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm, final and unconditional.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

Note :
1 Date of Publication of E-Quotations on Website 14.08.2023
2 Last Date/Time of upload of E-Quotations on Website 23.08.2023 at 05:00 PM
3 Date/Time of opening of E-Quotations 25.08.2023 at 05:00 PM
4 Name & Address of office Inviting E-Quotations Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana, Road, Jharkhand.
5 Helpline Number 8409053313
6 e-mail ID co.gharhwa.np@gmail.com

Any change can be seen on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in.
Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.

Sd/-
Executive Officer,
Nagar Parishad Garhwa.

PR 304593Urban Development(23-24)#D



झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

आम नीलामी सूचना

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहनों (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक – 25.08.2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि आम नीलामी सूचना में उल्लेखित वाहन संबंधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो, वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में दिनांक 24.08.2023 के अपराह्न 5. 00 बजे तक या उसके पूर्व समर्पित कर सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक उल्लेखित राज्यसात वाहनों पर कोई दावा गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नहीं किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि उक्त राज्यसात वाहनों की आम नीलामी द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नांकित है :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/इंजन संख्या/ चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। |
|---|---|---|---|
| 1 | पिकअप | JH19C - 1533 | वन क्षेत्र कार्यालय परिसर, कुटकु वन प्रक्षेत्र। |
| 2 | पिकअप | JH03J – 5123 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस, रंका पूर्वी वन प्रक्षेत्र। |
| 3 | मारुति ओमनी वैन | अनुपलब्ध। | रंका पूर्वी वन क्षेत्र कार्यालय। |
| 4 | हिरो होण्डा पैशन एक्स प्रो मोटरसाईकल | JH14C – 9614 | चिनियाँ वन परिसर कार्यालय, चिनियाँ। |
| 5 | ओमनी भैन | JH02A – 2499 | रंका पूर्वी वन प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस। |
| 6 | बजाज डिस्कवर मोटरसाईकल | CG15CM – 0661 | वन क्षेत्र भण्डरिया कार्यालय कैम्पस। |
| 7 | पिकअप | JH03AJ - 0195 | रंका पश्चिमी वन परिसर, रंका। |

नोट :–
1. विस्तृत सूचना के लिए कार्य दिवस में कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में या दूरभाष संख्या 9341791906 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
2. आम निलामी की शर्तें एवं वाहनों की सूची https://garhwa.nic.in/ एवं https://forest .jharkhand.gov.in/ के website तथा कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 304578 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।

(जिला खेल शाखा)
(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)
(Very Short term Tender Notice)

लोहरदगा जिला अन्तर्गत राज्य की कला संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न सरना टोला मे मांदर (वाद्य यंत्र) हेतु अति अल्पकालीन निविदा दिनांक 20.08.2023 के 11:00 बजे पूर्वा0 तक आमन्त्रित की जाती है।

"अति अल्पकालीन निविदा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है। सीलबंद अति अल्पकालीन निविदा के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 20.08.2023 के 03:00 बजे (अपराह्न) जिलास्तरीय क्रय एंव मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 7489921286 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा। | उप विकास आयुक्त, लोहरदगा। | उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 304565 Lohardaga (23-24)D



समाहरणालय, गढ़वा
(समाज कल्याण शाखा)

सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आम सभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्न विवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आमसभा में उपस्थित होकर चयन कार्यक्रम में भाग लें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ी केन्द्र का नाम | पोषक क्षेत्र में बाहुल्य | रिक्त पद | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गढ़वा | गढ़वा | खड़िया टोला | SC | सेविका | सोमवार 28.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 2 | मेराल | मेराल | गेरूआसोती | MIN | सेविका | सोमवार 28.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 3 | मेराल | मेराल | ओखड़ गाड़ाभुईयाटोला | SC | सहायिका | सोमवार 28.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 4 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | रक्सादिकर | BC1 | सहायिका | सोमवार 28.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 5 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | निमियाडीह | GEN | सेविका | सोमवार 28.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 6 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | फुटहाबांध कुम्बा | ST | सेविका | मंगलवार 29.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 7 | धुरकी | धुरकी | शिवरी | SC | सेविका | सोमवार 28.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 8 | धुरकी | धुरकी | कदवा | SC | सेविका | सोमवार 28.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 9 | धुरकी | रमना | मानदोहर | ST | सेविका | मंगलवार 29.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 10 | धुरकी | रमना | मानदोहर | ST | सहायिका | मंगलवार 29.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 11 | काण्डी | काण्डी | भण्डरिया | SC | सहायिका | सोमवार 28.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 12 | काण्डी | काण्डी | लमारी कला हरिजन टोला | SC | सहायिका | सोमवार 28.08.2023 को अपराहन 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 13 | काण्डी | काण्डी | बलियारी | GEN | सेविका | मंगलवार 29.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 14 | भवनाथपुर | केतार | ताली | BC1 | सेविका | सोमवार 28.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 15 | भवनाथपुर | केतार | हुरका–1 | SC | सहायिका | सोमवार 28.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 16 | भवनाथपुर | खरौंधी | पिपरा | BC2 | सहायिका | मंगलवार 29.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 17 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | बैगाडीह | ST | सहायिका | मंगलवार 29.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 18 | रंका | रमकण्डा | सुली | ST | सहायिका | सोमवार 28.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 19 | रंका | रंका | मानपुर–1 | MIN | सहायिका | सोमवार 28.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 20 | रंका | रंका | खपरो–1 | MIN | सेविका | मंगलवार 29.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 21 | रंका | रंका | चुतरू | MIN | सहायिका | मंगलवार 29.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 22 | रंका | रंका | अनहर | SC | सेविका | गुरूवार 31.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 23 | रंका | रंका | अनहर | SC | सहायिका | गुरूवार 31.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 24 | रंका | रंका | बाहोकुदर | ST | सहायिका | शुक्रवार 01.09.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 25 | रंका | रंका | उचरी–2 | ST | सहायिका | शुक्रवार 01.09.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 26 | रंका | रंका | कंचनपुर | SC | सहायिका | शनिवार 01.09.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 27 | रंका | रंका | हुरदाग | SC | सेविका | शनिवार 02.09.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 28 | भण्डरिया | भण्डरिया | परो | ST | सेविका | सोमवार 28.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 29 | भण्डरिया | भण्डरिया | करचाली | MIN | सेविका | सोमवार 28.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 30 | भण्डरिया | भण्डरिया | फकिराडीह–1 | SC | सेविका | मंगलवार 29.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 31 | भण्डरिया | भण्डरिया | पाट | ST | सहायिका | मंगलवार 29.08.2023 कोअपराह्न 01.00 से 04:00 बजेतक |
| 32 | भण्डरिया | बड़गड़ | काला खजूरी | ST | सेविका | गुरूवार 31.08.2023 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 33 | भण्डरिया | बड़गड़ | कुम्भीकोना | ST | सहायिका | गुरूवार 31.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे त क |
| 34 | मझिऑव | मझिऑव | रानी ताली–1 | ST | सेविका | सोमवार 28.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 35 | मझिऑव | मझिऑव | परहियाडीह | ST | सहायिका | सोमवार 28.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 36 | मझिऑव | मझिऑव | आछोडीह | SC | सहायिका | मंगलवार 29.08.2023 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 37 | मझिऑव | मझिऑव | लोहरपुरवा | OBC | सहायिका | मंगलवार 29.08.2023 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |

PR.NO.304582 Welfare(23-24):D

उपायुक्त, गढ़वा।

# जिला नियोजन कार्यालय में भर्ती कैम्प 16 को




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला नियोजन कार्यालय पलामू के द्वारा आगामी 16 अगस्त 2023 दिन बुधवार को जिला नियोजन कार्यालय परिसर,मेदिनीनगर में एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाएगा। भर्ती कैम्प में क्विज कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी के द्वारा टाटा मोटर्स, जमशेदपुर सहित चार विभिन्न कंपनियों के लिए कुल 570 पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त पदों पर 10वीं,12वीं,आईटीआई, डिप्लोमा होने के साथ-साथ 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 15000 रुपये तक वेतन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं मिलेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि भरती कैंप में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपने बायोडाटा के साथ भरती कैंप में भाग ले सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु अभ्यर्थी जिला नियोजन कार्यालय पलामू में जाकर संपर्क कर सकते हैं।

# कंकारी गांव में राशन डीलरों पर लूट-भ्रष्टाचार के आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर ग्राम पंचायत कंकारी मुन्ना कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कंकारी गांव में राशन डीलरों के द्वारा घोर लूट भ्रष्टाचार मचा हुआ है। यहां के लोकल जनप्रतिनिधियों का संरक्षण इन्हे प्राप्त है। गरीब जनता का हक मारने का काम कर रहा है। उन्होंने डीलर अनुज कुमार सहित अन्य डीलरों पर लोगों को कम राशन देने का आरोप लगाया है। साथ ही उपायुक्त पलामू से मामले को संज्ञान में लेने की अपील की है। उन्होने कहा कि इसकी जांच नहीं हुई तो हम आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे, क्योंकि इस महंगाई में राशन का काटना बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# 6 केंद्रों पर होगी नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा, धारा 144 लागू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से 13 अगस्त दिन रविवार को नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा मेदिनीनगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संचालित होगी। जिसके आलोक में उपायुक्त शशि रंजन ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर को निर्देशित किया। प्रतियोगिता परीक्षा को देखते हुए मेदिनीनगर सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह को उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू लगाने हेतु निर्देशित किया । इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर मेदिनीनगर में उक्त परीक्षाओं के लिए विमला पांडे मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल बैरिया , जनता शिवरात्रि कॉलेज , राजकीयकृत गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय(जिला स्कूल) , बीएन इंटर कॉलेज एवं राजकीयकृत उच्च विद्यालय मेदिनीनगर में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न न हो, इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

## पांकी में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यो का लिया जायजा

# उपायुक्त ने तरहसी व पांकी प्रखंड का किया औचक निरीक्षण

## तरहसी में की विकास योजनाओं की समीक्षा

**पीएम आवास में 95 प्रतिशत से अधिक का कार्य पूर्ण हो गया है : डीसी**

**बीडीओ से प्रखंड कार्यालय में कार्यरत मानव बल व प्रखंड क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र की भी जानकारी ली**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को तरहसी व पांकी प्रखण्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे सबसे पहले तरहसी में संचालित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, आंगनबाड़ी भवन निर्माण आदि की समीक्षा किये। इस दौरान बताया गया कि पीएम आवास में 95 प्रतिशत से अधिक का कार्य पूर्ण हो गया है। इस पर डीसी ने शतप्रतिशत पूर्ण करने पर बल दिया साथ ही मानव दिवस सृजन बढ़ाने की भी बात कही। उन्होंने बीडीओ सच्चिदानंद महतो से प्रखंड कार्यालय में कार्यरत मानव बल व प्रखंड क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र की भी जानकारी ली। तरहसी ब्लॉक के पश्चात उपायुक्त पांकी पहुंचे। यहां उन्होंने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन तथा हॉउस टू हाउस सर्वे कार्य को जिम्मेदारी पूर्वक करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को सफल बनाने में अपना योगदान करने की अपील की। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार,अंचलाधिकारी निर्भय कुमार,सभी बीएलओ व सुपरवाइजर समेत अन्य उपस्थित रहे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### जहां-तहां ब्रेकर बनने से लोग परेशान

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की सड़कों पर लोग मनमाने रूप से जहां-तहां ब्रेकर बनवा दिए हैं। जिस से हर दिन लोग इस ब्रेकर से परेशान हैं। जिस जिस जगह पर ब्रेकर बनाए गए हैं, वहां के लोग बताते हैं कि दिन के समय कितने मोटरसाइकिल वाले ब्रेकर से गिरते नजर आते हैं। लेकिन रात होते ही बड़े-बड़े डंपर ट्रक ब्रेकर को उचकाते चलते हैं। जिससे रात में नींद तो खराब होती ही है, साथ में घर भी दलकता है। जरूरत है जिला प्रशासन और नगर निगम चिन्हित कर ऐसे ब्रेकर को रोड से हटाने की, नहीं तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। इसमें से ज्यादातर ब्रेकर बेलवा टीकर चौक रोड, दो नंबर टाउन रोड, नदी किनारे पंपू कल रोड ज्यादातर लोगों को परेशान के साथ-साथ नुकसान भी पहुंचा रहा है।

# एआइएसएफ के स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एआइएसएफ के स्थापना दिवस पर शनिवार को भगत सिंह और उनके सपनों के भारत पर विचार गोष्ठी सीपीआई के रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि के रूप में भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी , प्रोफेसर एमके खान, वासुदेव , एवं उमेश सिंह चेरो उपस्थित थे। सर्वप्रथम एआइएसएफ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष छात्र नेता सुजीत पांडे उर्फ विदेशी पांडे एवं राहुल कुमार को पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर भाकपा जिला सचिव ने कहा कि आज ही के दिन 12 अगस्त 1936 को एआइएसएफ का स्थापना गुलाम भारत में हुआ था जिसमें छात्रों ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए और शहादत भी दिया। एआईएसएफ का स्वर्णिम इतिहास रहा है। आज जरूरत है उसको निखारने की और शोषण मुक्त समाज की स्थापना के लिए सबको शिक्षा एक समान रोज रोजी-रोटी और मकान के लिए गरीबी अमीरी ऊंच-नीच जात-पात के भेदभाव को खत्म करके भगतसिंह और उनके सपनों के भारत के निर्माण पर बल देना होगा और छात्रों को नई चेतना लाकर वैज्ञानिक समाजवाद के रास्ते चलना होगा। मौके पर एआइएसएफ के जिला अध्यक्ष रजनीश दुबे ने कहा कि एआइएसएफ कमजोर गरीब छात्रों के लिए हमेशा संघर्ष करते आई है एवं मुखर आवाज बनकर काम कर रही है। एआइएसएफ के महासचिव कौशल किशोर ने कहा कि छात्र संगठन का सदस्य रहना गर्व की बात है आने वाला समय में सैकड़ों छात्र संगठन से जुड़ेंगे और पठन-पाठन के कार्यकलापों को मजबूत करने का काम करेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस पर अ.भा.पूर्व सैनिक सेवा परिषद करेगी झंडोत्तोलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र और संचालन महासचिव दिनेश गुप्ता ने किया। बैठक के दौरान हाल ही में संपन्न कारगिल विजय दिवस समारोह के कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा ने कारगिल विजय दिवस समारोह के आय-व्यय का ब्योरा सदस्यों के सामने रखा। जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। कारगिल विजय दिवस समारोह की समीक्षा के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के कार्यालय में दिन के 11:00 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय त्योहार है, इसीलिए परिषद ने पलामू में रहने वाले सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध किया कि अपने मित्रों, परिजनों और परिवार के बच्चों के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस समारोह में सहभागी बनें। आज की बैठक में पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू के संरक्षक शिवजी सिंह, उपाध्यक्ष गिरवर प्रजापति, मार्गदर्शक मंडल के आरसी यादव, कोषाध्यक्ष दया शंकर शर्मा, सचिव समता प्रसाद शर्मा, सचिव शंभू नाथ सिंह, पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह, सचिव ओम प्रकाश दुबे, मुक्तेश्वर कुमार, अशोक कुमार मेहता, कार्डिनेशन अधिकारी रमन श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री हरिहर तिवारी, संगठन सह मंत्री जनार्दन सिंह और विशेष आमंत्रित सदस्य गण विजय प्रसाद सिंह, महावीर प्रसाद पाल, गिरवर मेहता, रामचंद्र भगत, बैजनाथ पाल, तपसी प्रसाद पाल एवं गिरवर मेहता इत्यादि उपस्थित थे।

### सांसद के आदेश पर सांसद प्रतिनिधि ने लगवाया ट्रांसफार्मर

**मेदिनीनगर।** नावा बजार के ग्राम राजदीरिया में विगत दो महीने से ट्रांसफार्मर जला हुआ था। ग्रामीण जनता और स्थानीय मुखिया द्वारा सांसद महोदय से आग्रह किया गया था कि कृषि कार्य और बच्चे लोगों का पठन पाठन कार्य बहुत ही प्रभावित हो रहा है। सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार तिवारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहले ऐसे सांसद मिले है जो जनहित में अनेकों महत्पूर्ण कार्य कर रहे हैं । उनका प्रयास रहता है कि पलामू संसदीय क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई दिक्कत नही हो। आज पलामू संसदीय क्षेत्र में अनेकों महत्पूर्ण विकास कार्य चल रहे हैं। मौके पर मुखिया कमला देवी, भाजपा नेता जगदीश सिंह खेरवार, निर्मल यादव, दामोदर चौधरी, पांसो चौधरी, अरुण गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### फांसी लगाकर 20वर्षीय युवती ने की आत्महत्या,जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के भट्ठी मोहल्ला निवासी विश्वनाथ राम की पुत्री प्रीति कुमारी उम्र करीब 20 वर्ष घरेलू विवाद में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम घर में प्रीति कुमारी का अपनी बहन से कुछ बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी बीच प्रीति घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस आत्महत्या से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद से सदर अस्पताल में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं पुलिस के देख रेख में शनिवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### मौर्या हाउस से पांकी तक निकलेगी तिरंगा यात्रा : विधायक

**मेदिनीनगर।** 77वें स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी को हर घर तिरंगा फहराना है। इस 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने हेतु सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी तथा वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्तागणों की बैठक 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से नीलाम्बर-पीताम्बरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में आयोजित की गई है। इसके पश्चात 12 बजे से मौर्या फार्म हाउस से पांकी तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी पांकी विधायक डा. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने दी है। उन्होंने पार्टी के नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थकों से तय समय पर पहुंच कर बैठक एवं तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की अपील की है ।

# भारत जोड़ो अभियान की राज्य स्तरीय विचार गोष्ठी संपन्न

### फेसबुक की जगह फेस टू फेस लोगों से जुड़े: विजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** भारत जोड़ो अभियान झारखंड इकाई की राज्यस्तरीय सम्मेलन प्रेस क्लब रांची में संपन्न हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी कुमार चंद्र मार्दी ने की संचालन सहिद आलम ने किया।सम्मेलन में झारखंड बिहार बंगाल छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक विजय महाजन ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि फेसबुक के जगह फेस टू फेस लोगों से मिले।आप सब जानते और समझते हैं कि देश अभी किस दौर से गुजर रहा है। मौजूदा केंद्र सरकार अपनी सत्ता को टिकाये और बनाये रखने के लिए सभी सरकारी मशीनरी का निर्लज्जतापूर्वक दुरुपयोग कर रही है। लोकतंत्र को केवल गिनती का खेल बनाया जा रहा है। न्यायपालिका से कभी कोई फैसला जनपक्षीय आ जाता है, पर वह लोकतंत्र का रक्षक बन पायेगा, कहना मुश्किल है। उससे यह उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए, यह दायित्व तो जनता का है। सार्वजनिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण कंपनियों को अडानी और कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को कौड़ी के भाव बेचा जा रहा है। नोटबंदी से बैंक में जमा पैसा, एलआईसी का पैसा पीएफ का पैसा अडानी को सौंप दिया गया। विकास के नाम पर आदिवासी इलाकों को उजाड़ने का काम हो रहा है। ऐसे में जनता से ही उम्मीद की जा सकती है, वही इस परिस्थिति को बदल सकती है। परंतु जनता स्वयं गोलबंद हो नहीं पाती है। यहीं हमारे और आपके जैसे लोगों की भूमिका बनती है। भारत जोड़ो अभियान की झारखंड राज्य स्तरीय कमेटी का निर्माण किया गया जिसमें गीता श्री उराव, कुमार चंद मंडी,नदीम खा, आलोका कुजूर, गणेश रवि, योगेंद्र यादव, सुनीता लकड़ा,अफजल अनीश, बसंत हेतमसरिया, मिथिलेश डांगी, रामदेव विश्व बंधु है।

# पंडवा में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा देश के आजादी के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को पंडवा प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया है। इसके तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालय पंडवा में प्रातः 8:30 बजे, पंडवा थाना में 9:00 बजे, सभी पंचायत सचिवालय प्रखंड पंडवा में एक साथ प्रातः 9:30 बजे, सभी सरकारी विद्यालय प्रखंड पंडवा व सभी बैंक प्रखंड पंडवा में प्रातः 10:00 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। मौके पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि सभी संबंधित लोग निर्धारित समयावधि में झंडोत्तोलन करना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर प्रमुख गीता मेहता,उप प्रमुख धर्मवीर सिंहसहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# तीर्थ यात्रियों की बस को झंडी दिखा कर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जपला रेलवे स्टेशन के समीप स्थित शिव मंदिर प्रांगण से सुल्तानगंज के लिए तीर्थ यात्रियों की बस को झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह बस वासुकीनाथ, तिरकुट पहाड़, राजगीर, देवघर, नवलखा मंदिर, राजगीर, नालंदा, तपवन, बोध गय व तुतला भवानी का भ्रमण कर जपला वापस लौट जायेगी। एनसीपी नेता सूर्या सिंह ने कहा कि बस के माध्यम से तीर्थ यात्रियों को अधिक से अधिक धार्मिक स्थलों पर पहुंचने व दर्शन का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में विभिन्न समुदायों के धर्म स्थलों का दर्शन आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कराने की योजना पार्टी बना रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर जाने से व्यक्ति को शांति मिलती है। यही वजह है कि लोग वर्ष में एक बार ही सही, महत्वपूर्ण धाम की यात्रा जरूर करते हैं। उन्होंने कहा कि जो धार्मिक नहीं उसका जीवन कभी सफल नहीं हो सकता। उन्होंने तीर्थ यात्रियों की सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना की। मौके पर मोनू कुमार, गोपाल प्रसाद, विमलेश सिंह, विनय पासवान, रबिन्द्र कश्यकार टंकी , मोनू जी, हंसराज सिंह राजकुमार ठाकुर, रमेश प्रजापति, रातनलाल, बलराम मेहता, मो सुहैल आलम, विमलेश सिंह बिसूत्री अध्यक्ष हैदरनगर, अजय सिंह, रजनीश सिंह, प्रिंस शर्मा, गिरी राजवंसी, बबन सिंह, समेत कई तीर्थ यात्री व नागरिक मौजूद थे।

## गांव पहुंचा नक्सलियों का शव

# आपसी झगड़े में मारे गये थे दोनों



**दोनों के मारे जाने से नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद को बड़ा झटका लगा है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सदस्यों की आपसी लड़ाई में मारे गये जोनल कमांडर गणेश लोहरा और संतोष यादव का एक लंबा नक्सल इतिहास रहा है। दोनों के शव को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में पोस्टमार्टम किया गया है। गणेश लोहरा 10 वर्ष जबकि संतोष यादव 12 वर्ष से नक्सली संगठन में सक्रिय था। दोनों के मारे जाने से नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद को बड़ा झटका लगा है। जेजेएमपी की आपसी लड़ाई में मारा गया जोनल कमांडर गणेश लोहरा पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के ताल का रहने वाला है। उसकी पत्नी ताल पंचायत से मुखिया है। गणेश लोहरा पिछले 10 वर्ष से नक्सल संगठन जेजेएमपी में सक्रिय था।गणेश के पिता नारायण लोहरा बताते हैं कि दो वर्ष से बेटे से बात नहीं हुई थी। पिता ने कहा कि वह बेटे को बोलता था नक्सली संगठन छोड़ दे लेकिन उसने बात नहीं मानी। कहा कि बचपन में ही बेटा घूमने गया था और दस्ते में शामिल हो गया था।

### संतोष ने किया था प्रेम विवाह

नक्सली संतोष यादव गढ़वा के रामकंडा थाना क्षेत्र के मंगराही का रहने वाला था। संतोष यादव एक दशक पहले तक भाकपा माओवादी का सदस्य था। संतोष के शव को देखने के लिए परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। सात वर्षीय बेटा शव को देखते ही रोने लगा। भाकपा माओवादी में रहने के दौरान ही संतोष ने लातेहार के महुआडांड़ इलाके की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। उसकी पत्नी और बच्चे पलामू के चैनपुर इलाके में रहते थे। संतोष के पिता ने बताया कि माओवादी के साथ रहने के दौरान संतोष चार से पांच बार जेल गया था। जेल से निकलने के बाद वह जेजेएमपी में शामिल हुआ था। दो वर्ष से वह घर पर ही रह रहा था। छह महीने पहले गांव में लकड़ी काटने के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। घटना के बाद संतोष डर गया था और जेजेएमपी के दस्ते में शामिल हो गया था। घटना के बाद सबसे पहले नक्सल संगठन के तरफ से ही परिजनों को सूचना पहुंची थी।

## जिले भर में 'मेरी मिट्टी, मेरा देश' के तहत किया गया कार्यक्रमों का आयोजन

# 75 पौधे लगा की गई अमृत वाटिका की स्थापना











**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत-अरसली (दक्षिणी) में 'मेरी मिट्टी, मेरा देश' कार्यक्रम के तहत मुखिया अनीता देवी एवं पंचायत के प्रतिनिधियों के द्वारा 75 पौधे लगाकर की गई अमृत वाटिका की स्थापना। कार्यक्रम ग्राम पंचायत अरसली (दक्षिणी) के बैगाड़ीह स्थित पियहवा जल सरोवर बांध पर किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों एवं पंचायत के पंचायत समिति सदस्य शकील अहमद उप मुखिया दयानंद यादव एवं कार समिति के सदस्यों, जेएसएलपीएस के सखी मंडल के कार्यकर्ताओं सहित अन्य सामाजिक एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में देश के उन बलिदानियों को याद किया गया जिनकी शहादत के बदले हमें आजादी मिली। साथ ही मेरी मिट्टी मेरा देश मेरा मान मेरा अभिमान के तहत गांव की पवित्र मिट्टी को विधिवत पूजा पाठ कर के कलश में उठाकर पंचायत में कलश यात्रा की गई तथा उक्त कलश को भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय को भेजा गया। मौके पर समाजसेवी सह पूर्व मुखिया सोना किशोर यादव, पंचायत सचिव राजगीर कुमार, रोजगार सेवक शशि कुमार, कनीय अभियंता श्याम कुमार चौधरी, समाजसेवी सुनील यादव, उप मुखिया दयानंद यादव, सुनील गुप्ता, रीना देवी, कौशल्या देवी, पूजा देवी, सरिता देवी, संगीता देवी, कुसुम देवी, ननहक यादव, दूदून सिंह, हरि सिंह, शंकर सिंह, रामप्रसाद साह, उमेश राम, विशेश्वर यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं आजादी के अमृत महोत्सव 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के तहत शनिवार को मकरी व सिंदुरिया पंचायत में पौधे लगाकर अमृत वाटिका की स्थापना की गयी। मकरी पंचायत मुखिया सरीता देवी ने 100 पौधा व अरसली दक्षिणी मुखिया अनीता देवी ने 75 पौधा रोपण हेतु गढा खुदाई व शिलापट का निर्माण कार्य विधिवत पूजा के बाद नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मुखिया सरिता देवी ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार पंचायत में सभी नियमो का अक्षरसः अनुपालन करना सभी देश वासियों का प्रथम कर्तव्य व धर्म है। इसे लेकर पंचायत में बच्चो के साथ रैली, मिटी संग्रह व तिरंगा झंडा निर्धारित तिथि को निकाली जाएगी। वहीं सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक ने कहा कि देश आजादी के 75 वर्ष पुरे होने पर यह कार्यक्रम रखा गया है। देश के बलिदानियों को याद किया गया, जिनके शहादत के बदले हमे आजादी मिली। इस उपलक्ष्य में देश की स्वतंत्रता और संस्कृति को अक्षुण बनाये रखने के लिए शपथ लिए। इस मौके पर पंचायत सचिव भुवनेश्वर सिंह, राजगीर कुमार, अशोक कुमार, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साह, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, बीपीओ तहमिद अंसारी, सुनील पासवान, आदि उपस्थित थे।

### 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम का शुभारंभ

**बड़गड़।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यकर्म 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सभी पंचायतों में तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर परसवार पंचायत के टेंगारी गांव में नुतनलाल तिर्की के खेत मे बने अमृत सरोवर नामक तलाब के पास डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, डीपीएम शहनवाज हुसैन, बीडीओ विपिन कुमार भारती के द्वारा शिलालेख का अनावरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर स्थानिय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा पवित्र मिट्टी कलश में भर कर बीडीओ को सौंपा गया तथा वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर उन्हें सामूहिक रूप से श्रधांजलि दी गई। इस मौके पर देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने हेतु लोगों को बीडीओ ने शपथ दिलाई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों सहित सैकड़ों लोगों ने राष्ट्र गान गया। मौके पर मुखिया जंगलपति लकड़ा, उपप्रमुख दीपिका खलखो, बीससूत्री अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल, पंचायत सचिव एरियल कच्छप, सचित उरांव, कनीय अभियंता प्रिंस कुजूर, बीटीएम जगरनाथ कुमार, पूर्व उपप्रमुख अशोक यादव, सोपान कच्छप, संकर यादव, किनु किस्पोट्टा उपस्थित थे।

### 'मेरी मिट्टी, मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन

**रमना।** 'मेरी मिट्टी, मेरा देश' अभियान के तहत प्रखंड के सभी ग्यारह पंचायतो में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद स्मारिका पट्ट का अनावरण, पौधरोपण, मिट्टी संग्रहन एवं राष्ट्रगान से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गयी। मड़वनिया एवं सिलीदाग पंचायत भवन के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बीडीओ ललित प्रसाद सिंह ने उपस्थित लोगों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से निकाल फेकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता के लिए कर्तव्यवद्ध रहने, नागरिक का कर्तव्य निभाने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का सपना साकार करने की शपथ दिलायी। मौके पर प्रमुख करुणा सोनी, मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सिलीदाग मुखिया अनिता देवी, पंचायत सचिव बिनोद राम, रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार, आलोक तिवारी, जेई मनदीप प्रसाद, दिलीप ठाकुर, ब्रजेश कुमार, अलीजान अंसारी, विवेक पाठक सहित कई लोग मौजूद थे। इधर कर्णपुरा पंचायत अंतर्गत मवि रोहिला के प्रांगण में स्कूली बच्चों के बीच खेल-कूद प्रतियोगित का आयोजन किया गया। इसमें विजयी प्रतिभागियों को मुखिया अजित पांडेय एवं पंचायत सचिव सुरेंद्र सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### कलश में सामूहिक रूप से मिट्टी उठायी

**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग पंचायत भवन पर 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के तहत शनिवार को मुखिया फुलवंती देवी के नेतृत्व में कलश में ढोल बाजे के साथ सामूहिक रूप से मिट्टी उठायी गयी। इस दौरान पंचायत सचिव राजेंद्र राम द्वारा शपथ दिलायी गयी। इसके बाद कलश में सभी लोगों ने मिलकर मिट्टी उठाया। इसके बाद ढोल बाजे के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर प्रखंड कार्यालय में मिट्टी से भरे कलश को जमा किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, बीडीसी नंदू चौधरी, उप मुखिया अविनाश कुमार चौबे उर्फ बिट्ठु, रोजगार सेवक रघुवर राम, प्रणय चौबे, गुलवास अंसारी, कोमल चौधरी, कमल किशोर चौबे, यासीन अंसारी, उषा कुमारी, अर्केश चंद्रवंशी, संतोष चौधरी, नागेंद्र चौधरी, राजू कुमार, सुनील कुमार बैठा, जन्नत अंसारी, राजेंद्र चौधरी, दिवाकर चौबे, नरेश राम, संजय चौधरी, प्रतिमा देवी, सुजंती देवी सहित कई लोग शामिल थे।

### 'मेरी माटी, मेरा देश' के तहत पौधरोपण

**केतार।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मुकुन्दपुर पंचायत के बक्सीपुर गांव में आयोजित किया गया। शहीदों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। नव प्राथमिक विद्यालय बक्सीपुर के ग्राउंड में फलदार और इमारती पौधारोपण किया गया। वहीं लोगों को अधिक से अधिक पौधा लगाने और बचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह, नेहरू युवा केंद्र के प्रखंड समन्वयक रंजना सिंह, सुग्रीव साह, सुनील राम, कृष्णा साह, शम्भू सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, देवेंद्र सिंह, सुनील सिंह, संतोष पासवान, दिवाकर साह, मणिलाल गुप्ता, नवजीवन साह,अल्ताफ अंसारी ,समीम अंसारी,साकिर अंसारी, पप्पू साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आवंटन कटने पर पीडीएस डीलर संघ ने आपूर्ति पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** प्रखंड के जन वितरण प्रणाली डीलर संघ ने शनिवार को अगस्त माह के आवंटन कट जाने के खिलाफ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव को आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से डीलर संघ के अध्यक्ष मानदेव बैठा ने बताया कि प्रखंड के सभी डीलर का ऑनलाइन आवंटन रहते हुए भी अगस्त माह का राशन नहीं मिल रहा है। अगस्त माह का सभी जन वितरण प्रणाली के डीलरों का अगस्त माह का राशन के लिए एस आई ओ बन चुका था लेकिन 12 अगस्त को ऑनलाइन चेक करने पर पता चला कि लगभग मेराल प्रखंड के आधा से अधिक डीलरों का आवंटन शून्य हो गया है जबकि कुछ डीलरों का आवंटन 50 प्रतिशत है जिसके चलते अगस्त माह का राशन लाभुकों को देने में हम सभी डीलर असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी आवेदन देकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से मांग की है कि अगस्त माह में बने एसआईओ के अनुसार राशन उपलब्ध कराया जाए ताकि हम सभी डीलर समय से लाभुकों को वितरण कर सके। इस संबंध में आपूर्ति पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव से पूछे जाने पर बताया कि जिला में सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण राशन की रिपोर्ट गलत शो कर रही है। जिले में सॉफ्टवेयर बनाने का कार्य चल रहा है जो 2 से 3 दिनों के अंदर सुधार कर लिया जाएगा। इसके बाद सभी डीलरों के राशन आवंटन की सही रिपोर्ट दिखने लगेगी। सभी डीलरों को राशन उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर सुनील प्रसाद गुप्ता, विरझन राम, मनोज कुमार, रामलखन बैठा, कृष्ण कुमार सिंह, भरत चौधरी, रामसेवक साव, लालू प्रसाद केसरी, रविंद्र पासवान, नंदू चौधरी, पार्वती देवी, गिरिजा देवी आदि लोग मौजूद थे।

# कट्टा के साथ दो युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मेराल।** पुलिस ने देसी कट्टा के साथ दो युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति में बबलू कुमार उर्फ बबलू चंद्रवंशी उसका भाई विजय कुमार उर्फ विजय चंद्रवंशी पिता सुकन राम दोनो गढ़वा थाना क्षेत्र के उडसुगी गांव के कुशमाहा टोला निवासी है। बबलू कुमार का ससुराल टैटूका काला गांव में है कुछ दिन पूर्व बबलू कुमार का विवाद ससुराल गांव के टैटूका निवासी अरुण कुमार से हुआ था। उक्त विवाद को लेकर दोनों भाई टैटूका काला गांव पहुंचकर पिस्तौल का भय दिखाते हुए अरुण को धमकाया। उक्त मामले में अरुण कुमार ने मेराल थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की थी।

# मझिगावां में कच्चा मकान गिरा, बेघर हुआ परिवार



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** बरसात के मौसम में मझिगावां निवासी वीरेंद्र प्रसाद यादव का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया, जिससे वीरेंद्र प्रसाद यादव घरविहीन हो गया। वहीं कच्चे मकान गिरने से सपरिवार बाल-बाल बच गया। वीरेंद्र ने बताया कि रात्रि अपने घर में खाना खाकर सपरिवार सोये हुए थे तभी अचानक दीवार गिरने की आवाज आयी। किसी तरह जान बचा कर घर से लोग बाहर निकले। बताया कि सरकार की तरफ से आने वाली कोई भी योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला है। वीरेंद्र दैनिक मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। उन्हें अब बरसात के दिनों में रहने के लिए घर नहीं है। उन्होंने सरकार से अविलंब आवास स्वीकृत करने एवं गिरे हुए घर का उचित मुआवजा देने की मांग की है। घर गिरने की जानकारी मिलने पर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने भुक्तभोगी से मिलकर आश्वस्त कराया कि जल्द पदाधिकारियों से मिलकर उचित मुआवजा एवं आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति कराने की मांग करेंगे।

## धर्म-कर्म | जिस पर भगवत कृपा होती है उसी को सत्संग करने का सौभाग्य प्राप्त होता है

# गुरु के माध्यम से ही परमात्मा की प्राप्ति संभव : जीयर स्वामी



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि बिना गुरु का परमात्मा की प्राप्ति संभव नहीं है। गुरु के द्वारा ही परमात्मा की प्राप्ति संभव है, अतः जीवन में गुरु होना अति आवश्यक है। सधे हुए गुरु मिल जाए तो फिर क्या कहना है। साक्षात नारायण का दर्शन है। उन्होंने कहा कि पूरे ब्रह्मांड में सबसे ज्यादा महत्व सत्संग का है। जिस पर भगवत कृपा होती है उसी को सत्संग करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। किसी के भी जीवन में अगर सच्चे संत का दर्शन हो जाए तो पूरा जीवन सफल माना जाता है। जो सात जन्मों में मिलना संभव नहीं है वह एक सच्चे संत के दर्शन मात्र से संभव हो सकता है। इस कलिकाल में संत दर्शन का बहुत ही बड़ा महत्व है। मनुष्य मात्र भगवत प्राप्ति का अधिकारी है। वह प्रत्येक परिस्थिति में भगवान को प्राप्त कर सकता है। परमात्मा की प्राप्ति में देरी नहीं लगती। देरी लगती है, सुख की इच्छा का त्याग करने में। केवल भगवान की इच्छा हो तो भगवान प्रकट हो जाएंगे। अथवा कोई भी इच्छा ना हो तो भगवान प्रकट हो जाएंगे। अधूरापन नहीं होना चाहिए। सच को जानो चाहे मत जानो पर जिसको जानते हो उसका त्याग कर दो। ईश्वर की प्राप्ति हो जाएगी। परमात्मा प्राप्ति में मनुष्य जितना स्वतंत्र है उतना और किसी कार्य में स्वतंत्र नहीं है। परमात्मा प्राप्ति के लिए उपायों की इतनी जरूरत नहीं है जितनी भीतर की लगन की जरूरत है। धन की प्राप्ति में तो क्रिया की मुख्यता है परमात्मा की प्राप्ति मे लालसा की आवश्यकता है।

जीयर स्वामी ने कहा कि संसार के बारे में जानने से बैराग्य हो जाएगा और परमात्मा को जानने से प्रेम हो जाएगा. जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि संसार में जितनी भी दिखने वाली वस्तुएं हैं वे सब नश्वर है। ईश्वर प्राप्ति में यह सब बाधा है,क्योंकि जब तक संसार से बैराग्य नहीं होगा तब तक ईश्वर की प्राप्ति नहीं हो सकती। जब मनुष्य संसार के बारे में हकीकत जान लेगा तो उसे बैराग्य ले लेगा लेकिन जब ईश्वर के बारे में जान लेगा तो उनसे प्रेम हो जाएगा। भगवान की तरफ खिंचाव होने का नाम भक्ति है। भक्ति कभी पूर्ण नहीं होती। प्रत्यूष उत्तरोत्तर बढ़ती ही रहती है। भेद मत में होता है प्रेम में नहीं। प्रेम संपूर्ण मत वादों को खा जाता है। भागवत प्रेम में जो आनंद है वह ज्ञान में नहीं है। ज्ञान में तो अखंड आनंद है पर प्रेम में अनंत आनंद है। तपस्या से प्रेम नहीं मिलता प्रत्यूष शक्ति मिलती है। प्रेम भगवान में अपनापन होने से मिलता है, जिसका मिलना अवश्यंभावी है उस परमात्मा से प्रेम करो और जिसका बिछुड़ना अवश्यंभावी है उस संसार की सेवा करो। प्रेम वहीं होता है जहां अपने सुख और स्वार्थ की गंदगी नहीं होती। जब तक साधक अपने मन की बात पूरी करना चाहेगा तब तक उसका न शगुण में प्रेम होगा न निर्गुण में। जो चीज अपनी होती है वह सदा अपने को प्यारी लगती है।अतः एकमात्र भगवान को अपना मान लेने पर भगवान में प्रेम प्रकट हो जाता है। जब तक संसार से प्रेम है तब तक भगवान में असली प्रेम नहीं है। जब तक नाशवान की तरफ खिंचाव रहेगा तब तक साधन करते हुए भी भगवान की तरफ खिंचाव और उसका अनुभव नहीं होगा। प्रेम मुक्ति से भी आगे की चीज है मुक्ति तक तो जीव रस का अनुभव करने वाला होता है। पर प्रेम में वह रस का दाता बन जाता है। ज्ञान मार्ग में दुख बंधन मिट जाता है और स्वरूप में स्थित हो जाता है पर मिलता कुछ नहीं, परंतु भक्ति मार्ग में प्रतिक्षण प्रेम मिलता है।

## संक्षिप्त

### स्कूल में प्रोजेक्ट रेल के तहत परीक्षा आयोजित

**डंडई।** प्रखंड के जामा 2 उच्च विद्यालय लवाही कला में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से शनिवार को प्रोजेक्ट रेल के तहत सप्ताहिक परीक्षा ली गयी। जेसीईआरटी के तहत आयोजित परीक्षा में वर्ग 1 से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं प्राचार्य जारद हुसैन की देखरेख में वर्ग वार भिन्न-भिन्न विषयों की परीक्षा दी गई। वर्ग 6,7 और 8 के छात्र-छात्राओं के बीच यूनिसेफ द्वारा जारी कैलेंडर के साथ-साथ आयरन की गोली का भी वितरण किया गया। प्राचार्य जारद हुसैन, सहायक शिक्षक गौतम जी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रदीप साह के द्वारा संयुक्त रूप से शुभारंभ काम किया गया।

### सावन के उपलक्ष्य में हुयी रंगोली प्रतियोगिता

**मेराल।** पराडाइज पब्लिक स्कूल मेराल में सावन मास के उपलक्ष्य पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शनिवार को तीन ग्रुप में किया गया। प्रथम ग्रुप में कृतिका कुमारी प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान वैष्णवी कुमारी, तृतीय स्थान शबया कुमारी। द्वितीय ग्रुप में प्रथम स्थान शोभा कुमारी, द्वितीय स्थान संध्या कुमारी, तृतीय स्थान सृष्टि कुमारी तथा तृतीय ग्रुप में प्रथम स्थान जानवी कुमारी, द्वितीय स्थान श्रेया कुमारी, तृतीय स्थान अंशु कुमारी रही। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक इंजीनियर इमाम ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिता से बच्चों में कल्पनाशील का विकास होता है। इस मौके पर सगुनी यादव, मोहन, तैयब अंसारी, जितेंद्र कुमार, राधेश्याम यादव के अलावा स्कूल के हेडमास्टर लालजी पाल दीनानाथ चौधरी, सरफराज अंसारी, मधु तिवारी, आरती कुमारी हाजरा खातून, अरविंद कुमार, सुधीर कुमार, प्रिया उपस्थित रहे।

### झंडोत्तोलन को लेकर हुआ समय का निर्धारण

**डंडई।** स्वतंत्रता दिवस के दिन झंडोत्तोलन को लेकर बीडीओ सोमा उरांव के द्वारा समय का निर्धारण कर दिया गया है। इसके अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर 8:30 बजे, थाना परिसर में 9:00 बजे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 9:15 बजे, पशु चिकित्सालय पर 9:30, बजे बीआरसी कार्यालय पर 9:45 बजे, कस्तूरबा विद्यालय में 10:00 बजे के साथ-साथ प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों पर 10:05 बजे और डंडई अंबेडकर चौक पर 10:15 बजे झंडोत्तोलन करने का समय निर्धारित किया गया है। बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि झंडोत्तोलन के लिए निर्धारित समय को प्राथमिकता में रखते हुए अस्थल विशेष जिम्मेवार सभी लोग स्वतंत्रता दिवस के दिन झंडोत्तोलन करने का काम करेंगे।

### जनसेवक को सांप ने डंसा, अस्पताल में भर्ती

**डंडई।** प्रखंड के एक जनसेवक को मोबाइल फोन पर बात करते वक्त फनिक सांप ने डंस लिया। बताया जाता है कि एक पैर का विकलांग जनसेवक रमेश सिंह प्रखंड कार्यालय से टेलीफोन पर बात करते कार्यालय के मुख्य गेट की ओर आ रहा था। इसी बीच झाड़ी में छुपे सांप ने उनके पैरों में डंस लिया। उसके बाद आनन-फानन में प्रखंड के अन्य कर्मियों के द्वारा उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए डंडई के प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर पदस्थापित 4 चिकित्सकों में एक के भी नहीं होने के कारण बिन इलाज कराए ही उन्हें बैरंग गढ़वा ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी था। इलाज को लेकर अस्पताल पहुंचे प्रखंड कर्मियों ने अस्पताल में एक भी चिकित्सकों को ना देख काफी आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पदस्थापित 4 चिकित्सकों में एक का भी नहीं रहना सीधे तौर पर लापरवाही को दर्शार्ता है। उन्होंने मामले की शिकायत बीडीओ से करने की बात कही।

### स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को ले बच्चों का चयन

**श्री बंशीधर नगर।** स्वंत्रता दिवस के अवसर पर अनुमंडल मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए शनिवार को प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रशाल में दूसरे दिन सामूहिक मैदानी कार्यक्रम हेतु विद्यालयों से आये हुए छात्रों का चयन किया गया। राजकीय मध्य विद्यालय जंगीपुर की शीतल कुमारी व टीम चयन किया गया। एसपीडी कॉलेज से काजल कुमारी व टीम, होलीक्रॉस उच्च विद्यालय से वर्षा कुमारी व टीम, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय से नूरजहां एवं टीम, अम्बालाल पटेल उच्च विद्यालय से आरुषि व टीम, गुरुकुल पब्लिक स्कूल से अनन्याराज का चयन किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने सभी प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि आप सभी कला के क्षेत्र में भी नाम रौशन कर सकते हैं। चयन समिति में सीआरपी संजय कुमार सिंह, शोभा कुमारी, बिरेंद्र कुमार पांडेय, अखिलेश प्रसाद शामिल थे। इस अवसर पर रामलाला मिश्र, कुमारी जया, रजनी कुमारी, नंदगोपाल भगत, अमरेंद्र दास, प्रतिमा पांडेय, सुमित्रा कुमारी, नेहा, एमडीएम ऑपरेटर अमित कुमार सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश पांडेय ने किया।

### मारपीट में ग्रामीण घायल, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र के खुटिया गांव निवासी नाथु भुइयां पिता लाल मोहन भुइयां मारपीट की घटना में घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। शुक्रवार की रात में नाथू भुइयां अपने घर के दरवाजा में किवाड़ लगाने के लिए बढ़ई मिस्त्री से बात करने उसके घर गया था। वहां से नाथू भुइयां घर लौट रहा था। तब उसके गांव के ही राकेश बेदिया ने खुटिया जोखन भुइयां के घर के बाहर बैठकर शराब पी रहा था। इस दौरान उस ओर से गुजर रहे नाथू भुइयां को राकेश बेदिया ने अपने पास बुलाया तथा गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। इस घटना में नाथू भुइयां के चेहरा एवं शरीर के विभिन्न अंगों में चोट लगी है।

### महिला ने सिंदूर खा किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** चिनियां थाना क्षेत्र के सिगसिगा कला गांव निवासी राजकुमार राम की पत्नी पूजा देवी ने शनिवार को सिंदूर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि घरेलू मामले को लेकर पूजा देवी एवं उसके पति के बीच नोंकझोंक हुई थी। इससे गुस्से में आकर पूजा ने सिंदूर खा लिया। जानकारी मिलने पर स्वजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाजरत पूजा की हालत स्थिर बनी हुई है।

### पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन



**बड़गड़।** आदिवास महोत्सव के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। खेल प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों के जिले के सभी प्रखंडों से आदिवासी समुदाय के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता में फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी सहित अन्य एथेलेटिक्स खेलों में प्रतिभागियों ने अपना जौहर दिखाया। विजयी प्रतिभागियों को बीडीओ विपन कुमार भारती एवं अखिल भारतिय महासभ के केंद्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश मिंज द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुखिया जंगलपति लकड़ा, मोनिका कच्छप, बीससूत्री उपाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल उपस्थित थे। सफल आयोजन में जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा सहित सरुआत हिल स्पॉट एसोसिएशन बड़गड़ इकाई के सदस्य सबनम मिंज, अलका मिंज, द्रोपदी मिंज, रविरंजन तिर्की, सूपिन केरकेट्टा, संदीप गुप्ता, अजय मिंज, विनोद गुप्ता, संदीप मिंज, मुकेश लकड़ा, सूरजदेव बाखला, अतुल मिंज, नुरुल हक ,रमाकांत कुमार आदि की सराहनिय भूमिका रही।

## संक्षिप्त

### 'ओबीसी समाज को छल कर रही है सरकार'

**लातेहार।** ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जो कैबिनेट में ओबीसी के आरक्षण देने का जो प्रस्ताव पास किया गया है। वह तर्क से विपरीत है। किसी के आरक्षण में सम्मिलित करना यह लड़वाने का काम कर रही है। गठबंधन की सरकार चुनाव के समय ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण देने की बात कह करके वोट लिए हैं। अपने वादा को पूरा कर 27 परसेंट आरक्षण दे, क्योंकि हमने सरकार बनाये हैं।

### 13 से 15 तक चलेगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि पूरे देश में 13 से 15 अगस्त 2023 तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लातेहार जिला अंतर्गत सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान एवं आमजनों से अपील की। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का विशेष ध्यान रखें।

### कमांडेंट ने किया मगध परियोजना का दौरा किया

**बालूमाथ।** मगध-संघमित्रा क्षेत्र के अंतर्गत मगध परियोजना में शनिवार को उत्तरी कर्णपुरा एवं पिपरवार क्षेत्र के सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस. ने मगध परियोजना का दौरा किया। परियोजना कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी सत्यनारायणा ने उनका स्वागत कर कार्यालय में एक समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना पदाधिकारी सहित परियोजना अभियंता (असैनिक) पंकज सरकार, सहायक प्रबन्धक(कार्मिक) आकाश वरुण कुल्लू एवं वरिष्ठ प्रबंधन आदि मौजूद थे। सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस. ने मगध परियोजना के कुंडी एवं चमातु खदान का निरीक्षण किया। साथ ही व्यू पॉइंट सहित सभी चेकपोस्ट एवं परियोजना के फूलबसिया और बालूमाथ रेलवे साईडिंग का भी निरीक्षण किया।

### पुण्यतिथि पर याद किये गए सचिन, श्रद्धांजलि

**चंदवा।** कामता निवासी नरेश पैथ के बेटे स्व. सचिन पैथ को उनके पहले पुण्यतिथि में याद किया गया। उनके निवास स्थान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर सचीन को श्रद्धांजलि दी गई। लोगों ने पुष्प अर्पित तथा मौन धारण कर उन्हें श्रंद्धाजलि दी। सचिन की पहचान युवा समाजसेवी और एक बेहतरीन खिलाड़ी के रूप में थी। सचिन को अचानक कैंसर जैसी बीमारी हुई और वो दुनिया छोड़कर चले गए। श्रद्धांजलि सभा में नरेश पैथ, नवल पैथ, पंकज पाठी, कमला देवी, रंजना पैथ, पूनम देवी, तानसी पैथ, आराध्या पैथ, अथर्व पैथ, चिराग और श्रुति समेत कई शामिल हैं।

### चुनावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गिद्धौर(चतरा)।** विश्व युवा दिवस पर गिद्धौर प्रखंड के दो उच्च विद्यालयों में चुनावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बीडीओ संजीत कुमार सिंह व सीओ जयशंकर पाठक ने बच्चों को चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि चुनावी जागरूकता क्लब का गठन किया गया है। जिसके द्वारा भविष्य के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। प्रखंड के गंगा स्मारक व प्लस टू उच्च विद्यालय बारिसाखी में युवाओं ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को निर्वाचन एवं देश के निर्माण में युवाओं की भूमिका से अवगत कराया। पदाधिकारियों ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेने पर युवा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें। इसके लिये अपने बीएलओ से सम्पर्क कर फॉर्म 6 भरें। विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन एप से जुड़ने एवं पंजीकरण की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। मतदान के महत्व व जागरूक मतदाता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर समाजसेवी दिनेश भारती, वार्ड सदस्य मनोज रवि दास सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**टंडवा ( चतरा)।** शनिवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विभागीय निदेर्शानुसार वनांचल महाविद्यालय व उच्च विद्यालय टंडवा में युवा मतदाताओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ रंथु महतो ने युवा मतदाताओं से स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन में मतदान की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने एक-एक वोट की कीमत को बहुमूल्य बताते हुए कहा कि इससे स्वस्थ्य देश व समाज के निर्माण में भविष्य की रुपरेखा तय होती है। बताया गया कि पिछले 18 जुलाई को चुनाव पाठशाला में मास्टर्स ट्रेनरों को विभागीय प्रशिक्षण दिया गया है। जिसके तहत प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों के बीच सतत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मौके पर जीपीएस संजय रवानी, प्रो. प्रमोद पाठक, प्रो. मनोज सिन्हा, प्रफुल्ल पांडेय, शिक्षक नीरज सिन्हा समेत सैंकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### झंडोत्तोलन के समय का किया गया निर्धारण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन को लेकर कर्मियों, जनप्रतिनिधियों व राजनीति दल के कार्यकताओं के साथ बैठक हुई। इसमें बीडीओ संजीत कुमार सिंह व सीओ जयशंकर पाठक मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पर चर्चा करते हुए प्रखंड परिसर में झंडोतोलन स्थल के समीप साफ-सफाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं झंडोत्तोलन के समय का निर्धारण करते हुवे बताया गया कि प्रखंड परिसर मे सुबह 9 बजे, सिंगल विंडो में 9.45, गिद्धौर पंचायत भवन में 9.20, थाना परिषर में 9.30, सभी पंचायत भवन में 9.30, स्वास्थ्य केंद्र में 9.45, गंगा स्मारक विद्यालय में 10 बजे व कस्तुरबा विद्यालय में 10.15 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। बीडीओ ने बताया कि सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी व सभी पंचायतों में अमृत सरोवर पर झंडोत्तोलन करने की जबाबदेही पंचायतों के मुखिया को सौंपी गई है। इस अवसर पर प्रमुख अनिता यादव, उपप्रमुख प्रीतम यादव, समाजसेवी बालेश्वर यादव, महादेव दांगी, ब्रजेश कुमार सिन्हा समेत उपस्थित थे।

### जिलास्तरीय वन अधिकार समिति की हुई बैठक

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने की। बैठक में अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक में पारित 7 वन पट्टा देने संबंधित प्रस्ताव की समिति द्वारा समीक्षा की गई। समीक्षा उपरांत वन पट्टा वितरण करने को लेकर सर्वसम्मति से समिति द्वारा अनुमोदित कर पारित किया गया। वहीं पूर्व में पारित किए गए कुल 109 वनपट्टा में सभी प्रकार के सुधार हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला कल्याण पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, अंचल अधिकारी टंडवा, रामेटाना भगत (सदस्य) सिदपा, सरयु उरांव, (सदस्य) सिंदरीवार, सिमरिया, शोभा कुजूर, (सदस्य) कल्याणपुर, टंडवा समेत अन्य उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनेगा स्वतंत्रता दिवस

**महुआडांड़।** स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर एसडीओ नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खेल कूद, फुटबॉल प्रतियोगिता और अन्य कार्यक्रम आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। आयोजन समिति के संरक्षक एसडीओ नीत निखिल सुरीन होंगे। वहीं सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर फादर दिलीप एक्का, सचिव के पद पर अजित पाल कुजूर, कोषाध्यक्ष के पद पर मनीष सिंह, उपाध्यक्ष के पद पर तनवीर अहमद, सह कोषाध्यक्ष के पद पर इमरान खान और सदस्य के तौर पर राम जायसवाल, सीआई गौतम कुमार का चयन किया गया। बैठक में पंद्रह अगस्त के अवसर पर प्रखंड परिसर में झांकी और परेड आयोजित करने का निर्णय लिया गया, वहीं आवासीय विद्यालय में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह शामिल होंगे।

# गाजे बाजे के साथ मुखिया ने कलश को पहुंचाया प्रखंड कार्यालय

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत संग्रहित की गई मिट्टी पंचायत सचिवालयों से अमृत कलश में भरकर शनिवार को मयूरहंड प्रखंड कार्यालय पहुंचाया गया।इस दौरान कदगावांकला मुखिया अशोक कुमार भुईयां गाजे बाजे के साथ अमृत कलश लेकर मोटर साइकिल यात्रा करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहां बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, बीपीओ नीरज पासवान ने संग्रहित मिट्टी का अमृत कलश को अंचल कार्यालय में रखा। इस मौके पर पंचायत कार्यकारिणी सदस्यों, पंचायत सचिव सतीश कुमार मिश्रा, रोजगार सेवक अर्जुन कुमार, बीएफटी सुबोध कुमार सिंह, वार्ड सदस्य कादमिनी देवी, सुबास रविदास, लखन रविदास के अलावा अन्य शामिल थे।




### 'मेरी मिट्टी, मेरा देश' अभियान के तहत गांवों से उठायी गयी मिट्टी

**पत्थलगडा।** देशव्यापी मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पथलगडा प्रखंड में बरवाडीह और नवाडीह पंचायतों के सभी गांवों से मिट्टी कलश में उठाया गया। इसके उपरांत पंचायत सचिवालय में मिट्टी से भरा कलश पहुंचाया गया। इसमें जिला परिषद सदस्य राम सेवक भगत और दोनों पंचायत सचिवालय में मुखिया, बीपीओ राजेश्वर कुमार, जेई मनोज कुमार, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, सहिया, जल सहिया, रोजगार सेवक, बीएफटी समेत आदि ने शपथ ली। अमृत वाटिका में पौधारोपण भी किया।



## बरवाडीह में पवित्र मिट्टी के साथ मुखिया ने निकली तिरंगा यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
अपनी माटी अपना देश के तहत मिट्टी संग्रह का प्रखंड स्तरीय आयोजन शनिवार को किया गया। मुखिया के नेतृत्व में मिट्टी को तिरंगा यात्रा की शक्ल में प्रखंड मुख्यालय के लिए रवाना किया गया। प्रखंड मुख्यालय के मुख्य गेट पर प्रखंड विकास प्रखंड विकास पदाधिकारी सहाय के नेतृत्व में जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी 20 सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी आदि ने इसका स्वागत किया। मौके पर मुखिया कालो देवी, विपिन बिहारी सिंह, पूर्व सैनिक आशीष सिंह, बुद्धेश्वर सिंह, पूनम देवी, आशा देवी आदि मौजूद थे।




### 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान चला

**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय की नामुदाग पंचायत के मुखिया दिनेश सिंह के नेतृत्व में पांच गांवों में 'मेरी मिट्टी, मेरा देश' अभियान चलाया गया। अभियान में वीरों को याद करते हुए देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मौके पर हसीब आलम, उपमुखिया शरीफ कादरी, अनामुल, सगीर आलम, हीरा सिंह, बृजेश सिंह, सेठा यादव, अखिलेश यादव, गोल्डन, बालकेश, नंदन, महेश मिस्त्री आदि मौजूद थे।

### गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की कार्रवाई

# 38 मवेशी लदा कंटेनर जब्त, तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**
इटखोरी थाना क्षेत्र के नगवा के पास से पुलिस ने 38 मवेशी लदे एक कंटेनर को जब्त किया। वहीं वाहन चालक समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इटखोरी थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लोहरदगा से अवैध मवेशियों से भरा कंटेनर ऑनसोन डेहरी ले जाया जा रहा है।

सूचना मिलते ही थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा- चौपारण मुख्य मार्ग स्थित नगवां पुल के समीप मवेशियों से भरा कंटेनर को जप्त कर थाना लाया गया। सभी मवेशियों को थाना परिसर में रखा गया है। गिरफ्तार मो. हर्ष पिता वाहिद अली, साकिन रामपुर सनायासुख थाना भोट जिला रामपुर उत्तर प्रदेश, मो. जकील पिता स्वर्गीय इब्राहिम ग्राम कुरैशी मोहल्ला थाना-जिला लोहरदगा, मोहम्मद कुर्बान अंसारी पिता मोहम्मद अंसारी साकीन राहत नगर थाना- लोहरदगा के रहने वाले हैं।



### पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर के साथ तीन को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरकुण्डा जंगल से एक चोरी के ट्रैक्टर के साथ तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। डीएसपी मुख्यालय केदार नाथ राम ने बताया कि थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में गठित छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भुरकुंडा जंगल एवं पितीज के बीच डोमाटांड के पास से चोरी के ट्रैक्टर के साथ संजीत कुमार पिता सुरेन्द्र प्रसाद, कुरमांवा थाना बाराचट्टी जिला गया (बिहार), संजय कुमार यादव पिता स्व. धनु यादव पितिज थाना ईटखोरी जिला चतरा व कपिल कुमार यादव पिता प्रहलाद यादव ग्राम बिंधानी थाना राजपुर जिला चतरा को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### किराना दुकान से चोरों ने ताला तोड़कर की चोरी

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पितीज कलाली चौक समीप एक किराना दुकान से अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर 14000 रुपये लेकर फरार हो गए। इस संबंध में दुकानदार विनोद प्रसाद केसरी ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि दुकान में लगभग 1 बजे रात सटर का ताला तोड़कर 14000 रुपया दुकान के गला से चोरी कर लिया गया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी पितीज कलाली चौक पर 6 दुकानों में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है।

### नौ भक्त माता दरबार कटरा श्री नगर को रवाना

**गारू।** बारेसॉड से नौ भक्त माता दरबार कटरा श्री नगर के लिए रवाना हुए। उप प्रमुख रामदास यादव मुखिया रूक मनी देवी ने सभी भक्तों को वैसनो देवी के लिए रवाना किया। भक्त राजीव प्रसाद, तुलसी दास यादव, बिकु, शेरा, भोला, पिंकू, रंजन सचिन कपिल देव ने बताया कि हम लोग डाल्टनगंज से जम्मू जाएंगे और उसके बाद श्रीनगर और माता दरबार जाएंगे। भक्तों में काफी उत्साह देखा गया।

## बारियातु प्रखंड में जंगली हाथियों ने मचाई तबाही

### 6 घरों व 5 एकड़ फसल को पहुंचायी क्षति



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायत साल्वे के बारिखाप व डाढ़ा पंचायत के बचरा गांव में शुक्रवार रात हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए छह घरों व पांच एकड़ से भी ज्यादा भूमि पर लगी फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया।

हाथियों के झुंड ने पहले बारिखाप ग्राम में पहुंचा और अलग अलग होकर कुलेश्वर भगत, शिला मसोमात, सोमरी मसोमात, रति उरांव, आदित्य साव व छठु गंझु के घरों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज को चट कर दिया। पीड़ित सभी किसान एकजुट होकर और ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों के झुंड को लुकारी व टीना, ढोल पीट कर गांव से बाहर निकाला। इसके पश्चात हाथीयों का झुंड डाढ़ा पंचायत के बचरा ग्राम पहुंच गया, जहां किसान शशिभूषण सिंह, संजय सिंह, रिषिकेश सिंह, दीपू सिन्हा व प्रकाश भुइयां की फसल को रौंदते हुए जंगल की ओर निकल गया। बारिखाप में हाथियों द्वारा घर क्षतिग्रस्त किये जाने की सूचना पाकर पंचायत के मुखिया राजिव भगत, प्रमुख उर्मिला देवी, टोंटी पंसस मो होजैफा, समाजसेवी नंदू उरांव व फोरेस्टर मंगल सिंह पहुंचे और हाथियों द्वारा की गयी क्षति का आंकलन किया। वहीं प्रमुख ने सभी पीड़ितों को वन विभाग अधिनियम के तहत हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## कई विभागों के प्रतिनिधि नहीं पहुंचे समीक्षा बैठक में

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
शनिवार को टंडवा प्रखंड सभागार में बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सुभाष यादव व संचालन बीडीओ रंथु महतो ने की। इस दौरान सीसीएल के मगध-संघमित्रा, आम्रपाली -चंद्रगुप्त व पिपरवार-अशोका कोल प्रबंधन, अंचल अधिकारी, शिक्षा, सहकारिता, पिपरवार थाना समेत अन्य के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई। बैठक में एनटीपीसी व सीसीएल प्रबंधन से राज्य सरकार द्वारा पारित निर्देशों के आलोक में 75 प्रतिशत स्थानीयों के नियोजन का मामला छाया रहा। मौजूद प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने पूर्व हुई बैठक के आलोक में निर्णय के अनुसार कामगारों का मांगा गया आंकडा उपलब्ध नहीं करा सके। एनटीपीसी प्रबंधन के प्रतिनिधि ने आश्वस्त किया कि पेयजलापूर्ति से संबंधित मामलों का समाधान इस माह के अंत तक कर लिया जायजा। बताया गया कि विभिन्न बैंकों द्वारा अबतक मात्र 155 केसीसी के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क से हजारीबाग जिले के चट्टी बारियातु का कोयला नो इंट्री का उल्लंघन करते ट्रांसपोर्टिंग किया जा रहा है, जिसके कारण आम लोगों को होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने हेतु शीघ्र ही उपायुक्त से मिलने की बात कही गई। समिति के सदस्यों ने एनजीटी के निर्देशों को ताक पर रखकर जंगलों के रास्ते बालू की ढुलाई को बंद कराने का निर्देश वन विभाग को दिया।

## रेल टिकट की दलाली में युवक गिरफ्तार

### आरपीएफ ने दुकान से 67500 रुपये के टिकट भी बरामद किये

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अवैध रूप से रेलवे टिकट दलाली के विरुद्ध टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल टोरी के अधिकारी व जवानों द्वारा स्थानीय बाजार में सूचना के सत्यापन हेतु मिशन स्कूल के समीप स्थित आरके डिजिटल नामक दुकान में छापेमारी छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से रेलवे टिकट की दलाली का मामला प्रकाश में आया।

इसपर सभी आवश्यक कार्रवाई बाद दुकान संचालक रौशन कुमार (30) पिता बलराम प्रसाद साहू, सा. टूढ़ामू चंदवा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कांड संख्या 526/23 अंतर्गत धारा 143 रेल अधिनियम दर्ज किया गया है। गिरफ्तार युवक को न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे डाल्टनगंज भेजने की तैयारी की जा रही थी। जब्त टिकट का मूल्य लगभग 67500 है। छापामारी दल में उप निरीक्षक मणिकांत कुमार, सहायक उपनिरीक्षक रामकृष्ण राम, आरक्षी अरुण सिंह शामिल थे।



### काम के अभाव में 17 मजदूर कर गए पलायन

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा जैसी योजनायें पंचायतों से मजदूरों का पलायन रोकने में विफल नजर आता रही है। काम के अभाव में शनिवार को गड़बूढ़नी पंचायत के ग्राम कापू से 17 मजदूरो का एक जत्था केरल मजदूरी करने बस स्टैंड से गाड़ी पकड़ कर निकला। वहीं जग्गा, ठेपईल, नामुल, चरकू, नूरूल, अमीर, जमीर, अनामुल आदि मजदूरों ने कहा कि क्षेत्र में मनरेगा योजना में तलाब, कच्ची सड़क, जैसी कोई बड़ी कोई योजना संचालित नहीं होती है। वहीं छोटी योजनाओं में ज्यादा मजदूर शामिल नहीं होते हैं। दूसरे विभाग में मजदूरों को काम नहीं मिलता है। उसमें ज्यादा मशीन से काम कराया जाता है। इस साल सुखाड़ जैसी स्थिति ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।

**आयोजन** संत जेवियर्स कॉलेज में हुआ राजनीतिक जागरूकता, राजनीतिक सहभागिता कार्यक्रम

# 'चुनाव सिर्फ राजनीतिक दलों का नहीं, पूरे देशवासियों का है'

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
संत जेवियर्स महाविद्यालय के सभागार में राजनीतिक जागरूकता, राजनीतिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को वोट से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम इलेक्ट्रोल लिटरेसी कमेटी के द्वारा संचालित किया जा रहा था जिसमें महुआ डर के अनुमंडल पदाधिकारी नील निखिल सुरीन, महुआ दान अनुमंडल के प्रखंड विकास पदाधिकारी आमरेंड डांग तथा अन्य सहयोगीगण सम्मिलित थे। इस मौके पर महाविद्यालय के आदरणीय प्राचार्य डॉक्टर फादर एम के जोस उपस्थित थे। महाविद्यालय प्रचार डॉक्टर फादर एमके जोश ने पदाधिकारी का अभिवादन किया तथा बच्चों को उनके आने का प्रयोजन बताया। अनुमंडल पदाधिकारी नील निखिल सुरीन ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को वोट से संबंधित जानकारी दी। वोट से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को सभी के बीच साझा किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के प्रक्रियाओं और वीडियो को सभी के समक्ष रखा साथ ही साथ निर्वाचन आयोग के थीम सॉन्ग के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया गया और उसे एलईडी स्क्रीन के समक्ष प्रदर्शित किया गया साथ ही साथ उन्होंने कहा कि एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण करने के लिए लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए तथा लोगों में राजनीतिक जागरूकता लाना बेहद ही आवश्यक है। उन्होंने नाट्य मंचन के माध्यम से, विद्यार्थियों को मतदान से संबंधित अति आवश्यक बातों को प्रकट करवाया साथ ही साथ उन्होंने वोट देने के इलेक्शन एप के बारे में भी बताया ईवीएम का महत्व समझाया। इस मौके पर विद्यार्थियों को मतदान से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न पोस्टर्स को कमेटी के द्वारा प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर एमके जोश ने कहा की चुनाव न सिर्फ राजनीतिक पार्टियों की है बल्कि यह पूरे देशवासियों की है। समाज के हर तबके के लोग को वोट मतदान करने का अधिकार प्राप्त है जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से संबंधित जानकारी दी और कहा कि मतदान करना आपका एक राजनीतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में मंच संचालन की भूमिका राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर अविनाश यादव ने निभाई साथ ही महाविद्यालय में इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए उन्होंने समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम को संचालित किया जाए जिससे कि हमारे देश में लोगों के बीच राजनीतिक जागरूकता को लाया जा सके। इस मौके पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ सिस्टर कासलीन जूलियट डॉक्टर फादर समीर टोप्पो डॉक्टर फादर राजीव तिर्की तथा अन्य सम्मानित प्रोफेसेस गण उपस्थित थे।



# झारखण्ड के इतिहास में दूसरी बार आयोजित हुआ झारखण्ड आदिवासी महोत्सव...





आदिवासी बहुल झारखण्ड राज्य 20 वर्ष से अधिक समय से आदिवासी महोत्सव के आयोजन की बाट जोह रहा था। उसे संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व ने पूरा किया। लगातार दो वर्षों से आदिवासी महोत्सव के आयोजन के हम साक्षी बन रहें हैं। झारखण्ड समेत देश-विदेश की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपरा, वेशभूषा और खानपान का अनोखा संगम 9 एवं 10 अगस्त को आयोजित झारखण्ड आदिवासी महोत्सव में देखने को मिला और इसका गवाह बना रांची स्थित बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान।














## समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियां

## झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

जहां चलना ही नृत्य और बोलना संगीत हो, उस धरती पर समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की अविस्मरणीय गूंज का पूरा विश्व साक्षी बना। झारखण्ड के अमर वीर पुरुखों और वीरांगनाओं तथा महान क्रांतिकारियों के अथक संघर्ष से सनी झारखण्ड की वीर भूमि को सबने प्रणाम किया। रीझ रंग रसिका रैली में जब पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप और विभिन्न वाद्ययंत्रों की मधुर धुन पर झारखण्ड के 32 आदिवासी समुदायों के कदम थिरके, तब पूरे विश्व को द्वितीय झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023 की भव्यता दिखी।

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव के मंच से राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने समस्त आदिवासी समाज से अपने बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी अन्य समाज की तरह आदिवासी समाज के बच्चे भी उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ सकेंगे।

महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, केरल, गुजरात, छत्तीसगढ़ और झारखण्ड आदि के आदिवासी समुदायों की समृद्ध संस्कृति और सभ्यता से राज्यवासी रूबरू हुए। देश भर के आदिवासी समाज की वैभवशाली संस्कृति ने झारखण्ड आदिवासी महोत्सव में अमिट छाप छोड़ी। पारंपरिक वेशभूषा में अरुणाचल प्रदेश का रेखम पड़ा नृत्य, असम का लेवा टाना नृत्य, बिहु नृत्य, स्थानीय आदिवासी का डोमकच लोक नृत्य, गुजरात के अफ्रीकन आदिवासी समुदाय द्वारा सिद्धि धमाल नृत्य से अपनी संस्कृति को सहेजने की ललक कलाकारों में नजर आई। पद्मश्री मुकुंद लाल नायक के नागपुरी नृत्य की प्रस्तुति और पद्मश्री मधु मंसूरी के "हम गांव छोड़ब नाही" जैसे गीत ने इस महोत्सव को जीवंत कर दिया।

एक ओर जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, वहीं दूसरी ओर आदिवासी भाषा के समक्ष चुनौतियां और अवसर, आदिवासी युवाओं के लिए उद्यमिता, आदिवासी व्यंजनों का विपणन, कृषि पारिस्थितिकी की प्रासंगिकता और महत्व समेत अन्य विषयों पर देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्वानों द्वारा की गयी चर्चा ने आदिवासी समाज की आज की जरूरतों को पटल पर लाकर रखा। साथ ही सेमिनार के जरिए आदिवासी इतिहास, मानवशास्त्र, आदिवासी अर्थव्यवस्था- एक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की परिकल्पना, आदिवासी साहित्य जैसे विषयों पर लोगों ने अपनी बातों को रखा। महोत्सव में मन को तृप्त करने वाले आदिवासी व्यंजनों का स्वाद सभी के दिलों को छू गया। महोत्सव में ट्राइबल फिल्म फेस्टिवल के साथ-साथ राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर का आयोजन हुआ, जहां कई प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी कला को प्रदर्शित किया।

आदिवासी परिधान की विविधताओं को प्रदर्शित कर फैशन शो ने आधुनिक समय में आदिवासी युवाओं की शानदार सहभागिता पर मुहर लगाई, साथ ही पूरे विश्व को अहसास करा दिया कि हम किसी से कम नहीं।

धन्य हुई झारखण्ड की वीर भूमि जहां दशकों बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में महोत्सव का आयोजन पूरी दुनिया को आदिवासी संस्कृति और परंपरा को एक बार पुन: पुनर्जीवित करने का संदेश दे गया।



"मुझे इस बात का गर्व है कि मैं एक आदिवासी मुख्यमंत्री हूं। आदिवासी महोत्सव के माध्यम से आदिवासी पहचान आगे बढ़े, यही मेरा प्रयास है। नृत्य, संगीत के साथ-साथ अपने अधिकार के लिए सदैव संघर्ष करना आदिवासी समाज की पहचान रही है। सभी आदिवासी समाज एक है, अत: हमें एक लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है।"

**- हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

#JharkhandSeJohar



















## 02 दिन, 10 राज्य और 1,112 कलाकारों ने झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023 में भाग लिया...

## एक नजर इधर भी

# भारत नाम में है संस्कृति की झलक

***वर्तमान*** में भारत और इंडिया नाम की चर्चा राजनीतिक क्षेत्र में भी सुनाई देने लगी है। हम यह भली भांति जानते हैं कि भारत को पुरातन काल से कई नामों से संबोधित किया गया। जिसमें जम्बूद्वीप, भारतवर्ष, आर्यावर्त, हिंदुस्तान और इंडिया के नाम का उल्लेख मिलता है। लेकिन यह भी एक बड़ा सच है कि इंडिया शब्द गुलामी की याद दिलाता है, क्योंकि यह शब्द अंग्रेजों ने दिया। अंग्रेजों ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को मिटाने का भरसक प्रयास किया। सांस्कृतिक रूप से एकता का भाव स्थापित करने वाले समाज के बीच दरार डालने की राजनीति की गई। जिससे देश भी कमजोर होता चला गया और समाज कई वर्गों में विभाजित हो गया। आज भी सामाजिक भेदभाव की इस खाई को और चौड़ा करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिससे भारतीय समाज को सावधान होने की आवश्यकता है, नहीं तो वही अंग्रेजों की इंडिया वाली मानसिकता विकराल रूप धारण कर हमारे सामने बड़ा संकट पैदा कर सकती है। अब आवश्यकता इस बात की है कि इंडिया शब्द को मिटाकर उसके स्थान पर भारत को स्थापित किया जाय। भारत में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था का संचालन करने वाले जनप्रतिनिधि संसद के दोनों सदनों, विधानसभाओं और नगरीय परिषद सभाओं में भी हिन्दी और अंग्रेजी में प्रश्न पूछते समय और उत्तर देते समय देश और देशवासियों को अपमानित कर देने वाले शब्द इंडिया और इंडियन का नहीं, बल्कि हमें गर्वित कर देने वाले भारत शब्द से हमारे देश को संबोधित करें। पूरी दुनिया अभी हिन्दुस्तान को इंडिया नाम से संबोधित करती है। हमें गर्व उस समय होगा जब पूरा विश्व हिन्दुस्तान को इंडिया नहीं, बल्कि भारत के नाम से संबोधित करेगा। पूरा देश एक मत से खड़ा होकर सिर्फ यही जवाब देता कि बहुत हुआ अब और नहीं झेलेंगे अंग्रेजों की गुलामी। अब हिन्दुस्तान गुलामी की जंजीरें तोड़कर न केवल अपने पैरों पर खड़ा है, बल्कि पूरे विश्व को अपने साथ लेकर प्रगति पथ पर दौड़ाने की नेतृत्व क्षमता भी रखता है। इस कारण अब अंग्रेजियत की हर वह निशानी मिटानी होगी जो हमें गुलामी की याद दिलाकर निराशा के अंधेरे कुएं में धकेलने का काम करती है। इसके अलावा अगर भारत देश के बारे में आध्यात्मिक भाव से अध्ययन किया जाए तो केवल यही कहा जा सकता है कि भारत में आध्यात्म ही एक ऐसा क्षेत्र है जिसका मुकाबला विश्व का कोई भी देश नहीं कर सकता। हम जानते हैं कि भारत में जो भी धार्मिक नगरी हैं वहां कई अंग्रेज ऐसे मिल जाते हैं जो अपने देश से केवल घूमने के उद्देश्य से आते हैं, लेकिन भारत की सांस्कृतिक धारा में इस प्रकार रम जाते हैं कि फिर यहीं के होकर रह जाते हैं फिर अपने देश में जाने का नाम भी नहीं लेते। क्या भारतीय संस्कृति का यह उदाहरण वैश्विक सर्वग्राह्यता का प्रतीक नहीं है। इतना ही नहीं, वर्तमान में पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों का झुकाव निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। हमारे आध्यात्मिक ग्रंथों का अध्ययन किया जाए तो वह भी भारत नाम को ही उच्चारित करते हैं, इंडिया नाम तो उसमें नहीं है। तभी तो कहा गया है कि हिमालयं **समारभ्य यावदिंदुसरोवरम। तं देवनिर्मितं देशं हिंदुस्थानं प्रचक्ष्यते।** हमारे देश को देव निर्मित माना जाता है। इसी प्रकार **उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम।** वर्ष **तद् भारतं नाम भारती यत्र संततिः।** इस श्लोक में भारत वर्ष में निवास करने वाली संतति के बारे में बताया है कि यहां की जनता भारतीय है, इंडियन नहीं। जिस भारत की कल्पना हमारे मनीषियों ने की थी, वैसा भारत बनाने के लिए इंडिया नाम से मुक्ति दिलानी होगी। क्योंकि इंडिया के संस्कार और भारत के संस्कार एक जैसे नहीं हो सकते। आज हमारे देश में जिस प्रकार से संस्कारों की कमी दिखाई दे रही है, वह मात्र और मात्र इंडिया की मानसिकता के कारण ही है। भारत में यह सब नहीं चलता। हम इंडियन नहीं, भारतीय बनें। तभी हमारी भलाई है और यही राष्ट्रीय हित भी है। इसके बाद फिर से वैसा ही सांस्कृतिक भारत उदित होगा, जो विश्व गुरु की झलक प्रस्तुत करेगा। (**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**)

■ **सुरेश हिन्दुस्थानी**

# अमृतकाल में शान से फहरायें तिरंगा

***राष्ट्रीय*** ध्वज हमारे गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। दुनिया का कोई भी देश अपने राष्ट्रीय ध्वज को जान से भी अधिक सम्मान देता है। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए लाखों लोग बलिदान हो चुके हैं। भारत में राष्ट्रीय ध्वज विशेष अवसरों पर फहराया जाता है। बचपन में जब हम स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे थे उस दौरान स्वाधीनता और गणतंत्र दिवस पर प्रभातफेरी निकाली जाती थी। उस दौरान स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर यह गीत गाया करते थे 'विजयी विश्व तिरंगा, प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा'। राष्ट्रीय ध्वज की परिकल्पना सबसे पहले पिंगली वेंकैया ने की थी। यह आजादी का अमृतकाल है। देश के हर व्यक्ति को गौरव के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए। ऐसा करने अपने भीतर अपना देश, अपनी माटी की अकल्पनीय अनुभूति होती है और राष्ट्रीय भावना और मजबूत होती है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से बना है। सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी हमारी ताकत को दर्शाती है। सफेद रंग की पट्टी शांति और सत्य का प्रतीक है। सबसे नीचे हरे रंग की पट्टी विकास, उर्वरता और समृद्धि का द्योतक है। सफेद रंग की पट्टी के मध्य स्थापित 'चक्र' अशोक स्तंभ से लिया गया है। चक्र के भीतर कुल 24 से तीलियां है। यह भारत के निरंतर प्रगति का संकेत देती हैं। संविधान सभा की बैठक में 22 जुलाई 1947 को इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता मिली। हालांकि इसके पूर्व भी कई तरह के झंडे देश और विदेश में फहराये गये, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार नहीं किया गया था। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि यह हमारे गौरव, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक है। इसके सम्मान की हर हालत में रक्षा की जानी चाहिए। तिरंगे का अपमान राष्ट्र का अपमान समझा जाता है। फटे-पुराने एवं कटे हुए तिरंगे को नहीं फहराया जाना चाहिए। संविधान सभा की ओर से राष्ट्रीय ध्वज के रूप में इसे अंगीकार किये जाने के बाद अभी सिर्फ एक बदलाव किया गया जिसमें चरखे की जगह अशोक स्तंभ के 'चक्र' का उपयोग किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज में कोई भी बदलाव नहीं हुआ। राष्ट्रीय ध्वज के रोहण के लिए भी नियम बनाये गये हैं। भारतीय ध्वज संहिता यानी 'फ्लैग कोड ऑफ इंडिया' में सब वर्णित है। भारतीय ध्वज संहिता 26 जनवरी 2002 को प्रभावी हुई है। भारतीय ध्वज संहिता 2002 को पुनः30 दिसंबर 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज हाथ से कते और बुने हुए या मशीन से कते कॉटन, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम या फिर खादी की पट्टी से बनाया जा सकता है। भारत का कोई भी नागरिक अपने निजी या सार्वजनिक स्थान, कार्यालय या घर पर तिरंगा फहरा सकता है। हालांकि इसके पूर्व यह अनुमति नहीं थी, लेकिन दिसंबर 2002 में संविधान संशोधन के जरिये अनुमति दी गई। साल 2009 में रात्रि में भी तिरंगे को फहराने की अनुमति दी गई। पूरे भारत में 21 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा तिरंगा सिर्फ तीन स्थानों पर फहराया जाता है इसमें कर्नाटक का नारगुंड किला, महाराष्ट्र में पनहाला किला और मध्य प्रदेश का ग्वालियर किला शामिल है। जब हम ध्वजारोहण करते हैं तो हमें हमेशा ख्याल रखना चाहिए कि हमारे दाहिने तरफ ध्वज होना चाहिए। हमारी ध्वज संहिता में प्लास्टिक का झंडा फहराने पर रोक है। लेकिन बदली परिस्थितियों और व्यापारिक स्थितियों में खूब प्लास्टिक के झंडे का उपयोग किया जाता है। राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई 3:2 के अनुपात में होनी चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज पर कोई भी चित्र या लेखन नहीं होना चाहिए। तिरंगे का उपयोग व्यवहारिक कार्यों में किसी भी तरीके से नहीं होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज कभी भी जमीन से नहीं छूना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज के पास किसी भी धार्मिक या अन्य संस्था के झंडे को नहीं लगाया जा सकता है। राष्ट्रीय ध्वज पर किसी भी प्रकार कि कशीदाकारी, कुशन, रूमाल, नैपकिन नहीं बनाई जा सकती है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट के लिए नहीं किया जायेगा। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किसी वस्तु को लपेटने , कोई वस्तु प्राप्त करने या वितरित करने के लिए नहीं किया जायेगा। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किसी भी वाहन की साइड्स , पृष्ठ भाग और ऊपर का भाग ढंकने के लिए नहीं किया जायेगा। इसे सूर्योदय से सूर्यास्त तक हर मौसम में सभी दिनों में फहराया जा सकता है। झंडे को तेज गति से फहराया जाना चाहिए और धीरे-धीरे नीचे उतारा जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज पानी , जमीन , फर्श या पगडंडी को नहीं छूना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज को किसी भी ऐसे तरीके से प्रदर्शित या बांधा नहीं जायेगा , जिससे उसे कोई क्षति होने की संभावना राष्ट्रीय ध्वज उल्टा करके कभी भी प्रदर्शित नहीं किया जायेगा अर्थात केसरिया पट्टी को नीचे की पट्टी के रूप में नहीं रखना चाहिए। क्षतिग्रस्त या अस्तझ्रव्यस्त राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित नहीं किया जायेगा। राष्ट्रीय ध्वज किसी भी समय नीचे नहीं झुकना चाहिए। किसी भी अन्य झंडे को राष्ट्रीय ध्वज से ऊपर या उसके अगल-बगल में नहीं रखा जायेगा। किसी तरह की फूल माला या प्रतीक के साथ कोई वस्तु नहीं रखी जायेगी। 'राष्ट्रीय सम्मान' के अपमान की रोकथाम अधिनियम 1971 के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग निजी स्तर पर की जाने वाली अंत्येष्टि अथवा अंत्येष्टि के दौरान आवरण के रूप में नहीं किया जा सकता। देश में राष्ट्रीय शोक की स्थिति में तिरंगा झुकाया जाता है। देश में जितने दिन का राष्ट्रीय शोक रहता है तिरंगा तब तक झुका रहता है। राष्ट्रीय शोक खत्म होते ही तिरंगा को अपनी ऊंचाई पर सम्मानित कर दिया जाता है। देश के राष्ट्राध्यक्षों और सैनिकों के पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लपेटकर अंतिम विदाई दी जाती है।

**भारत में राष्ट्रीय ध्वज विशेष अवसरों पर फहराया जाता है। बचपन में जब हम स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे थे उस दौरान स्वाधीनता और गणतंत्र दिवस पर प्रभातफेरी निकाली जाती थी। उस दौरान स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर यह गीत गाया करते थे 'विजयी विश्व तिरंगा, प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा'। राष्ट्रीय ध्वज की परिकल्पना सबसे पहले पिंगली वेंकैया ने की थी।**

इन दिनों



प्रभुनाथ शुक्ल

# भारत अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे झटके पे झटका

***भारत*** में 18 मई 1984 को रिलीज हुई हिंदी फीचर फिल्म शराबी का गीतकार अनजान द्वारा लिखा गया गीत, जहां चार यार मिल जाय वही रात हो गुलजार, महफिल रंगीन सजे, दौर चले धूम मचे,मस्त मस्त नजर देखें नये चमत्कार जहां चार यार, इस 40 साल पहले लिखे गए गीत का संज्ञान अगर हम आज उन चार यारों भारत अमेरिका ऑस्ट्रेलिया फ्रॉस जापान सहित सभी समान विचारधारा वाले देशों को दोस्तों के रूप में लें तो, नजर देखें नये चमत्कार के साथ जहां वैश्विक मानव कल्याण के लिए विकास गाथाओं के नये-नये आयाम मिलजुल कर लिखे जा रहे हैं, शिक्षा स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अनेक क्षेत्रों में एक दूसरे को साथ दे रहे हैं तो वहीं, आतंकवाद वित्तपोषण विस्तारवादी सोच वाले देशों पर वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार कर उन्हें अकेला सकेला करने की ओर कदम बढ़ा दिये गये हैं। जहां एक ओर भारत विस्तारवादी देश पर कई समय पहले से डिजिटल स्ट्राइक कर सैकड़ों चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाया है वहीं फिर अभी 1 नवंबर 2023 से लैपटॉप टेबलेट जैसे कई वस्तुओं के आयात पर बैन लगा दिया है, तो वहीं अमेरिका ने जून 2023 में विस्तारवादी देश ड्रैगन को डेवलपिंग कंट्री स्टेटस का दर्जा छीना है और अब 9 अगस्त 2023 को अमेरिकी वेंचर कैपिटल और प्राइवेट एक्टिविटीज फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंध करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये हैं जो करीब करीब 2 वर्षों के गहन विचार विमर्श के बाद हस्ताक्षर हुए हैं। ठीक उसी तरह यूरोपियन संघ के देश यूक्रेन-रूस युद्ध में एक पक्ष के समर्थन में चीन के होने से ईयू संगठन उनके खिलाफ हो गये हैं और अपने-अपने स्तरपर अनेक प्रतिबंध या तो लगाये गये हैं या फिर लगाने की योजनाएं चल रही है जो रेखांकित करने वाली बात है। वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार -ड्रैगन की दरबार में हाहाकार। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा 9 अगस्त 2023 को चीन पर लगाये निवेश प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने चीन में अमेरिकी निवेश पर सीमा लगा दी है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए नेक्स्ट जेनरेशन मिलिट्री और सर्विलांस टेक्नोलॉजी को विकसित करने की क्षमता को प्रतिबंधित करने के प्रयासों के बीच उन्होंने ये कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को उन्होंने ये आदेश जारी किया है,जो कुछ चीनी सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फर्मों में अमेरिकी निवेश को रेगुलेट करेगा। यानें अमेरिकी वेंचर केपिटल और प्राइवेट इक्विटी फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंधित कर देगा। करीब दो वर्ष के विचार-विमर्श के बाद इस आदेश पर हस्ताक्षर किये गये। अमेरिकी अखबार का कहना है कि बीजिंग अपने निवेश का इस्तेमाल अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने में कर सकता है। अमेरिका के इस निर्णय से चीन के साथ दूरी थोड़ी और बढ़ जायेगी। सरकार का कहना है कि यह फैसला राष्ट्रहित में लिए गए हैं। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक था। हालांकि, अमेरिका के फैसले को चीन अपने विकास में व्यवधान भी मान सकता है। अमेरिका ट्रेजरी विभाग का कहना है कि सरकार का फैसला अमेरिका को सुरक्षित रखने और अगली पीढ़ी के लिए महत्तवपूर्ण है। सरकार अमेरिका की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथियों अगर हम प्रतिबंध की सीमाएं देखें तो , ये आदेश (जो अगले वर्ष तक प्रभावी नहीं होगा) पूर्वव्यापी नहीं होगा और इसमें बायोटेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे इससे अप्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ सार्वजनिक ट्रेड सिक्योरिटीज, इंडेक्स फंड और अन्य एसेट्स में भी छूट मिल सकती है। अटलांटिक काउंसिल की वरिष्ठ फेलो और इंडियाना यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल स्टडी की एसोसिएट प्रोफेसर ने इस फैसले को व्यावसायिक समुदाय के लिए अच्छी खबर बताया है। इक्विटी को टारगेटवेंचर-कैपिटल फर्मों और टेक इंडस्ट्री ने आदेश के दायरे को कम करने के लिए बाइडेन प्रशासन की पैरवी की थी, क्योंकि निवेशकों को डर था कि व्हाइट हाउस अमेरिकी निवेश पर व्यापक सीमाएं लगायेगा, वहीं यूरोपीय संघ समेत मित्र राष्ट्रों ने भी विरोध करते हुए कहा था कि गंभीर प्रतिबंध उनकी इकोनॉमीज को नुकसान पहुंचा सकते हैं। बाइडेन प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि ये आदेश उनको टारगेट करता है जो मर्जर, प्राइवेट इक्विटी और प्राइवेट कैपिटल के साथ-साथ जॉइंट वेंचर्स और फाइनेंसिंग अरेंजमेंट के जरिये प्रतिबंधित चीनी कंपनियों में इक्विटी इंटरेस्ट हासिल करना चाहते हैं।

**करीब दो वर्ष के विचार-विमर्श के बाद इस आदेश पर हस्ताक्षर किये गये। अमेरिकी अखबार का कहना है कि बीजिंग अपने निवेश का इस्तेमाल अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने में कर सकता है। अमेरिका के इस निर्णय से चीन के साथ दूरी थोड़ी और बढ़ जायेगी। सरकार का कहना है कि यह फैसला राष्ट्रहित में लिए गए हैं।**

■ **किशन भावनानी गोंदिया**

## है न विचित्र बात !

# भारत विरोधी दुष्प्रचार की वजह से कई देशों में हिंसा

***इतिहास*** पर दृष्टिपात करें तो पायेंगे कि साम्प्रदायिक तनाव का सदियों पुराना इतिहास है। मजहब के आधार पर हुए भारत के बंटवारे ने दो समुदायों के बीच अविश्वास की खाई को गहरा कर दिया था, इसके बावजूद भारतीय समाज विविधता में एकता की भावना से संचालित होता है। इस महीने भारत सहित पूरी दुनिया में इस तरह की घटनाएं देखने व सुनने को मिलीं जिससे लगा है कि भारत विरोध, विशेषकर हिन्दूफोबिया अपने दूसरे चरण में प्रवेश कर रहा है। अन्तर केवल इतना आया है कि विरोध की इस लड़ाई का रणक्षेत्र जो पहले भारत था आज वह विदेशी भूमि बनता दिख रहा है। अमेरिकी संस्था नेटवर्क कंटेजियन रिसर्च इंस्टीट्यूट के शोध में खुलासा हुआ है कि हिन्दुओं के खिलाफ नफरत और हिंसा के मामलों में रिकॉर्ड 1000 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंस्टीट्यूट के सह-संस्थापक जोएल फिंकेलस्टाइन ने कहा कि हिन्दू विरोधी मीम्स, नफरत और हिंसक एजेण्डा गढ़ा जा रहा है। इन हमलों और नफरत का माहौल बनाने में श्वेत वर्चस्ववादी और कट्टरपन्थी इस्लामिक लोगों का हाथ है। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे बड़े देशों में हिन्दुओं पर हिंसा बढ़ी है। हिन्दूफोबिया को एक साजिश के तहत बढ़ाया जा रहा है। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के अनुसार अमेरिका में 2020 में भारतवंशी अमेरिकियों पर हमले 500 प्रतिशत बढ़े हैं। इनमें से ज्यादातर हिन्दू धर्मावलम्बी हैं। ब्रिटेन के लिस्टर और बर्मिंघम के स्मैडेक में हाल में मन्दिरों पर हुए हमलों में पाकिस्तानी जिहादी गैंग के गुर्गों का हाथ सामने आया है। ब्रिटिश खुफिया एजेंसियों के अनुसार पाकिस्तान का जिहादी आतंकी नेटवर्क ब्रिटेन और यूरोप में जिहाद फैलाने में जुटा है। पाकिस्तान से आतंकियों को लाकर ब्रिटेन के मदरसों में रखा जाता है। ब्रिटेन में 30 साल पहले पाक आतंकी मसूद अजहर ने जिहादी नेटवर्क बनाया। 2005 में लंदन में बम धमाकों में अल कायदा नेटवर्क का हाथ था जिसमें 56 लोग मारे गये थे। ब्रिटेन की संसद में पेश रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन की लगभग 7 करोड़ की आबादी में 4 प्रतिशत मुस्लिम हैं लेकिन ब्रिटेन की जेलों में कैदियों में वे 18 प्रतिशत हैं। इंग्लैंड और वेल्स की कुल आबादी में दो प्रतिशत हिन्दू हैं, लेकिन कोई भी हिन्दू जघन्य अपराध के आरोप में जेल में नहीं है। आज पूरी दुनिया में भारत व खास कर हिन्दू समाज के खिलाफ झूठा विमर्श स्थापित करने का प्रयास हो रहा है। हिन्दुओं को अल्पसंख्यकों व दलितों पर उत्पीड? करने वाले के रूप में दिखाने का प्रयास हो रहा है। यह उस समय हो रहा है जब देश की राष्ट्रपति एक वनवासी महिला हैं। सरकार, न्यायपालिका और प्रशासन में मुस्लिम, ईसाई, अन्य अल्पसंख्यक उच्च पदों पर हैं। पंजाब में सिख मुख्यमन्त्री हैं। नगालैण्ड, मिजोरम, मेघालय जैसे ईसाई बहुसंख्या वाले राज्यों में ईसाई मुख्यमंत्री हैं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय की कमान मुस्लिम मन्त्रियों के हाथों में रही है। केन्द्र-राज्य की सरकारों के द्वारा प्रणालीगत रूप से मुस्लिम समुदाय के गरीब-पिछड़े तबके की मदद के प्रयास किये गये हैं। मुस्लिम महिलाओं के हक में निर्णय लिए गये हैं। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो बीते आठ सालों से भारत साम्प्रदायिक टकरावों से लगभग मुक्त रहा है। मॉब लिंचिंग की निन्दनीय घटनाएं भी चन्द ही हुईं और वे किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं थीं। कानून-व्यवस्था सभी दोषियों पर समान रूप से कार्रवाई करती है। इसके बावजूद अमेरिका के एक प्रतिष्ठित अखबार में एक पेड-विज्ञापन छपवाकर यह कहा गया है कि भारत में लाखों नागरिक धार्मिक भेदभाव और मॉब लिंचिंग के शिकार हो रहे हैं। यह झूठा कथन है, जिसमें कोई तथ्य या आंकड़े प्रस्तुत नहीं किये गये। अगर समाचार-पत्र ने एक साधारण-सा फैक्ट-चेक किया होता तो वह इस दुष्प्रचार को प्रकाशित करने से कतरा जाता।

■ **राकेश सैन**

# संवेदनशील क्षेत्रों में हिंसा का मुकाबला

***ऐसे*** कई उदाहरण हैं जहां विकास कार्यक्रमों और दृष्टिकोणों से हिंसा का मुकाबला करने में सकारात्मक परिणाम मिले हैं। 'राजस्थान मदरसा बोर्ड' पहल राज्य में पारंपरिक इस्लामी स्कूलों (मदरसों) के आधुनिकीकरण पर केंद्रित है। धार्मिक अध्ययन के साथ-साथ पाठ्यक्रम में विज्ञान, गणित और अंग्रेजी जैसे विषयों को शामिल करके, इसने छात्रों को अधिक सर्वांगीण शिक्षा प्रदान की। परिणामस्वरूप, छात्र चरमपंथी विचारधाराओं के प्रति कम संवेदनशील हो गये। आंध्र प्रदेश में 'सद्भावना' परियोजना का उद्देश्य विविध समुदायों के बीच सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। इसने विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमि के लोगों को सामुदायिक कार्यक्रमों, खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक साथ लाया। इससे समझ बढ़ी, अविश्वास कम हुआ और समुदायों के बीच मजबूत संबंध बनाने में मदद मिली। 'उड़ान' कार्यक्रम कश्मीर घाटी में युवाओं को कौशल विकास और नौकरी प्रशिक्षण प्रदान करने पर केंद्रित है। उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाकर और आर्थिक अवसर प्रदान करके, इसका उद्देश्य युवाओं में अलगाव और निराशा की भावनाओं का मुकाबला करना है, जिससे उन्हें कट्टरपंथ के प्रति कम संवेदनशील बनाया जा सके। भारत के संवेदनशील क्षेत्रों में हिंसा का मुकाबला करने के लिए एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। मूल कारणों को संबोधित करके, स्थानीय समुदायों को शामिल करके और शिक्षा और आर्थिक विकास में निवेश करके, इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देना और चरमपंथी आख्यानों का विरोध करना है। यह परिचय प्रभावी विकास पहल के लिए मंच तैयार करता है जो व्यक्तियों को सशक्त बनाता है, सहिष्णुता को बढ़ावा देता है और हिंसा के प्रसार के खिलाफ एक लचीले समाज का निर्माण करता है। भारत के कमजोर क्षेत्रों में हिंसा का मुकाबला करने के लिए प्रभावी विकास कार्यक्रमों को डिजाइन करने और लागू करने के लिए एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। प्रत्येक क्षेत्र में हिंसा में योगदान देने वाले अंतर्निहित कारकों को समझना महत्वपूर्ण है। आर्थिक असमानताएं, सामाजिक बहिष्कार, शिक्षा की कमी और राजनीतिक हाशिए पर होना जैसे कारक अक्सर भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रमों के डिजाइन और कार्यान्वयन में स्थानीय समुदायों को शामिल करें। प्रासंगिकता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उनकी अंतर्दृष्टि और सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों तक पहुंच में सुधार पर ध्यान दें। शिक्षा व्यक्तियों को सूचित विकल्प चुनने और चरमपंथी विचारधाराओं का विरोध करने के लिए सशक्त बना सकती है। बुनियादी ढांचे, उद्योगों और रोजगार सृजन में निवेश करके समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा, आर्थिक अवसर निराशा और हताशा की भावनाओं को कम करने में मदद कर सकते हैं जिनका चरमपंथी फायदा उठा सकते हैं। समझ और सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न धार्मिक, जातीय और सामाजिक समूहों के बीच संवाद और बातचीत को प्रोत्साहित करें। सामाजिक एकजुटता का निर्माण विभाजन को पाटने और चरमपंथी कथाओं की अपील को कम करने में मदद कर सकता है। संघर्षों और शिकायतों का निष्पक्ष और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए कानून प्रवर्तन और न्याय प्रणालियों को मजबूत करें। संस्थानों में विश्वास कायम करने के लिए न्याय की भावना आवश्यक है। चरमपंथी विचारधाराओं और प्रचार को चुनौती देने वाली प्रति-कथाओं का विकास और प्रसार करें। मीडिया, स्थानीय प्रभावशाली लोग और धार्मिक नेता इस प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। चरमपंथी प्रभावों से ध्यान हटाने और उन्हें अपनेपन की भावना प्रदान करने के लिए सकारात्मक गतिविधियों, खेल, कला और संस्कृति के माध्यम से युवाओं को शामिल करें। आवश्यक समायोजन और सुधार करने के लिए विकास कार्यक्रमों की प्रभावशीलता की लगातार निगरानी और मूल्यांकन करें, संसाधनों और विशेषज्ञता को प्रभावी ढंग से एकत्रित करने के लिए विभिन्न सरकारी एजेंसियों, गैर सरकारी संगठनों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के बीच समन्वय सुनिश्चित करें। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां विकास कार्यक्रमों और दृष्टिकोणों से हिंसा का मुकाबला करने में सकारात्मक परिणाम मिले हैं। 'राजस्थान मदरसा बोर्ड' पहल राज्य में पारंपरिक इस्लामी स्कूलों (मदरसों) के आधुनिकीकरण पर केंद्रित है। धार्मिक अध्ययन के साथ-साथ पाठ्यक्रम में विज्ञान, गणित और अंग्रेजी जैसे विषयों को शामिल करके, इसने छात्रों को अधिक सर्वांगीण शिक्षा प्रदान की। परिणामस्वरूप, छात्र चरमपंथी विचारधाराओं के प्रति कम संवेदनशील हो गए। आंध्र प्रदेश में 'सद्भावना' परियोजना का उद्देश्य विविध समुदायों के बीच सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। इसने विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमि के लोगों को सामुदायिक कार्यक्रमों, खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक साथ लाया। इससे समझ बढ़ी, अविश्वास कम हुआ और समुदायों के बीच मजबूत संबंध बनाने में मदद मिली। 'उड़ान' कार्यक्रम कश्मीर घाटी में युवाओं को कौशल विकास और नौकरी प्रशिक्षण प्रदान करने पर केंद्रित है। उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाकर और आर्थिक अवसर प्रदान करके, इसका उद्देश्य युवाओं में अलगाव और निराशा की भावनाओं का मुकाबला करना है, जिससे उन्हें कट्टरपंथ के प्रति कम संवेदनशील बनाया जा सके। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 'सड़क कनेक्टिविटी परियोजना' जैसी विकास योजनाओं का उद्देश्य सड़कें बनाना और कनेक्टिविटी में सुधार करना है। इन परियोजनाओं ने न केवल पहुंच बढ़ाई बल्कि पृथक क्षेत्रों में आर्थिक लाभ भी पहुंचाया, जिससे चरमपंथी समूहों का प्रभाव कम हुआ। असम में 'गुणोत्सव' कार्यक्रम सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर केंद्रित है। सीखने के माहौल और शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ाकर, इसने बच्चों के लिए शैक्षिक अवसरों में सुधार किया, जिससे वे चरमपंथी प्रभावों के प्रति कम संवेदनशील हो गए। केरल जैसे कुछ राज्यों ने कट्टरपंथ उन्मूलन कार्यक्रम लागू किये हैं जो चरमपंथी विचारधारा से प्रभावित व्यक्तियों के पुर्नवास पर ध्यान केंद्रित करते हैं। ये पहलें परामर्श, व्यावसायिक प्रशिक्षण और पुनर्एकीकरण सहायता प्रदान करती हैं, जिससे व्यक्तियों को समाज में पुनः एकीकृत होने में मदद मिलती है। हिंसा का मुकाबला करने में विकास कार्यक्रमों की सफलता उनकी अनुकूलनशीलता, सामुदायिक भागीदारी और निरंतर मूल्यांकन में निहित है। अंतर्निहित कारकों को संबोधित करके, सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देकर, और शिक्षा और आर्थिक विकास के अवसर प्रदान करके, ये पहल भारत के कमजोर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती हैं। साथ में, ये प्रयास अधिक समावेशी, सहिष्णु और लचीले समाज के निर्माण में योगदान करते हैं, अंततः हिंसा के प्रभाव को कम करते हैं और स्थायी सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देते हैं।

**आंध्र प्रदेश में 'सद्भावना' परियोजना का उद्देश्य विविध समुदायों के बीच सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। इसने विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमि के लोगों को सामुदायिक कार्यक्रमों, खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक साथ लाया। इससे समझ बढ़ी, अविश्वास कम हुआ और समुदायों के बीच मजबूत संबंध बनाने में मदद मिली।**

■ **डॉ सत्यवान सौरभ**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट। - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## नहर को क्षतिग्रस्त करने से किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी

# पांडे बांध जीर्णोद्धार कार्य में संवेदक की मनमानी-लापरवाही से किसान परेशान

### सिंचाई विभाग की उदासीनता से किसानों को झेलनी पड़ रही दोहरी मुसीबत, मजदूरों को मिल रही कम मजदूरी





**कुलदीप कच्छप। भंडरा**
प्रकृति की मार झेल रहे किसानों को सिचाई विभाग के लापरवाही, उदासीनता और मनमानी से दोहरी मुसीबत झेलनी पड़ रही है। लघु सिंचाई प्रमंडल लोहरदगा विभाग से करीब 98 लाख की लागत से बन रहे पांडे बांध जीर्णोद्धार कार्य में संवेदक की मनमानी व लापरवाही से भैंसमुंदो गांव के सैकड़ों किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा है। संवेदक द्वारा पुराने नहर के पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिससे वर्षो पहले बनी नहर बंद हो गयी। इससे किसानों की मुसीबत बढ़ गई है। संवेदक मोहफिल खान द्वारा पांडे बांध जीर्णोद्धार कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। शुक्रवार को ग्रामीणों की शिकायत के बाद उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव एव जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कार्य स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि संवेदक द्वारा छलका एवं नहर को बंद कर दिया गया है। जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा महिला मजदूरों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। महिला मजदूरों को 250 रुपये एवं पुरुष मजदूरों को 300 रुपये मजदूरी दी जा रही है, जबकि सरकारी योजनाओं में मजदूरी दर 326 रुपये है। संवेदक द्वारा पुराने पत्थर से जैसे तैसे जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। वहीं कार्य स्थल पर योजना बोर्ड तक नहीं है। पूर्व में ग्रामीणों एवं स्थानीय मुखिया ने संवेदक को कार्य में सुधार करने की बात कही थी पर संवेदक द्वारा मनमानी तरीके से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत की जानकारी होने के बाद भी संवेदक एवं विभाग कार्य के सुधार की दिशा में कार्य नहीं कर हैं। विदित हो कि वर्षा के अभाव में किसान सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। एक तरफ किसानों के समक्ष धान की बिचड़ों को बचाने की चुनौती है, तो दूसरी तरफ पानी के अभाव में धान की रोपाई का काम लगभग बंद है। जिन किसानों ने निजी साधनों से धान की रोपाई की वहां फसल को बचाना भी अब किसानों के लिए चुनौती है। किसानों को पांडे बांध के नहर से उम्मीद थी पर संवेदक की लापरवाही और मनमानी के चलते किसानों को इन नहरों का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### अभियंता को योजना की जानकारी तक नहीं

वर्ष 2023 में पांडे बांध के जीर्णोद्धार कार्य का टेंडर निजी संवेदक मोहफील खान को दिया गया है। इस संबंध में कार्य की देखदेख कर रहे कनीय अभियंता केदार महतो से बात करने पर उन्होंने अपने आप को योजना से अनभिज्ञता बताई। कनीय अभियंता को योजना के संबंध में कुछ जानकारी नहीं थी। कनीय अभियंता को ना तो योजना की प्राक्कलन राशि की जानकारी थी ना ही मजदूरी दर की जानकारी थी। पत्रकारों द्वारा योजना की जानकारी पूछे जाने पर कनीय अभियंता टालमटोल कर जबाब दिया। इधर मुखिया परमेश्वर महली ने कहा की सरकारी योजनाओं में अनियमितता किसी हालत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा नहर छलका को सुचारु रूप से शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि संवेदक ने कार्य में सुधार नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कहा कि विकास योजनाओं में संवेदक की मनमानी नहीं चलने देंगे। एक ओर किसान बारिश नहीं होने से परेशान हैं। किसान देश के अर्थव्यस्था की रीढ़ है और संवेदक की मनमानी से किसानों को परेशान नहीं होने देंगे। संवेदक यथाशीघ्र जीर्णोद्धार कार्य में सुधार करे नहीं तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी।

## अवैध ईंट भट्ठा मालिक गिरफ्तार क्षेत्र में सनसनी

**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से संचालित लगभग एक दर्जन ईंट भट्ठा मालिकों के विरुद्ध जिला खनन विभाग द्वारा पुलिस थाना में मामला दर्ज कराया गया था। इसको लेकर कुडू थाना क्षेत्र के छोटकी चाँपी स्थित सोना ब्रेक के मालिक एम के साहू को शनिवार को कुडू पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इससे पूर्व इस मामले पर सेन्हा थाना क्षेत्र के ईंट भट्ठा मालिक जयनाथ साहू को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। लगभग 12 ईट भट्ठा मालिकों के विरुद्ध अलग-अलग थाना में जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। अब तक पुलिस ने दो ईंट भट्ठा मालिकों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। खनन विभाग की टीम द्वारा अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा पर छापामारी किया गया था। खनन नियमों के प्रतिकूल स्थिति मिलने पर भट्ठा मालिकों से जवाब तलब किया गया था। बालू और मिट्टी की रॉयल्टी सरकार के पास जमा करने के लिए कई बार भट्ठा मालिकों का पत्र दिया गया। बावजूद रॉयल्टी का पैसा भट्ठा मालिक सरकारी खजाने में जमा करने से परहेज करते रहे। खनन विभाग ने अवैध रूप से संचालित एक दर्जन ईट भट्ठा मालिकों के विरुद्ध अलग-अलग थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया। शनिवार को गिरफ्तार एम साहू के ऊपर खनन विभाग 1 लाख 73 हजार का जुर्माना लगाया था।

## उग्रवाद प्रभावित पठारी गांव में चला सोशल ऑपरेशन

### ग्रामीणों के साथ खड़ी है पुलिस : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अपर पुलिस अधीक्षक अभियान दीपक कुमार पांडे एवं सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार के संयुक्त अगुवाई में शनिवार को सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित पठारी गांव में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के बीच जरूरत के सामानों का वितरण किया गया। पठारी ग्रामीणों से पुलिस अधिकारियों ने सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को चिन्हित किया।

ग्रामीण समस्याओं के निपटारे के लिए पुलिस अधिकारियों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास पत्राचार करने का भरोसा ग्रामीणों को दिया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सुरक्षाबलों और ग्रामीणों के बीच दूरी पाटकर मैत्री संबंध स्थापित किया गया। सुरक्षाबलों और ग्रामीणों के समन्वय से ग्रामीण इलाकों का विकास करने की पहल की गई। इस मौके पर एरिया डोमिनेट भी किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा उग्रवाद प्रभावित पठारी गांव में ड्रोन उड़ा कर भौगोलिक और ताजा स्थिति की निगरानी और सर्वे किया। एरिया डोमिनेट कर ग्रामीणों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि, भटके ग्रामीण युवाओं को मुख्य धारा में लौटने के लिए ग्रामीण उन्हें प्रेरित करें। कहा पुलिस ग्रामीणों की सुरक्षा और सहयोग के लिए है। एसपी ने कहा, नक्सलियों का मदद ग्रामीण किसी हाल पर नहीं करें। गांव में नक्सली गतिविधि होने पर पुलिस को सूचना देना सुनिश्चित करें। अपर पुलिस अधीक्षक अभियान दीपक कुमार पांडे ने भी ग्रामीणों को सुरक्षा और अपनत्व का एहसास कराया। सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने पठारी ग्रामीणों को भरपूर सुरक्षा व सहयोग देने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में बगडू थाना क्षेत्र के हिसरी, कोरगो समेत दर्जनों गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### किस्को प्रखंड के पांच पंचायतों में 'मेरी मिट्टी मेरा देश' के तहत शहीद को दी गई श्रद्धांजलि



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी अंतर्गत ग्राम हुआहार निवासी सीआरपीएफ के वीर शहीद हवलदार शिव नारायण भगत को मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सीओ बुड़ायं सारू की अध्यक्षता में असिस्टेंट कमांडेंट रामकरण मीना और सीआरपीएफ के जवानों के साथ मुखिया चांदमुनी उरांव की उपस्थिति में पिरामल फाउंडेशन से एकराम खान तथा नेहरू युवा केंद्र, मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुदर्शन लकड़ा के साझा प्रयास से वीर शहीद शिव नारायण भगत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी शहादत दिवस 5 दिसंबर 1987 को याद किया गया। साथ ही समस्त परिजनों को सॉल देकर सम्मानित कर सभी को एक-एक पौधा अपने घर में उनके नाम पर लगाने के हेतु दिया गया। वहीं वीर शहीद के नाम को शिलापट पर सुनहरे अक्षरों में भी अंकित किया गया। इसके बाद अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। साथ ही सशस्त्र सीमा बल के तरफ से वीर शहीद की याद में पौधरोपण कर सभी को शपथ दिलाई गई। मौके पर बीडीओ सह सीओ बुड़ायं सारू, सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट, थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो, मुखिया, जनसेवक, पिरामल टीम नेहरू युवा केन्द्र के अध्यक्षनसीम अंसारी सचिव मुन्ना उरांव सहित ग्रामीण जनता तथा युवा, शिक्षक,सेना के जवानों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन किया गया।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता

**लोहरदगा।** अतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल, सेरेंगहातु के प्रांगण में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तिरंगा झंडा चित्र बनाने को दिया गया था। इस प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम स्थान पर पंचम कक्षा की सरया नाज, द्वितीय स्थान पर पंचम कक्षा के हर्ष कुमार एवं तृतीय स्थान पर प्रथम कक्षा के सरेश कुमार आये हैं। सभी बच्चों ने अच्छा चित्र बनाया था। इस प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में सुबह से ही उत्साह दिख रहा था। इस मौके पर बीके बालानिजनप्पा समेत प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के रानी, ज्योत्सना, सुधा मिश्रा, कनीशका साहु, सरहा, जहान, असरेता खलखो, पुष्पा चेपो, रोमा आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान चलाया गया



**लोहरदगा।** आजादी के अमृत महोत्सव समापन समारोह के दौरान किस्को पंचायत के सेमरदीह गांव में स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय सेमरडीह में ₹मेरी माटी मेरा देश₹ अभियान चलाया गया। इसके तहत सी.आर.पी.एफ. - 158 बटालियन के राम करन मीना, सहायक कमाण्डेन्ट ने सी.आर.पी.एफ. के हव0/जीडी शहीद शिव नारायण भगत की पत्नी वीरनारी गंगिया देवी को मिष्ठान तथा शॉल भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही हव0/जीडी शहीद शिव नारायण भगत की पत्नी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि सी.आर.पी.एफ. के समस्त अधिकारी एवं कार्मिक उनके सुख-दुखः में सदैव उनके साथ खड़े हैं । तदोपरान्त खंड विकास अधिकारी के साथ मिलकर शहीद शिव नारायण भगत की याद में उनके नाम का शिलापट की सस्थापना की तथा इस उपलक्ष्य में पौधारोपण भी किया गया।

# अपील : अपने घरों में तिरंगा अवश्य लगाएं : अफरोज आलम

## मेरी माटी, मेरा देश व हर घर तिरंगा अभियान के उपलक्ष्य विशेष कार्यक्रम आयोजित





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
देश के प्रत्येक नागरिक को 13 से 15 अगस्त तक अपने घर पर तिरंगा फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़कर इसे जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया गया है। इस अभियान का उद्देष्य आमजन के दिलों में देषभक्ति की भावना को जागृत करने के साथ तिरंगे से जुड़ाव को गहरा करना है। साथ ही 9 से 30 अगस्त तक 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत देश के कोने कोने से मिट्टी जमा कर के दिल्ली लाया जाएगा और भारत माता की प्रतिमा बनाई जाएगी। इसी कड़ी में भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा, लोहरदगा के प्रांगण में 'मेरी माटी, मेरा देश', 'हर घर तिरंगा' पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर घर तिरंगा रैली, सेमिनार, सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य, प्रेस वार्ता, पौधारोपण आदि का आयोजन हुआ। साथ ही रंगोली, चित्रांकन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें से विजई प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, मुखिया सेन्हा धनवाज उरांव, नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा एवं गुमला के ज़िला युवा अधिकारी अब्दुल फारूख खान, वार्डन सह शिक्षिका पूनम कुमारी एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से महात्मा गांधी, भगवान बिरसा मुंडा और कस्तूरबा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सभी अतिथिगणों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं द्वारा अतिथियों के स्वागत के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं राष्ट्रीय ध्वज देकर किया। मौके पर अफरोज आलम ने कहा कि तिरंगा प्रतीक है, जो पूरे देश को एकबद्ध करता है, इसीलिए सभी स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा लगायें और हर घर तिरंगा के लक्ष्य को पूरा करें। बीईईओ रामकरण द्विवेदी कहा कि झारखंड के कई वीर सेनानियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। हम भगवान बिरसा मुंडा, वीर टाना भगत, वीर तेलंगा खड़िया, वीर बुधु भगत आदि के संघर्ष को नमन करते हैं। मुखिया सेन्हा धनवाज उरांव ने कहा कि यह कार्यक्रम हर हिंदुस्तानी के मन में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित करेगा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं के द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीत एवं सांस्कृतिक नाटक की प्रस्तुति की गई जिसे उपस्थित दर्शकों ने काफी सराहा। मौके पर एक तिरंगा रैली का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम स्थल पर रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में सनीमा कुमारी, उषा कुमारी, सीता कुमारी, सरस्वती कुमारी विजई रहे और पेंटिंग प्रतियोगिता में परीना खातून, गजनती कुमारी, निशा उरॉव और मोनिका कुमारी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में दर्शक दीर्घा के रूप में करीब 600 ग्रामीणजन एवं बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में सामाजिक विज्ञान शिक्षिका प्रेमदानी कुमारी, शारीरिक शिक्षिका नीलिमा टेटे, विज्ञान शिक्षिका शिखा रानी, लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर जयमाला कुमारी, सिकंदर हयात, अलका रीना लकड़ा, उर्मिला एक्का, ममता कुमारी, सोनी टोप्पो और अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं, समाजसेवी, ग्रामीण जन एवं अन्य प्रबुद्ध नागरिक के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक अंजनी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ अतुल्यम रत्न तिर्की, संजय साहू की महती भूमिका रही।

## अवैध बिजली कनेक्शन को लेकर छापेमारी, 7 पर केस

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विद्युत अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर शनिवार को थाना क्षेत्र के हुदू गांव में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी की गई। इस दौरान विभाग द्वारा बकाया पर लाइन काटे जाने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले महादेव उरांव पिता भौआ उरांव, सुखदेव उरांव पिता बुधु उरांव, महाबीर महली पिता चमन महली, झांकी पहान पिता सोम पहान, दुखन मुंडा पिता अर्जुन मुंडा, विधि उरांव, पिता बीसवां उरांव, चंद्रो तुरी पिता कंदरू तुरी समेत सात लोगों के खिलाफ कैरो थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आवश्यक करवाई की बात कही है। कैरो थाना के धारा 135, 137 दर्ज कर आगे की करवाई पर पुलिस जुटी। छापामारी दल में मुख्य रूप से राजीव कुमार, सुनील कुमार क्षत्री, जौहर अंसारी, मजूल अंसारी, कैफ अंसारी, अजहर खान, सूरज गिरी, बैकुंठ शुक्ल, खुर्शीद अंसारी, जाहिद अंसारी, सोनू खान, उर्जामित्र तारिक अनवर आदि लोग उपस्थित थे।

## पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों की बीडीओ से गुहार

**भंडरा।** प्रखंड बस्ती में पेयजल की समस्या को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों के सब्र का बांध शनिवार को टूट गया। वार्ड सदस्य संतोष पंडित व 20 सूत्री सदस्य अब्दुल कुदुस के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बीडीओ रंजित कुमार सिन्हा को आवेदन देकर भंडरा बस्ती में पाइप लाइन जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10 माह से बस्ती में सैकड़ों ग्रामीणों को पाइप लाइन जलापूर्ति नही मिल पा रहा है। इस मौके पर उत्तम गुप्ता, मुकेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, आसिफ एकबाल, दिलीप गुप्ता, नुरहसन अंसारी, राजू उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## झामुमो अल्पसंख्यक जिला सचिव ने भंडरा प्रखंड में सुनी लोगों की समस्या



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
झारखंड मुक्ति मोर्चा के अल्पसंखयक जिला सचिव मंसूर अंसारी एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव ने भंडरा प्रखंड के नगड़ी गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चला ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। मौके पर लोगों से पानी बिजली, राशन कार्ड, वृद्धा, विधवा व निशक्तों को पेंशन आदि से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। पूना उरांव के घर से अर्जुन उरांव के घर तक जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने के लिए पहल करने का आश्वासन दिया। अंसारी ने आम लोगों की समस्याओं से भंडरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराने की भी बात कही। पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव ने ग्रामीणों की समस्या का निदान करने के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इसका लाभ उठाने की अपील भी की। इस मौके पर ग्रामीण वासी वार्ड सदस्य सोमरा उरांव, दसई उरांव, सुखैर उरांव, धरती उरांव, अरबिंद उरांव, सुदर्शन उरांव, राज लोहरा, रितेश उरांव, पूना उरांव, शिवचरण उरांव, सुरेंद्र उरांव, फगुवा उरांव, महावीर उरांव, लछु उरांव, सुकेंदर उरांव, संतोष उरांव, सोमनाथ उरांव, अजय खाखा, राजकुमार लोहरा अन्य मौजूद थे।

## अपराध : पुलिस ने घटना का किया खुलासा, तीन आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

# प्रेम प्रसंग के शक में युवक को अधमरा कर फेंका, रिम्स में मौत



**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
जिले के किस्को थाना क्षेत्र में एक बार प्रेम प्रसंग के शक पर एक युवक को प्लानिंग के तहत फोन कर मध्य रात्रि में घर बुलाकर पहले जमकर धुनाई करने और युवक को मरा हुआ समझकर रात के 9 बजे फेंके जाने मामले का किस्को पुलिस ने सुलझा लिया है। यहां पर बता दें कि बीते 8 अगस्त को किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के अम्बा टोली निवासी चमरा भगत का पुत्र विनेश भगत को ख्वास किस्को निवासी रामचंद्र उरांव का पुत्र दिलीप उरांव और उसकी पत्नी राजकुमारी उरांव एवं शिवचरण उरांव की पत्नी ग्राम पंचायत परहेपाट पूर्वी क्षेत्र की पंचायत समिति सदस्या राजमुनी उरांव के द्वारा बेरहमी से मारकर अधमरा कर दिया और मरा हुआ समझकर रात में ही युवक विनेश भगत को मुख्य चौक के बगल पर स्थित मिडिल स्कूल मैदान में फेंक दिया गया। इधर इसकी सूचना अहले सुबह में जब किस्को थाना पुलिस को हुई तो तत्काल घायल युवक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को ले जाया गया जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। इस दौरान सदर अस्पताल में डॉक्टरों की टीम के द्वारा इलाज करने के बाद युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि बीते 9 अगस्त से घायल युवक का इलाज रिम्स रांची में चल रहा था। इस बीच शुक्रवार की रात लगभग 1:00 बजे मृत्यु हो गई।

**परिजनों के आवेदन पर कार्रवाई की पुलिस ने :** ग्राम अम्बा टोली निवासी चमरा भगत के पुत्र की पिटाई मामले पर युवक के परिजन द्वारा थाना में लिखित आवेदन देकर तीन लोगों को नामजद आरोपी बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग रखी थी। उक्त आवेदन के आधार पर किस्को थाना पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले नामजद आरोपी रामचंद्र उरांव का पुत्र दिलीप उरांव, दिलीप उरांव की पत्नी राजकुमारी उरांव एवं शिवचरण उरांव की पत्नी जो ग्राम पंचायत परहेपाट पूर्वी क्षेत्र की पंचायत समिति सदस्या राजमुनी उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो ने बताया कि युवक के भाई द्वारा थाना में लिखित आवेदन दिया गया था जिसमें तीन लोगों पर घटना को अंजाम देने का आरोप है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### पीएम मोदी ने जी -20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक को किया संबोधित, कहा

# भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सख्त नीति है। जी-20 देशों के सामूहिक प्रयास भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से कोलकाता में आयोजित जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शहर कोलकाता में गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पहली बार जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक भौतिक रूप से हो रही है। टैगोर के लेखन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने लालच के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि लालच हमें सच्चाई का अहसास करने से रोकता है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि भ्रष्टाचार का सबसे अधिक प्रभाव गरीबों और हाशिये पर रहने वाले लोगों पर पड़ता है। यह संसाधनों के उपयोग को प्रभावित करता है। बाजारों को विकृत करता है। सेवा वितरण को प्रभावित करता है और अंततः लोगों के जीवन की गुणवत्ता को कम करता है। अर्थशास्त्र में कौटिल्य का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने लोगों के कल्याण को अधिकतम करने के लिए राज्य के संसाधनों को बढ़ाना सरकार का कर्तव्य है। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भ्रष्टाचार से लड़ने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि यह अपने लोगों के प्रति सरकार का पवित्र कर्तव्य है। प्रधानमंत्री ने कहा, ' भारत पारदर्शी और जवाबदेह पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और ई-गवर्नेंस का लाभ उठा रहा है। कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं में लीकेज और कमियों को दूर किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप भारत में लोगों को उनके बैंक खातों में राशि का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्राप्त हुआ है और मदद मिली है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने व्यवसायों के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं को सरल बनाया है और सरकारी सेवाओं के स्वचालन और डिजिटलीकरण का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, 'हमारे सरकारी ई-मार्केटप्लेस या जीईएम पोर्टल ने सरकारी खरीद में अधिक पारदर्शिता ला दी है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार आक्रामक रूप से आर्थिक अपराधियों का पीछा कर रही है और आर्थिक अपराधियों और भगोड़ों से 1.8 बिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति की वसूली हुई है। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम का भी उल्लेख किया, जिसने 2014 से अपराधियों की 12 बिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त करने में मदद की है। प्रधानमंत्री ने 2014 में अपने पहले जी-20 शिखर सम्मेलन में सभी जी20 देशों और ग्लोबल साउथ के लिए भगोड़े आर्थिक अपराधियों की चुनौतियों पर हुई चर्चो को याद किया। उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और संपत्ति की वसूली के लिए नौ सूत्री एजेंडा पेश करने का भी उल्लेख किया। 2018 में जी-20 शिखर सम्मेलन और कार्य समूह द्वारा निर्णायक कदम उठाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर कार्रवाई-उन्मुख उच्च-स्तरीय सिद्धांतों का स्वागत किया, अर्थात, सूचना साझा करने के माध्यम से कानून प्रवर्तन सहयोग, संपत्ति वसूली तंत्र को मजबूत करना, और भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों की अखंडता और प्रभावशीलता को बढ़ाना।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच अनौपचारिक सहयोग पर एक सहमति बनी है जो अपराधियों को सीमा पार करते समय कानूनी खामियों का फायदा उठाने से रोकेगी। समय पर संपत्ति का पता लगाने और अपराध से प्राप्त आय की पहचान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने देशों को अपने घरेलू संपत्ति पुनर्प्राप्ति तंत्र को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मोदी ने सुझाव दिया कि जी-20 देश विदेशी संपत्तियों की वसूली में तेजी लाने के लिए गैर-दोषी-आधारित जब्ती का उपयोग करके एक उदाहरण स्थापित कर सकते हैं और कहा कि यह उचित न्यायिक प्रक्रिया के बाद अपराधियों की त्वरित वापसी और प्रत्यर्पण सुनिश्चित करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा, 'यह भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी संयुक्त लड़ाई के बारे में एक मजबूत संकेत भेजेगा।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 देशों के सामूहिक प्रयास भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण रूप से समर्थन कर सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने और भ्रष्टाचार के मूल कारणों को संबोधित करने वाले मजबूत उपायों के कार्यान्वयन के माध्यम से एक बड़ा अंतर लाया जा सकता है। मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में ऑडिट संस्थानों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

## पुणे में जल्द चलेंगी स्काईवॉक बसें : गडकरी

**एजेंसी। मुंबई**



केंद्रीय परिवहन और सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि पुणे में जल्द स्काईवॉक बसें चलाई जाएंगी। इस योजना पर सरकार काम कर रही है। इससे पुणे शहर को ट्रैफिक जाम से राहत मिल सकेगी। गडकरी ने आज पुणे में नए चांदनी चौक फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। इस मौके पर राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, अजित पवार, संरक्षक मंत्री चंद्रकांत पाटिल और अन्य भाजपा नेता मौजूद थे। इस मौके पर गडकरी ने कहा कि पुणे शहर दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ पुणे में वाहनों की संख्या भी बढ़ गई है। मेरे पास पुणे के लिए एक हवाई स्काईबस का विचार है। मैं अजित पवार और चंद्रकांत पाटिल से अनुरोध करता हूं कि वे इस प्रस्तुति को एक बार अवश्य देखें। नितिन गडकरी ने आश्वासन दिया कि इस स्काई वॉक बस में एक बार में 250 यात्री यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि चूंकि यहां पहले से ही ट्रैफिक जाम है, इसलिए अब पुणे में वाहनों की संख्या न बढ़ाएं। यहां बहुत ज्यादा प्रदूषण है, इसलिए हम देश में पेट्रोल डीजल पर बैन लगाना चाहते हैं। इससे 40 प्रतिशत तक प्रदूषण कम होगा। वीआईपी संस्कृति खत्म होनी चाहिए। सायरन की आवाज खत्म होनी चाहिए। पुणे के विकास के लिए चालीस हजार करोड़ रुपये की विकास योजना तैयार की गई है। इसमें दो-तीन मंजिला फ्लाईओवर हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि जहां रिंग रोड भी जल्द पूरा होगा और मेट्रो का काम भी अंतिम चरण में है।

## NEWS इन ब्रीफ

### ज्ञानवापी परिसर में एएसआई का नौवें दिन का सर्वे पूरा

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध के बीच शनिवार को लगातार नौंवे दिन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम ने वैज्ञानिक सर्वे की प्रक्रिया पूरी की। सर्वे के बाद शाम पांच बजे टीम परिसर से बाहर आई। सर्वे रविवार को भी होगा। हाई कोर्ट के आदेश पर एएसआई टीम ने पूरे दिन अत्याधुनिक मशीनों से परिसर के अलग-अलग हिस्सों का सर्वे किया। टीम ने परिसर में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सील वजूखाने एरिया को छोड़कर आधुनिक मशीनों के जरिए डिजिटल मैपिंग, फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की। दोपहर में लंच ब्रेक और नमाज के कारण करीब डेढ़ घंटे सर्वे प्रकिया रोकी गई।

### नदी तैरकर बांग्लादेश पहुंचे युवक को बीएसएफ ने लाया वापस

**करीमगंज (असम)।** असम के करीमगंज में कुसियार नदी को तैरकर बांग्लादेश पहुंचे युवक को शनिवार को बीएसएफ वापस लेकर आ गई। बॉर्डर गार्ड ऑफ बांग्लादेश द्वारा गिरफ्तार किये गए इस युवक को फ्लैग मीटिंग के जरिये वापस लाया गया। युवक की पहचान जिले के पथारकांदी इस्लामचेरा गांव के युनूस बैद्य के रूप में हुई है। ज्ञात हो कि यूनुस नदी को तैरते हुए बांग्लादेश में प्रवेश कर गया था। उसके नदी तैरकर बांग्लादेश में घुसने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। बीएसएफ ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार है। फ्लैग मीटिंग के जरिए आखिरकार आज उसे बीएसएफ ने वापस लाया।

### जमीअत का दावा- नूंह हिंसा में 13 मस्जिदें हुईं क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मेवात जिले के नूंह में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद जमीअत उलमा-ए-हिंद का प्रतिनिधिमंडल जमीअत अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी के निर्देश पर लगातार राहत कार्यों, सर्वेक्षण और कानूनी कार्रवाई में लगा हुआ है। इसके लिए जमीअत ने रिलीफ कमेटी, लीगल सेल और सर्वे कमेटियों का गठन किया है। अपनी पड़ताल के बाद प्रतिनिधिमंडल ने दावा किया है कि मुसलमानों के कई धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने 13 ऐसी प्रभावित मस्जिदों का दौरा किया है।

## श्रीनगर एयरबेस पर मिग-29 की तैनाती पाकिस्तान और चीन पर रहेगी नजर

### पुराने मिग-21 जेट को बदलने के लिए तैनात की गई है अपग्रेडेड मिग-29 की स्क्वाड्रन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय वायु सेना ने चीन और पाकिस्तान से एक साथ मुकाबला करने के लिए जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पर चौथी पीढ़ी के अपग्रेडेड मिग-29 यूपीजी को तैनात किया है। यह अत्यधिक लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल के साथ हमला करने में सक्षम है। इस स्क्वाड्रन को पुराने मिग-21 जेट को बदलने के लिए तैनात किया गया है। वायु सेना के मुताबिक मिग-29 यूपीजी लड़ाकू विमान की युद्धक क्षमता अधिक है। यह एवियोनिक्स और लंबी दूरी की मिसाइलों से लैस है। दुश्मनों को जवाब देने के लिए इसे घातक हथियारों से भी लैस किया गया है। यह एयरबेस श्रीनगर कश्मीर घाटी के केंद्र में स्थित है और इसकी ऊंचाई मैदानी इलाकों से अधिक है। मिग-29 उन सभी मानदंडों को पूरा करता है, जिसके कारण दोनों मोर्चों पर एक साथ दुश्मनों से मुकाबला करने में सक्षम हैं। मिग-21 की तुलना में मिग-29 के कई फायदे हैं। यह लंबे समय तक कश्मीर घाटी में भारत की ओर आंख उठाकर देखने वाले दुश्मनों को मुहंतोड़ जवाब देने में सक्षम है। वायु सेना के एक अधिकारी ने मिग-29 यूपीजी की लड़ाकू क्षमता के बारे में बताया कि 2019 में बालाकोट हवाई हमलों के बाद यही विमान पाकिस्तानी आतंकवादी शिविरों पर अटैक करके एफ-16 को मार गिराने में भी कामयाब रहा था।

## अगले पांच साल में 3 लाख नये पैक्स समिति बनाने का लक्ष्य: अमित शाह

**एजेंसी। गांधीधाम**



केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गांधीधाम-कंडला में इफको के 350 करोड़ रुपए के खर्च से तैयार विश्व के पहले नैनो डीएपी (तरल) प्लांट का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सहकारी क्षेत्र के बड़ी संख्या में मौजूद किसानों के बीच केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश में सहकारिता के जरिए किसानों को समृद्ध करने के निश्चय के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्राकृतिक खेती को प्रमुखता देकर नई हरित क्रांति शुरू हुई है। वहीं, पैक्स के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आगामी 5 साल में 3 लाख नए पैक्स (प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसायटी) बनाना तय किया गया है। इफको परिसर में नैनो डीएपी (तरल) प्लांट का शिलान्यास करने के बाद केन्द्रीय मंत्री ने किसानों से कहा कि पीएम मोदी ने सहकारिता मंत्रालय बनाने के बाद देश के किसानों को समृद्ध बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसमें आज इफको भी इस प्लांट के जरिए जुड़ गया है। इफको के नया तरल खाद कई तरह से किसानों और खेती के लिए फायदेमंद साबित होगा। इससे जहां धरती माता सुरक्षित होंगी, जमीन में केमिकल और जहर नहीं मिलेगा, किसानों के समक्ष आज जमीन को उपजाऊ बनाए रखने की चुनौती है, इससे उन्हें मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नैनो डीएपी मिट्टी में नहीं मिलता, पौधों में ही रहता है। इससे जल प्रदूषित भी नहीं होगा, उत्पादन भी बढ़ेगा। साथ ही इसकी कीमत कम होने से किसानों को आर्थिक फायदा भी होगा।

## राहुल गांधी का बयान उकसाने वाला : रविशंकर प्रसाद

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मणिपुर पर सदन में चर्चा और अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा लगाए गए आरोपों पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने पलटवार किया।उन्होंने कहा है कि कांग्रेस नेता ने बेबुनियाद आरोप लगाए हैं, संसद सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए है, विपक्ष को अपनी बात कहनी चाहिए। लेकिन, यह भी जरूरी है कि वह सत्ता पक्ष की भी बात सुने। उन्होंने कहा कि विपक्ष किसी की बात नहीं सुनता है, पहले उन्होंने कहा कि पीएम को बुलाओ और जब प्रधानमंत्री मणिपुर पर बोल रहे थे तो विपक्ष ने नहीं सुना, वॉकआउट कर दिया। प्रसाद ने कहा कि स्पीकर के पास जाकर हंगामा करो, हल्ला करो, किसी और को बोलने ना दो और फिर यह आरोप लगाओ कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता, यह विपक्ष का दोहरा चरित्र है। उन्होंने विपक्ष के आचरण को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि चर्चा के समय विपक्ष भाग जाता है। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी तीखा निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी का भाषण उकसाने वाला था। उन्होंने बेहद आक्रामक शब्दों का इस्तेमाल किया और उनके पास लोकतांत्रिक सोच नहीं है। प्रसाद ने राहुल पर हमला जारी रखते हुए कहा कि राहुल गांधी ना देश को समझते हैं और ना ही देश की परिस्थिति को समझते हैं। उनके पूर्वजों ने एक बार देश का विभाजन करा दिया है। लेकिन, अब हम फिर से देश का विभाजन नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी राहुल के भाषण को लेकर पूरे देश में जाएगी। राहुल गांधी पर राजनीतिक हमला जारी रखते हुए प्रसाद ने आगे कहा कि राहुल गांधी अपनी क्षमता से नहीं बल्कि अपने परिवार की कृपा से नेता बने हैं। अधीर रंजन चौधरी के बयान पर पलटवार करते हुए प्रसाद ने यह भी कहा कि वह किस कानून से यह बोल रहे हैं कि अविश्वास प्रस्ताव आने के बाद कोई विधेयक नहीं लाया जा सकता है, यह कहां लिखा है? उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव का नियम तो यह कहता है कि जब स्पीकर इसकी अनुमति दे देते हैं तो 10 दिन के अंदर उस पर कभी भी बहस हो सकती है।

### तैयारी | दीपोत्सव पर 21 लाख से अधिक दीपों से रोशन होगी 'अयोध्या'

# ऐप के जरिए देख सकेंगे दीपोत्सव

**एजेंसी। अयोध्या**



इस बार भी अयोध्या में दीपोत्सव बहुत ही भव्य, दिव्य स्वरूप में मनाया जाएगा। जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। अयोध्या में त्रेतायुग को जीवंत करने के लिए इस बार दीपोत्सव में 21 लाख से ज्यादा दीयों को जलाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने शनिवार को अयोध्या के अधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक आयोजित की। वर्चुअल बैठक में राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा की ओर से प्रमुख सचिव पर्यटन को लिखे गए पत्र पर चर्चा की गई। इसमें सातवां दीपोत्सव वर्चुअल मनाने की भी तैयारी की गई।

### दीये खरीदने वालों को मिलेगा प्रसाद

बैठक में प्रमुख सचिव ने कहा अबकी बार एक बार फिर से दीपोत्सव में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार 21 लाख दिए जलाने का योगी सरकार का लक्ष्य है। ऐसे में एक ऐप बनाया जाएगा, जिससे लोगों को आसानी से जोड़ा जाएगा। जो लोग ऐप के माध्यम से दीपोत्सव कार्यक्रम से जुड़ेंगे उनको एक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। दीप जलाने के बाद जो लोग दीये लेना चाहें, उस दीये को 11 व 21 रुपये शुल्क रखा जाएगा और जो लोग ऑनलाइन पेमेंट करेंगे उनको दीये के साथ प्रसाद भी दिया जाएगा।




### सनी देओल की 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल, ग्रैंड ओपनिंग



**सनी देओल** और अमीषा पटेल स्टारर 'गदर 2' कल शुक्रवार (11 अगस्त) को रिलीज हो गई। रिलीज के पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जोरदार कमाई की है। फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। यह 2001 की फिल्म गदर: एक प्रेम कथा का सीक्वल है। जानकारी के मुताबिक, 'गदर 2' ने प्रदर्शन के पहले दिन 40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म की एडवांस बुकिंग को दर्शकों का जोरदार रिस्पॉन्स मिला था। एडवांस बुकिंग में 20 लाख टिकटें बिकीं। उम्मीद है कि यह 'पठान' के बाद साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर होगी। बॉलीवुड के दबंग सलमान खान ने भी 'गदर 2' की पहले दिन की कमाई को लेकर एक पोस्ट शेयर किया और फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।

### अक्षिता मुद्गल करेंगी 'तुलसी धाम के लड्डू गोपाल' में अभिनय



**अभिनेत्री** अक्षिता मुद्गल 'तुलसी धाम के लड्डू गोपाल' में अभिनय करेंगी। उन्होंने कहा कि इसकी कहानी सुनकर उन्हें 'दिव्य अंतर्ज्ञान' महसूस हुआ और लगा कि यह भूमिका उनके लिए ही 'नियत' थी। अक्षिता आगामी फिक्शन शो 'तुलसी धाम के लड्डू गोपाल' में मुख्य भूमिका 'तुलसी' निभाएंगी। लड्डू गोपाल के कालातीत ज्ञान से प्रेरित होकर, तुलसी कठिन परिस्थितियों, दुनिया से छिपे एक दायरे के बीच उनकी उपस्थिति का एकमात्र गवाह बन जाता है। इस नई भूमिका के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए अक्षिता ने कहा : मेरा मानना है कि यह भूमिका मेरे लिए थी।

### निरहुआ-आम्रपाली भोजपुरी फिल्म 'मंडप' का ट्रेलर आउट



**भले** ही आज दुनिया आधुनिक हो गई है। बेटियां देश दुनिया में गौरव की मिसाल पेश कर रही हैं लेकिन आज भी समाज में दहेज प्रथा का चलन देखने को मिलता है और बेटियों को आज भी इसके दुष्परिणाम झेलने को मिलते हैं। कुछ इसी संवेदनशील विषय को लेकर एस आर के म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर से निर्मित और सांसद सह अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ व अभिनेत्री आम्रपाली दुबे भोजपुरी फिल्म "मंडप" का निर्माण किया गया है, जिसका ट्रेलर आज रिलीज किया गया है। फिल्म का ट्रेलर बेहद यूनिक लग रहा है, जिसका रन टाइम 3 मिनट और 45 सेकंड है। फिल्म के निमार्ता रौशन सिंह हैं जबकि सह निमार्ता शर्मिला आर सिंह हैं। इस फिल्म के निर्देशक आनंद सिंह हैं। फिल्म मंडप के ट्रेलर की शुरूआत मशहूर अभिनेता संजय पांडे और सुशील सिंह के उस संवाद से होता है, जिसमें अपने बेटे की शादी के लिए दहेज की बात कर रहे होते हैं। सामाजिक और पारिवारिक मानदंडों के इर्द-गिर्द बनी इस फिल्म में निरहुआ और आम्रपाली की शादी हो जाती है लेकिन दहेज की मार यहां आम्रपाली को झेलनी पड़ती है। वर पक्ष यानी निरहुआ के परिवार वालों द्वारा दहेज की डिमांड पर अपने पिता की संपत्ति को गिरवी देख अम्रपाली दुबे में राइफल लेकर निरहुआ के ऊपर तान देती है और निरहुआ को बंधक बना लेती है।

## NEWS इन ब्रीफ

### लोकतंत्र के लिए चुनाव आयोग का निष्पक्ष रहना जरूरी : आभा सिन्हा

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र के लिए चुनाव आयोग का निष्पक्ष रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्तों और कार्यकाल को लागू करने के लिए राज्यसभा में जो विधेयक पेश किया है यदि यह कानून बन गया तो इससे चुनाव आयोग की स्वायत्तता पर असर पड़ेगा। उन्होंने शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि विधेयक में प्रस्ताव है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के पैनल की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। सिन्हा ने कहा कि यदि यह बिल कानून बन गया तो चुनाव आयोग स्वतंत्र नहीं रह पाएगा। निष्पक्ष नहीं रह पाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में शक्तियों का पृथक्करण है यानी न्यायपालिका और कार्यपालिका एक-दूसरे की शक्ति नहीं छीन सकतीं लेकिन कानून के जरिए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने जो संतुलन बनाया था उसे खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

### 15 अगस्त से 16 सितंबर तक चलेगा पोस्टल पेंशनर्स का सदस्यता अभियान

**रांची।** शहीद चौक स्थित जीपीओ में शनिवार को केडी राय की अध्यक्षता में ऑल इंडिया पोस्टल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक हुई। राज्य सचिव एमजेड खान ने कहा कि सभी पेंशनर्स को जोड़ने के लिए राज्य में 15 अगस्त से 16 सितंबर तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में 20 जुलाई को हुई सीएमसी बैठक और 21 जुलाई के संसद मार्च पर भी चर्चा हुई। बताया कि इसमें झारखंड से 16 पोस्टल पेंशनर्स शामिल हुए थे। 15 सूत्री मांगों के समर्थन में देश भर में अभीयान चलाया गया, जिसकी प्रतियां पीएमओ कार्यालय में सौंप दी गयी है। इसमें नई पेंशन योजना की वापसी, आठवें वेतन आयोग के गठन, 18 महीने के बकाया महंगाई भत्ता, मेडिकल इंश्योरेंस की मांग की गयी है। मौके पर वरिष्ठ डाक अधीक्षक साधन कुमार सिन्हा, पूर्व डाक अधीक्षक एसपी मंडल, गौतम विश्वास, त्रिवेणी ठाकुर, हीराराम तिवारी, हसीना तिग्गा, जेठू बड़ाईक, बी बारा,आरबी बैठा, गणेश चंद्र डे, मो रफी, त्रिलोकी नाथ साहू, रामचंद्र महतो, सुखदेव राम व जय प्रकाश उपस्थित थे।

### काजल और त्रिविक्रम ने जीते गोल्ड

**रांची।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में खेले जा रहे ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारतीय दल में शामिल झारखंड के खिलाड़ी काजल कुजूर और त्रिविक्रम रॉय ने अपने-अपने काता स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रौशन किया। चार राउंड चली प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों ने सबसे अधिक अंक लाकर क्वालीफाई किया और स्वर्ण पदक जीतकर देश का परचम लहराया।

**श्री श्याम मंदिर में 74 वें श्री श्याम भंडारे का हुआ भव्य आयोजन**

# बाबा का प्रसाद ग्रहण कर भक्त हुए भाव-विभोर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 74 वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। बाबा श्याम जी के भोग भजन के गायन के साथ मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में भंडारे के यजमानश्री रोहित रंजन प्रसाद प्रियतम रंजन अर्थराज यथार्थराज ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का भोग अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। रोहित रंजन प्रसाद ने प्राकृतिक पंखा डोलाकर खाटू नरेश से भोग स्वीकार करने की प्रार्थना की। भोग लगे प्रसाद को विशाल भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाया गया। यजमान परिवार ने मंदिर के आचार्यों को महाप्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। 74वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद में छोला भटूरा केसरिया जलेबी, सलाद, गाजर का अचार मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की देखरेख में निर्मित किया गया था। भंडारे का वितरण मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी यजमान रोहित रंजन प्रसाद व अन्य ने श्री गणेश जी की जय जयकारों के बीच प्रारंभ किया। श्री श्याम मंदिर भक्तों से अट गया था। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारे लगने लगी लगभग 3600 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, रोहित रंजन प्रसाद, श्याम सुंदर शर्मा, प्रीतम रंजन, गौरव अग्रवाल, मोनू अनिल नारनोली, पप्पू मनोज खेतावत सहित 75 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

### श्री श्याम मन्दिर में कृष्ण पक्ष की कमला एकादशी उत्सव श्रद्धा के साथ आयोजित



अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर दिनांक 12 अगस्त 2024 को श्रावण अधिमास की कृष्ण पक्ष की कमला एकादशी उत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवम भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। पावन श्रावण मास की की एकादशी होने के कारण प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर ताजे एवम खुशबूदार जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब, जरबेरा, गैंदा के फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही तुलसी दल की माला श्री श्याम प्रभु के वक्ष स्थल की शोभा बढ़ा रही थी साथ ही इस अवसर पर मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे पावन ज्योत प्रज्ज्वलित कर भक्तगण कटारब्रध होकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा श्री गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया। रात्रि 12 बजे आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समामापन किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत व विवेक ढांढनीयां का सहयोग रहा।

# चोरी और सीनाजोरी दोनों कर रहा झामुमो : रामकुमार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश प्रभारी रामकुमार पाहन ने कहा कि झामुमो नेता प्रवक्ता चोरी और सीनाजोरी दोनों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन परिवार ने राज्य में गरीब भोले-भाले आदिवासियों की जमीन लूटकर अकूत संपत्ति खड़ा की है। साथ ही पूरे राज्य के खनिज संसाधनों को लूटने की छूट दे दी है। राजकुमार शनिवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ईडी के द्वारा शिकायत मिलने पर जमीन के लूट की जांच चल रही है। ऐसे में झामुमो नेता का बयान लूट उजागर होने की बौखलाहट और बेचैनी है। उन्होंने कहा कि को बातें सामने आ रही उसमें शिबू सोरेन परिवार ने नाम बदल बदल कर बड़े पैमाने पर गरीबों को जमीन लूट ली है लेकिन कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं। सच तो उजागर होकर ही रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता आगामी चुनाव में झामुमो और सत्ताधारी ठगबंधन को पूरा सबक सिखाएगी। प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि झामुमो को धमकी ही देना है तो जरा उन अपराधियों को धमकी दें जो राज्य के उभरते होनहार आदिवासियों की हत्या कर रहे।

**डुमरी में बज गई उपचुनाव की डुगडुगी, झामुमो ने तेज की तैयारी**

# हर हाल में होगी जीत : मनोज पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जगरनाथ महतो के निधन से खाली डुमरी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए पांच सितंबर को मतदान होना है। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंत्री बेबी देवी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) उम्मीदवार के रूप में 17 अगस्त को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। नामांकन के समय 'इंडिया' की पूरी ताकत डुमरी में दिखे, इसकी तैयारी की जा रही है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि डुमरी में कोई लड़ाई ही नहीं है, क्योंकि वह टाइगर जगरनाथ महतो की कर्मभूमि है। झामुमो की जीत में कोई किंतु-परंतु नहीं है। जब आजसू और भाजपा ने मिलकर चुनाव लड़ा, तब भी झामुमो ने उन्हें हराया है। डुमरी झामुमो की परंपरागत सीट है। पांडेय ने कहा यह दिवंगत नेता जगरनाथ महतो की संघर्ष की भूमि है। उन्होंने डुमरी में झारखंड यात्रा और 1932 खतियान की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने दावा किया कि 75,000 पारा शिक्षकों की दुआ भी उम्मीदवार के साथ होगी। शिक्षा मंत्री के रूप में बेबी देवी ने पारा शिक्षकों के लिए अद्वितीय काम किया है। मनोज ने कहा कि डुमरी उपचुनाव में एनडीए के भाजपा और आजसू को न सिर्फ इंडिया की मजबूत ताकत का सामना करना पड़ेगा। बल्कि एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से भी उनका सामना होगा। 17 अगस्त को राज्य की मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, राजद नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित सभी सहयोगी दलों के नेता उपस्थित रहेंगे।

# विश्व हाथी दिवस को लेकर कार्यशाला आयोजित




**रांची।** शनिवार को विश्व हाथी दिवस के अवसर पर वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड द्वारा बीएनआर चाणक्या होटल, रांची में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखंड, कुलवंत सिंह शामिल हुए। कार्यशाला में नंदिनी शैट्टी, वैज्ञानिक एवं कॉरपोरेट के प्रतिनिधियों ने हाथियों का व्यवहार एवं द्वन्द्व प्रबंध को संरक्षण करने हेतु अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर एनके सिंह, भावसे, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास, झारखण्ड, रांची, दीक्षा कुमारी प्रसाद, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कैम्पा, डॉ. पारितोष उपाध्याय, भावसे, मुख्य वन संरक्षक एवं सम्पूर्ण राज्य से अन्य वरीष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, GUMLA**
**(District E-Governance Society)**

**NOTICE INVITING TENDER**

**SUB -** Invitation of Short Term Request for Proposal for Hiring a Technology Vendor for Developing and Maintaining an online Asset and Works Monitoring Register, Accompanying Mobile Application and Installation of QR Codes on 2000 existing Assets.

| Sl No | Information/Subject | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of work | Developing and Maintaining an online Asset and Works Monitoring Register, Accompanying Mobile Application and Installation of QR Codes on 2000 existing Assets |
| 2. | Date of publication of RFP | 12th of August 2023 |
| 3. | EMD to be deposited | Rs. 40,000 /-(Forty Thousand only in form of DD) infavor of "DEGS, Gumla". Note:- Firm registered under MSME Jharkhand exempted for EMD |
| 4. | Last date & Time for BID submission | 22nd August 2023, 1:00 pm |
| 5. | BID submission place | Development Section, Gumla |
| 6. | Date & Time for BID opening | 22nd August 2023, 3:00 pm |
| 7. | Technical Solution Presentation &Evaluation | 22nd August 2023, 3:30 pm onwards |
| 8. | Opening of Financial Bids and finalevaluation | 22nd August 2023, 5:30 pm |
| 9. | BID opening place | New Collectorate, Gumla |
| 10. | Name and office for inviting tender | District E-Governance Society, Gumla |
| 11. | Email | dc-gum@nic.in |

**Note:- For Further Details please visit gumla.nic.in**
PR.NO.304552 Gumla(23-24):D
DEPUTY COMMISSIONER Gumla


**भाजपा की बैठक में तिरंगा यात्रा को सफल बनाने का निर्णय**

**रांची।** जिला भाजपा कार्यालय खूंटी में कार्यकर्ताओं की शनिवार को हुई बैठक में 13 से 15 अगस्त तक होनेवाली तिरंगा यात्रा और घर-घर तिरंगा झंडा लगाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि तिरंगा यात्रा एवं घर-घर तिरंगा झण्डा लगाने के कार्यक्रम को सफल सफल बनाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि कि 13 अगस्त से तिरंगा यात्रा और घर-घर तिरंगा झण्डा लगाने का कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। 14 अगस्त को जिला कार्यालय खूंटी में विभाजन विभीषिका त्रासदी दिवस मनाया जाएगा। साथ ही मौन जुलूस भी निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन से मिले इस कार्य को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता को अपनी भूमिका निभानी होगी।

**डीजीपी ने जारी किया आदेश**

# सीआईडी के पास होगा अपना थाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के पास अब अपना थाना होगा। इस संबंध में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सीआईडी का नया थाना डोरंडा स्थित सीआईडी मुख्यालय में खुलेगा। इस थाने को राज्य स्तरीय थाना घोषित किया जाता है। इस थाना का क्षेत्राधिकार संपूर्ण झारखंड होगा। राज्य के विभिन्न जिलों में दर्ज मामलों को सीआईडी खुद के थाने में दर्ज करके अनुसंधान कर कार्रवाई करेगी। थाना खुलने के बाद सीआईडी को राज्य के किसी आपराधिक मामले में जीरो एफआइआर दर्ज करने का अधिकार होगा। थाना खोलने के लिए काफी दिनों से इस तरह का मामला चल रहा था लेकिन कुछ कारण वश इस पूरी तरह से अमल नहीं हो सका था अब सीआईडी मुख्यालय ने सरकार से थाना खोलने की अनुमति लेने के लिए पुलिस मुख्यालय को एक प्रस्ताव तैयार कर भेजा था। इस प्रस्ताव पर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सहमति दे दी। राज्य में जिस तरह किसी भी मामले में दर्ज केस सीबीआई को ट्रांसफर होने के बाद वह खुद एफआइआर दर्ज कर अनुसंधान करती है, सीआईडी भी उसी तरह अनुसंधान करेगी। सीआईडी थाने में डीएसपी और इंस्पेक्टर स्तर के पुलिसकर्मी को ही प्रभारी बनाया जायेगा। जो अपने कार्यों को अच्छी तरह से निर्वाहन कर सकते हैं। सीआईडी राज्य के किसी जिले में दर्ज केस को पुलिस से टेकओवर करती है। इसके बाद पुलिस द्वारा दर्ज केस और डायरी के आधार पर उसका अनुसंधान करती है। सीआईडी कोई नया केस दर्ज नहीं करती है। क्योंकि, सीआईडी के पास अपना थाना नहीं है। केस को टेकओवर करने का अधिकार सीआइडी के पास पहले से है। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय या गृह विभाग के निर्देश पर सीआईडी किसी केस को पुलिस से टेकओवर कर उसका अनुसंधान करती है। थाना खुलने से पुलिस को काफी सुविधा होगी और लोगों को भी किसी तरह के अनुशंधान में सहुलियत पहुंचेगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस तरह का कार्य होने हम सभी के लिए काफी सुविधा होगी।


**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**अल्पकालीन सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0 16/दिनांक 24.07.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजना "मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना" अंतर्गत लोहरदगा जिले को निम्नलिखित योजनाओं में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप आवेदन आमंत्रित किये जाते हैंः–

| क0 | योजना का नाम | लघु शीर्ष | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | ईकाई लागत (रू0 में) | अनुदान की अधिकतम राशि (रू0 में) | लाभुक का अंशदान | अर्हत्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना | 20 | 1600.00 | 1200.00 | 400.00 | वैसे केज लाभुक जिनके द्वारा केज में मछली पालन किया जा रहा हो एवं अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो। |
| 02 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना | 2 | 160000.00 | ST/SC/WOMEN-128000.00<br>अन्य–112000.00 | शेष लाभुक द्वारा व्यय किया जाएगा। | मत्स्य पालक जिनके पास एक एकड़ जलक्षेत्र का तालाब हो। |
| 03 | उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कार/सम्मान स्वरूप 12 Paddle Wheel Acrator अथवा ऑक्सीजन सिलिन्डर (Accessories सहित) | 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना | 2 | — | 30000.00 | शेष लाभुक द्वारा व्यय किया जाएगा। | मत्स्य कृषक /मत्स्य बीज उत्पादक/केज मत्स्य पालक/हैचरी संचालक के द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों की विवरणी/फोटोग्राफ/विडियो आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। |
| | | 789– अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना | 1 | — | 30000.00 | | |

आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंति तिथिः–26.08.2023

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 304558 (Lohardaga)23-24*D


## पृष्ठ एक के शेष

**दो नामजद नक्सली समेत कई अज्ञात...**

कमांडर छोटेलाल यादव और टूनेश उरांव के खिलाफ नामजद, जबकि कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना में घटना के आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर में आईपीसी की धारा 302, 27 आर्म्स एक्ट लगाई गई है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई और आगे की जांच की जा रही है। इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जेजेएमपी नक्सलियों के बीच हुई इस आपसी भिड़त के बाद पुलिस ने शुक्रवार की शाम सर्च अभियान चलाया। जिसमें मारे गए दोनों नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया गया। शनिवार को दोनों मृतक नक्सलियों के शव का मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से एके-47 के एक दर्जन से अधिक खोखे बरामद किए हैं, जबकि घटनास्थल पर खून के छींटे बिखरे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, पुलिस और सुरक्षा एजेंसी को सूचना है कि इस घटना में एक और नक्सली मारा गया है जिसके शव की तलाश के लिए पुलिस और सुरक्षाबल इलाके में सर्च अभियान चला रहे हैं।

**झारखंड के 44 पुलिसकर्मियों को...**

हवलदार बंधु खड़िया हवलदार अजीत बसरीयार, जय किशोर राम ,एएसआई विपिन रजक, एएसआई रमाकांत उपाध्याय, एएसआई श्याम कुमार,एएसआई श्रीपद कुमार, हवलदार जानिया बिरुवा, हवलदार रमाशंकर यादव, हवलदार जीवन भेंगरा ,हवलदार शंकर दयाल मिश्रा, हवलदार चक्कर साहू ,मोहम्मद रशीद, आरक्षी मुनीर खान और आरक्षी मनोज कुमार दमई शामिल हैं। इसके अलावा वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से आईपीएस ऋषभ कुमार झा, एएसपी अनुराग राज, डीएसपी मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर सुरेश राम, सिपाही रोहित कुमार रजक, हीरालाल ठाकुर, अनिरुद्ध कुमार ओझा, यशवंत महतो से सम्मानित होंगे।

**सिटी एसपी शुभांशु जैन...**

के दो, बिहार के चार पुलिसकर्मी शामिल हैं। इनके अलावा शेष अन्य राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संगठनों के पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया गया है।

**सीट बंटवारे को लेकर...**

उनका दावा हजारीबाग सीट पर सबसे ज्यादा है, जहां से वर्ष 2004 में सीपीआई के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सांसद रह चुके हैं। भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने इस बार हजारीबाग से चुनाव लड़ने की इच्छा जता दी है। इधर जदयू नेताओं और प्रदेश कमेटी की हाल के दिनों में बढ़ी सक्रियता बता रही है कि वह झारखंड में गठबंधन के भीतर अपने लिए लोकसभा की सीट चाहेगी। वह हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह सीट पर दावेदारी के मूड में है। इसके लिए वह राज्य में अपने पुराने जनाधार और जातीय वोट बैंक का हवाला देगी। हालांकि, यह तय माना जा रहा है कि जदयू की दावेदारी का वजन बहुत ज्यादा नहीं होगा। सीटों के बंटवारे में सबसे ज्यादा जिच कांग्रेस और झामुमो के बीच ही होगी। चाईबासा और हजारीबाग - ये दो लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन्हें लेकर इन दोनों पार्टियों के बीच सबसे ज्यादा खींचतान होगी। चाईबासा सीट फिलहाल कांग्रेस के कब्जे में है। वहां से गीता कोड़ा सांसद हैं। इसके बावजूद झामुमो इस सीट पर अभी से दावा कर रहा है। पार्टी की जिला कमेटी ने इस आशय का प्रस्ताव पारित कर सेंट्रल कमिटी को भेजा है। इसके पीछे पार्टी की दलील यह है कि जिले की सभी विधानसभा सीटों में एक को छोड़कर बाकी सीटों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का विधायक है। यानी कांग्रेस की तुलना में यहां झामुमो का ज्यादा बड़ा जनाधार है। कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने झामुमो की इस मांग पर विरोध दर्ज कराया है। हजारीबाग सीट पर पिछली बार कांग्रेस ने उम्मीदवार उतारा था, लेकिन उसे यहां शिकस्त खानी पड़ी थी। इस बार झामुमो यहां भी दावेदारी पेश कर रहा है। वर्ष 2024 में लोकसभा के साथ ही झारखंड में विधानसभा के भी चुनाव होने हैं। ऐसे में यहां लोकसभा सीटों के लिए कोई भी फार्मूला तय करते वक्त विधानसभा की 81 सीटों के बंटवारे पर भी अनिवार्य तौर पर चर्चा होगी और तब आपसी समझौते के तार उलझ सकते हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**
**E-Mail – nrepgumla@gmail.com**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 01R2/2023-24/NREP/EE/GUMLA दिनांक : 11.08.2023

1.कार्य का नाम – गुमला जिला अन्तर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निर्माण।

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | स्वास्थ्य उपकेन्द्रो का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/EE/GUMLA/ 02/ 2023-24 | Chainpur | Keragani | 5550000.00 | पचपन लाख पचास हजार रू0 मात्र | 6 माह |
| 2 | NREP/EE/GUMLA/ 03/ 2023-24 | Dumri | Ratasilli | 5550000.00 | पचपन लाख पचास हजार रू0 मात्र | 6 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 12.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 18.08.2023 अपराह्न 5.00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि 19.08.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड–835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (19.08.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.08.2023 पूर्वाह्न 4.00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, गुमला, झारखण्ड, पिन–835207.
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9472706638.
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. उपरोक्त निविदा में भवन निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग का निबंधन मान्य होगा।
11. निविदादाता को UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
12. Form of Bid एवं Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर निविदा अमान्य समझा जाएगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला

PR 304562 (NREP)23-24*D

NEWS इन ब्रीफ

## गोल्फः पहली बार अदिति-दीक्षा ने हासिल किया कट



**लंदन।** भारतीय महिला गोल्फ में पहली बार देश की 2 खिलाड़ियों ने किसी मेजर टूर्नामेंट में कट हासिल किया जिसमें अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने बैक नाइन में शानदार खेल के बूते वाल्टन हीथ में महिला ओपन के तीसरे दौर में जगह बनाई। अदिति ने बैक नाइन में तीन अंडर और दीक्षा ने दो अंडर का स्कोर बनाकर कट हासिल किया। अदिति (72-69) संयुक्त नौवें स्थान पर चल रही हैं जिससे वह महिला ओपन में अपने सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 22वें स्थान में सुधार करना चाहेंगी। दीक्षा ने मेजर टूर्नामेंट में पहला कट हासिल किया, वह संयुक्त 47वें स्थान पर चल रही हैं। भारतीय गोल्फ में यह दूसरा मौका है जब 2 खिलाड़ियों ने किसी मेजर प्रतियोगिता में कट हासिल किया हो। वर्ष 2012 में जीव मिल्खा सिंह और अनिर्बान लाहिड़ी ने ब्रिटिश ओपन में कट में जगह बनाई थी।

## जेसिका ने मांट्रियल क्वार्टरफाइनल में कोको गॉफ को हराया



**मांट्रियल।** अमरीकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने शुक्रवार को हमवतन और अपनी युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को 6-2, 5-7, 7-5 से हराकर लगातार तीसरे साल नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला और गॉफ की जोड़ी ने शुक्रवार को अपने युगल मैच से हटने का फैसला किया था जिससे जापान की शुको ओयामा और इना शिबाहारा की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गयी थी। पेगुला का सामना अब सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक से होगा।

## ओडिशा एफसी ने राजस्थान यूनाइटेड को 2-1 से हराया

**कोकराझार।** अफाओबा सिंह की दूसरे हाफ में पेनल्टी और चंद्र मोहन मुर्मू के गोल की मदद से ओडिशा एफसी ने शुक्रवार को यहां एसएआई स्टेडियम में 132वें डूरंड कप के ग्रुप एफ मुकाबले में आई-लीग टीम राजस्थान यूनाइटेड एफसी को 2-1 से हरा दिया। मुर्मू द्वारा ओडिशा को बढ़त दिलाने के बाद रिचर्डसन डेनजेल ने राजस्थान के लिए बराबरी का गोल किया। दो मैच पूरे करने के बाद ओडिशा और राजस्थान के तीन-तीन अंक हैं। इंडियन आर्मी एफटी के भी तीन अंक हैं जिससे ग्रुप एफ काफी दिलचस्प हो गया है।

# महिला हॉकी टीम की एशियाई खेलों के अभियान की शुरुआत 27 सितंबर से

**एजेंसी। बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने शनिवार को यहां एसएआई सेंटर में सोमवार (13 अगस्त) से शुरू होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की। यह शिविर 23 सितंबर को शुरू होने वाले प्रतिष्ठित हांगझाऊ एशियाई खेलों से पहले 18 सितंबर को समाप्त होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरूआत करेगी। भारत को कोरिया गणराज्य, मलेशिया, हांगकांग और सिंगापुर के साथ पूल ए में रखा गया है। पिछले महीने बार्सिलोना में स्पैनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में मेजबान स्पेन पर 3-0 की जीत के बाद भारतीय खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ शिविर में प्रवेश करेंगी। कोर ग्रुप में गोलकीपर सविता, रजनी एतिमारपू, बिचू देवी खारीबाम और बंसारी सोलंकी शामिल हैं, जबकि दीप ग्रेस एक्का,



गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी रक्षकों में शामिल हैं। शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी फाल्के और अजमीना कुजूर शामिल हैं।

**कोर-संभावित समूह**

**गोलकीपर :** सविता, रजनी एतिमारपु, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी
**डिफेंडर :** दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी
**मिडफील्डर :** निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर
**फॉरवर्ड :** लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देव, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग।

मुख्य संभावित समूह में फॉरवर्ड की सूची में लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो और ब्यूटी डुंगडुंग भी शामिल हैं। आगामी राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के बारे में बोलते हुए, भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेक शापमैन ने कहा, हमने अपनी हालिया प्रतियोगिताओं में दिखाया है कि हम एक टीम के रूप में विकसित हो रहे हैं और लगातार सीख रहे हैं। आगामी शिविर हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हमें एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों को आंकना है, जो पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए स्थान सुरक्षित करने का हमारा मार्ग हो सकता है। हम शिविर में उन क्षेत्रों पर काम करेंगे जहां हमें अभी भी सुधार करने की आवश्यकता है और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि सभी खिलाड़ी उस तरह की हॉकी खेलने में सहज हों जो हम खेलना चाहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम आने वाली सभी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता से पहले एक ही पृष्ठ पर हों।

# मेसी ने इंटर मियामी को सेमीफाइनल में पहुंचाया

**एजेंसी। वाशिंगटन**

विश्व कप विजेता लियोनल मेसी ने इंटर मियामी के साथ पांच मैचों में अपना आठवां गोल किया, जिससे फ्लोरिडा टीम चार्लोट पर 4-0 से घरेलू जीत के साथ लीग कप सेमीफाइनल में पहुंच गई। जोसेफ मार्टिनेज ने पेनल्टी के साथ मेजबान टीम को आगे कर दिया और फि नलैंड के अंतरराष्ट्रीय विंगर रॉबर्ट टेलर ने शुक्रवार की रात डिएंड्रे येडलिन के क्रॉस के बाद पहले प्रयास में स्वीप करके बढ़त को दोगुना कर दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एडिलसन मलांडा ने इंटर मियामी को अपना तीसरा गोल दिया, जब उन्होंने गेंद को अपने ही जाल में डाल दिया, इससे पहले



अर्जेंटीना के कप्तान मेसी ने समय से चार मिनट पहले छह-यार्ड बॉक्स के किनारे से लियोनार्डो कैम्पाना के क्रॉस को गोल में पहुंचा दिया। फोर्ट लॉडरडेल में डीआरवी पीएनएल स्टेडियम में परिणाम का मतलब है कि इंटर मियामी फाइनल में जगह बनाने के लिए मंगलवार को फिलाडेल्फिया से भिड़ेगा। शुक्रवार को अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में, नैशविले ने मिनेसोटा पर 5-0 से जीत दर्ज की, फिलाडेल्फिया ने क्वेरेटारो पर 1-0 से जीत हासिल की और मॉन्टेरी ने लॉस एंजिल्स एफसी पर 3-2 से जीत हासिल की। लीग्स कप एक वार्षिक प्रतियोगिता है जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के क्लब शामिल होते हैं।

## पुजारा को टेस्ट टीम में वापसी की अब भी उम्मीद



**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि वह राष्ट्रीय टेस्ट टीम में वापसी के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में रन बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। शुक्रवार को पुजारा ने ससेक्स की ओर से खेलते हुए इंग्लैंड वनडे कप में समरसेट के खिलाफ 113 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से नाबाद 117 रन बनाए। उनकी पारी के दम पर ससेक्स ने 11 गेंद शेष रहते 319 रन का पीछा करते हुए चार विकेट से मैच जीत लिया। ससेक्स क्रिकेट के साथ एक साक्षात्कार में, पुजारा ने कहा, देखिए, मैं हमेशा उन चीजों को नियंत्रित करने की कोशिश करता हूं जो मैं कर सकता हूं। मैं जो भी मैच खेलता हूं उसमें हमेशा अधिक से अधिक रन बनाने के बारे में होता है।

## मैराथन क्वार्टर फाइनल में रिबाकिना ने किया प्रवेश

**एजेंसी। मॉन्ट्रियल (कनाडा)।**

नंबर 3 सीड एलेना रिबाकिना ने कैनेडियन ओपन में लगभग साढ़े तीन घंटे तक चले रोमांचक क्वार्टर फाइनल में नंबर 10 सीड डारिया कसात्किना को हरा दिया। नंबर 3 सीड रिबाकिना ने देर रात मैराथन जीत के दौरान नंबर 10 सीड डारिया कसात्किना के खिलाफ एक मैच प्वाइंट बचाकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार देर रात अपने क्वार्टर फाइनल क्लासिक में 3 घंटे और 27 मिनट के खेल के बाद रिबाकिना ने कसात्किना पर 5-7, 7-5, 7-6(8) से जीत हासिल की। मैच शनिवार सुबह तीन बजने से ठीक पांच मिनट पहले समाप्त हुआ। उस दिन जहां पिछले पांच मैचों में से चार तीन-सेट वाले थे जो दो घंटे से अधिक समय तक चले थे, दिन का यह अंतिम मैच अब तक का सबसे लंबा था। यह वर्तमान में इस सीजन के 10 सबसे लंबे मैचों में से एक है। इसके साथ, रिबाकिना ने अब 2023 में अपने सभी चार डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल जीते हैं। उसने इस साल डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में 22 मैच



जीते हैं, जो 2023 में सभी खिलाड़ियों से आगे है। 24 वर्षीय रिबाकिना इस सीजन सर्वाधिक एस मारने में टूर लीडर भी हैं। उन्होंने कसात्किना के खिलाफ सात और एस मारकर साल में अपने एस की संख्या 370 पहुंचा दी। रिबाकिना और कसात्किना दोनों ने करीबी मुकाबले में 10 बार सर्विस तोड़ी, लेकिन यह रिबाकिना ही थीं जो नंबर 15 वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैम्सोनोवा के खिलाफ सेमीफाइनल में पहुंचीं। सैम्सोनोवा ने अपने पिछली दोनों मुकाबले जीते हैं, जिसमें दो साल पहले मॉन्ट्रियल में हुआ मुकाबला भी शामिल है।

### टीम को फाइनल में पहुंचाकर बोले हॉकी कोच फुल्टन

# मैच के दौरान बाहर से कोचिंग नहीं करता

**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने एशियाई चैम्पियंस ट्राफी (एसीटी) के सेमीफाइनल में जापान पर मिली जीत के बाद कहा कि वह मैच के दौरान बाहर से खिलाड़ियों को निर्देश देना पसंद नहीं करते और ट्रेनिंग के दौरान ही खिलाड़ियों ही जानकारी देने को तरजीह देते हैं। भारत ने शनिवार को यहां अंतिम चार में जापान को 5-0 से रौंद दिया और उसका सामना यहां खिताबी भिड़ंत के लिए मलेशिया से होगा।

जापान के खिलाफ बड़ी जीत के बाद फुल्टन ने कहा कि मैं मैच के दौरान बाहर से ज्यादा कोचिंग नहीं देता लेकिन ट्रेनिंग के दौरान काफी कोचिंग देता हूं। क्योंकि ट्रेनिंग के दौरान ही सिखाया जाता



है। हो सकता है कि मैच के दौरान कुछ चीजें बदलनी हों लेकिन इस पर फैसला करना सीनियर खिलाड़ियों का ही काम है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी टीम में फुल्टन द्वारा लाए गए बदलावों की प्रशंसा की। उन्होंने शुक्रवार को मैच के बाद कहा कि प्रत्येक कोच की मानसिकता अलग होती है। हमारे पहले के कोच काफी अच्छे रहे। यहां तक कि वह (फुल्टन) भी काफी अच्छे हैं। प्रत्येक कोच टीम की बेहतरी के बारे में सोचता है। उन्होंने कहा कि वह अच्छा काम कर रहे हैं। हमने अपनी टीम में काफी संरचनात्मक बदलाव किये हैं और इतने कम समय में ये बदलाव लाना हमारे लिए काफी सकारात्मक चीज है। इसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है। हरमनप्रीत ने साथ ही कहा कि फाइनल में सफलता के लिए रक्षात्मक पंक्ति का मजबूत रहना और मौकों को गोल में बदलना अहम होगा।

उन्होंने कहा कि फाइनल में पहुंचना बड़ी उपलब्धि है जो लीग मैचों की तुलना में पूरी तरह अलग होगा। हमारा प्रदर्शन अच्छा था और हम अपनी योजना के अनुसार खेले थे। हमने रणनीति के अनुसार मौके भी बनाए थे।

# दिल्ली के कार्तिकेय गोयल को विश्व कराटे महासंघ वैश्विक रैंकिंग में मिला तीसरा स्थान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पैरा कराटे के क्षेत्र में भारत के उभरते सितारे, कार्तिकेय गोयल, विश्व कराटे महासंघ ( रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। नई दिल्ली के निवासी 20 वर्षीय कार्तिकेय का सफर काफी प्रेरणादायक रहा है। हाल ही में, उन्होंने मलेशिया में दूसरे एशियाई पैरा चैम्पियनशिप 2023 में रजत पदक जीता था, उससे पहले उन्होंने 2022 में उज्बेकिस्तान में एशियाई कराटे चैम्पियनशिप में भी रजत जीता। कार्तिकेय का जन्म इंजीनियरों के परिवार में हुआ था, लेकिन चार वर्ष की उम्र में उन्होंने सीवियर मेनिंजाइटिस के कारण सुनने और देखने की क्षमता खो दी।



लेकिन ऐसी चुनौतियों ने उन्हें मजबूत बनाया। उनकी वैश्विक मंच पर प्राप्त उपलब्धियों की सूची लंबी है। उन्होंने 2022 में नेवाडा, अमेरिका में आयोजित यूएस ओपन और जूनियर इंटरनेशनल कप कराटे चैम्पियनशिप में पारा श्रेणी में प्रतिस्पर्धा की थी जहां उन्होंने 2 स्वर्ण और 1 रजत जीता। विश्व कराटे महासंघ वैश्विक रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुँच चुके कार्तिकेय को उम्मीद है कि वह आगामी पैरा ओलंपिक्स और विश्व कराटे चैम्पियनशिप में भारत के तरफ से भाग लेंगे । उन्होंने कहा कि सरकार से अधिक सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए ताकि वह वैश्विक मंच पर अधिक प्रदर्शन कर सकें। कार्तिकेय अपने माता-पिता और कोच की ओर से प्राप्त समर्थन के लिए उनका असीम आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने उन्हें उनकी सफलता में पूर्ण समर्थन दिया। कार्तिकेय गोयल सिर्फ एक कराटे चैम्पियन नहीं हैं, वह जीवन में आने वाली चुनौतियों के बावजूद संकल्पना, जज्बा और कठिनाई से क्या प्राप्त किया जा सकता है, उसका प्रतीक हैं। सिर्फ कार्तिकेय नहीं दिल्ली के और भी कराटे खिलाड़ी है जो देश का नाम रौशन कर रहे हैं जैसे अनिकेत गुप्ता (कप्तान ऑफ इंडियन & दिल्ली कराटे टीम), दीपिका धीमान, प्रणय शर्मा, अख्तर, नविन भिंडिया और बासु खरे भी राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। सभी खिलाड़ियों ने 19वीं एशियन सीनियर कराटे चैम्पियनशिप 2023 में भाग लिया और अपना-अपना स्थान प्राप्त किया। अनिकेत ने अमीरात स्पोर्ट्स कराटे ओपन में कांस्य पदक जीता।

टूर्नामेंट

### एशिया कप के लिए बांग्लादेश की टीम घोषित

# तंजीद तमीम-शमीम पटोवारी का चयन

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश ने शनिवार को आगामी एशिया कप 2023 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम में अनकैप्ड ओपनर तंजीद तमीम और युवा बल्लेबाज शमीम पटोवारी को पहली बार शामिल किया गया है। स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन, जिन्हें पिछले सप्ताह तमीम इकबाल के पद से हटने के बाद शुक्रवार को बांग्लादेश का नया कप्तान नियुक्त किया गया था, 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के दौरान टीम का नेतृत्व करेंगे। इमर्जिंग एशिया कप में तीन अर्धशतक बनाने वाले 22 वर्षीय तंजीद को उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है और वह तमीम की अनुपस्थिति में बांग्लादेश के लिए पारी की शुरूआत कर सकते हैं। इस बीच, शमीम, जिन्होंने जुलाई 2021 में अपने पदार्पण के बाद से टी20 अंतरराष्ट्रीय में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, को अब 50 ओवर के प्रारूप में अपने कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।



मार्च 2021 से वनडे सेट-अप से बाहर रहने के बाद ऑलराउंडर महेदी हसन की वापसी हुई है। अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह ताइजुल इस्लाम और रोनी तालुकदार को टीम से बाहर कर दिया गया है, जो पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला का हिस्सा थे। हालाँकि, तैजुल को सैफ हसन और तंजीम हसन साकिब के साथ स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में नामित किया गया है।

एशिया कप में बांग्लादेश अपना पहला मैच 31 अगस्त को पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा।

**एशिया कप के लिए बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है:** शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, तंजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, महेदी हसन, नसुम अहमद, शमीम पटोवारी, अफीफ हुसैन, शोरफुल इस्लाम, एबादोत हुसैन, मोहम्मद नईम।

**स्टैंडबायः** तैजुल इस्लाम, सैफ हसन, तंजीम हसन साकिब।

## मुकेश कुमार की विचार प्रक्रिया और दृष्टिकोण शानदार है : पारस म्हाम्ब्रे

**लॉडरहिल।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि वह वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे पर तेज गेंदबाज मुकेश कुमार द्वारा दिखाई गई विचार प्रक्रिया और दृष्टिकोण से प्रभावित हैं। म्हाम्ब्रे ने कहा कि उन्होंने खेल के तीनों प्रारूपों में भारत की सेवा करने का संकल्प दिखाया है। घरेलू क्रिकेट में बंगाल के लिए खेलने वाले मुकेश ने पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल में अपना टेस्ट डेब्यू किया। एक हफ्ते बाद, उन्होंने ब्रिजटाउन, बारबाडोस में अपना वनडे डेब्यू किया और पांच दिन पहले, उन्होंने त्रिनिदाद के तारौबा में टी20 प्रारूप में डेब्यू किया। वेस्टइंडीज दौरे पर मुकेश ने अब तक आठ विकेट चटकाए हैं। म्हाम्ब्रे ने कहा, मैं उसकी (मुकेश की) प्रगति से बेहद खुश हूं। बहुत से लोगों को एक दौरे पर तीनों प्रारूप खेलने का मौका नहीं मिलता है। शायद वह दूसरा है और ऐसा करना शानदार है। उनकी विचार प्रक्रिया और दृष्टिकोण शानदार है। वह ऐसा व्यक्ति है जो यहां आया है, कठिन विरोधियों और विकेटों के खिलाफ खेला है। उन्होंने जो किरदार दिखाया है उससे मैं खुश हूं। हमें उसके कार्यभार के प्रति होशियार रहना होगा। वह एक युवा है, उसने काफी घरेलू क्रिकेट खेला है और वहां से उसे गुणवत्तापूर्ण कौशल मिला है।" उन्होंने आगे खुलासा किया कि युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल और तिलक वर्मा जल्द ही गेंद से कमाल दिखाएंगे।

